राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 कंपनी सचिवों को कॉरपोरेट संचालन पर नए सिरे से प्रतिबद्ध होने की ...

शिंदे अगले विधानसभा चुनाव तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे देवेंद्र ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 146 | पटना, शुक्रवार , 06 अक्टूबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

भाजपा का विरोध करते-करते भारत का विरोध करने लगी कांग्रेस : मोदी

प्रात : किरण

जोधपुर/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विरोध करते हुए भारत का ही विरोध करने लगी है। मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है लेकिन कांग्रेस को इससे दिक्कत हो रही है।

इसके साथ ही मोदी ने पेपर लीक, महिलाओं पर अत्याचार तथा लाल डायरी जैसे मुद्दों को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार व दंगों के मामलों में राजस्थान को देश में टॉप पर पहुंचा दिया है। मोदी जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा,कांग्रेस के साथ एक दिक्कत हो गई है कि वह भाजपा का विरोध करते-करते भारत का विरोध करने लग गई है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, उसकी वाह-वाह हो रही है लेकिन कांग्रेस को इसमें दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका से लेकर सिंगापुर व जापान तक में भारत का डंका बज रहा है लेकिन कांग्रेस वालों को यह अच्छा नहीं लगता। उनको दुख होता है।

मोदी ने कहा,भाजपा सरकार ने भारत को दसवें नंबर से पांचवें नंबर की आर्थिक ताकत बना दिया है लेकिन कांग्रेस को इससे भी परेशानी है। लेकिन यह मोदी की गारंटी है,

देख लेना कुछ ही वर्षों में मोदी देश को दसवें नंबर से पहले तीन में पहुंचाकर रहेगा। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार व दंगों के मामलों में राजस्थान को देश में टॉप पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा, केंद्र की भाजपा की सरकार अपनी तरफ से राजस्थान के विकास के लिये हर कोशिश कर रही है लेकिन यहां की स्थिति देखकर बहुत दुख होता है। पांच साल में कांग्रेस के कुशासन ने क्या हाल कर दिया.. कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और दंगों के मामले में राजस्थान को देश में टॉप पर पहुंचा दिया। महिलाओं और दलितों के विरूद्ध अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर एक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि पांच साल में यहां की कांग्रेस सरकार एक कदम भी नहीं चली बल्कि यहां चौबीसों घंटे कुर्सी का ही खेल चलता रहा। कथित लाल डायरी का जिक्र करते हुए मोदी ने जनता से सवालिया अंदाज में कहा,लोग कहते हैं कि लाल डायरी में कांग्रेस के करप्शन की हर काली करतूत है। लाल डायरी के काले राज खुलने चाहिए कि नहीं खुलने चाहिए? सब खुलकर बाहर आना चाहिए कि नहीं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार को राजस्थान के हित से ज्यादा अपना वोट बैंक प्यारा है। कांग्रेस को राजस्थान की महिलाओं की किसी तकलीफ से कोई लेना देना नहीं। उन्होंने जनता से कहा, आप याद रखियेगा भाजपा आयेगी राजस्थान में रोजगार लायेगी। भाजपा आएगी राजस्थान पेपर माफिया को मिटायेगी। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि भाजपा का संकल्प राजस्थान को पर्यटन में नंबर वन राज्य बनाने का है और इसके लिए हम राजस्थान के कोने-कोने में विकास को पहुंचा कर रहेंगे। मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश का मिजाज सर्वश्रेष्ठ करने का, सबसे बेहतर करने का बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत जिस स्केल पर काम कर रहा है उसकी पहले कोई कल्पना ही नहीं कर सकता था। भारत ने अपना चंद्रयान चंद्रमा के उस हिस्से पर उतारा है जहां पहले कोई नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय संकल्पों से खुद को जोड़ने की अभिलाषा हम भारतीयों को हर लक्ष्य तक लेकर जाएगी। हम आत्मनिर्भर बनने के लिए, विकसित बनने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। ह्यवोकल फोर लोकल भी आज हर देशवासी की जीवन शैली का हिस्सा बन गया है। जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य नेता मौजूद थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अन्य कार्यक्रम में राजस्थान में लगभग 5,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

संक्षिप्त खबरें

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक नौ अक्टूबर को

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति की अगली बैठक आगामी नौ अक्टूबर को यहां होगी जिसमें पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से जुड़े मुद्दों, जाति जनगणना और कुछ अन्य विषयों पर चर्चा हो सकती है। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कार्य समिति की बैठक में इस साल के आखिर में प्रस्तावित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों की तैयारियों, देश के मौजूदा राजनीतिक हालात, जाति जनगणना, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और कुछ अन्य राजनीतिक एवं आर्थिक मुद्दों पर चर्चा संभव है। कार्य समिति, कांग्रेस की सबसे बड़ी नीति निर्धारक इकाई है। कांग्रेस कार्य समिति की पिछली बैठक 16 और 17 सितंबर को हैदराबाद में हुई थी। उस बैठक में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की पहल को वैचारिक एवं चुनावी सफलता दिलाने का संकल्प लिया था। पार्टी ने कहा था कि वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि देश विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति से मुक्त हो तथा लोगों को एक पारदर्शी, जवाबदेह एवं जिम्मेदार केंद्र सरकार मिले।

राकांपा चुनाव चिह्न मामला: निर्वाचन आयोग आज दोनों गुटों का पक्ष सुनेगा

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में दो फाड़ होने की बात स्वीकार करते हुए पार्टी के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को शुक्रवार को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने राकांपा नेता शरद पवार के खिलाफ विद्रोह कर दिया था और पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर दावा करते हुए निर्वाचन आयोग का रुख किया था। राकांपा का चुनाव चिह्न घड़ी है। आयोग के एक अधिकारी ने चुनाव चिह्न (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध संपूर्ण जानकारी पर उचित विचार-विमर्श करने के बाद आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि राकांपा में दो प्रतिद्वंद्वी समूह हैं जिनमें से एक का नेतृत्व शरद पवार और दूसरे का नेतृत्व अजित पवार के पास है। अधिकारी के अनुसार, दोनों समूह असली राकांपा होने का दावा कर रहे हैं, इसलिए इस मामले में आयोग द्वारा ठोस तरीके से निर्धारण करने की आवश्यकता है।

निशिकांत दुबे गृह मामलों की स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत

नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को गृह मामलों की स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया है। निशिकांत दुबे को समिति में सदस्य के तौर पर शामिल भाजपा सांसद किरण खेर की जगह पर मनोनीत किया गया है। लोकसभा बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। लोकसभा सचिवालय द्वारा आज, 5 अक्टूबर को जारी किए गए बुलेटिन के अनुसार, लोकसभा स्पीकर ने डॉ. निशिकांत दुबे को किरण खेर की जगह पर गृह मामलों की स्थायी समिति में मनोनीत किया है। आपको बता दें कि, गृह मामलों के विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति राज्यसभा की है और भाजपा राज्यसभा सांसद बृजलाल इस समिति के अध्यक्ष हैं। समिति में भाजपा के अलावा कांग्रेस, डीएमके, बीजू जनता दल, तृणमूल कांग्रेस, जेडीयू, वाईएसआर कांग्रेस और शिवसेना के सांसद भी शामिल हैं।

परिवारवाद वाली पार्टियों का खात्मा तय : नड्डा

बोलें- अब बिहार में भाजपा दूसरे को अपने कंधे पर नहीं बिठाएगी

प्रात : किरण

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला है। श्री नड्डा ने कहा कि परिवारवाद वाली पार्टियों का खात्मा तय है। परिवारवाद से देश को काफी नुकसान हो रहा है। बीजेपी परिवारवाद से लड़ रही है। इंडिया गठबंधन सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ाएगा और बीजेपी देश और समाज के लिए काम करता रहेगा। श्री नड्डा गुरूवार को बिहार बीजेपी के भीष्म पितामह कैलाशपति मिश्रा की 100 वीं जयंती पर प्रदेश भाजपा की ओर से पटना के बापू सभागार में आयोजित समारोह में

अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कैलाशपति मिश्रा को जेपी नड्डा समेत तमाम बीजेपी नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जेपी नड्डा ने बीजेपी कार्यकताओं को मंच से संबोधित किया। जेपी नड्डा ने मंच से कहा कि बीजेपी देश की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी है। इंडिया अलाइंस परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण पर खड़ी है। विपक्ष तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा है। उन्होंने इस दौरान राजद सुप्रीमों पर हमला बोलते हुए कहा कि एक समय था जब लालू यादव गांधी परिवार के विरोधी थे लेकिन आज वे गांधी परिवार के साथ हैं। लालू ने सत्ता हासिल करने के लिए समझौता कर लिया। ये सभी भ्रष्टाचार से जुड़े लोग है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर उन्होंने कहा कि नीतीश आज जेपी के विरोधियों के साथ खड़े हो गये हैं। नीतीश की राजनीतिक विचारधारा आज कहां पहुंच गयी सब देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू के बाद राबड़ी देवी फिर तेजस्वी यादव, मीसा भारती ये सभी परिवारवादी और भ्रष्टाचार से जुड़े हुए लोग हैं। अभी कल ही तो भ्रष्टाचार केस में बेल कराके दिल्ली से आए हैं। न सिर्फ बिहार बल्कि उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव हैं, उनकी पत्नी डिंपल यादव, बंगाल में ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक

बनर्जी हैं। अन्य राज्यों में भी परिवारवादी पार्टियां हैं जो सिर्फ परिवार के लिए काम करती है।

जेपी नड्डा ने इस दौरान ऐलान किया कि अब बिहार में दूसरे को कंधे पर बिठाना छोड़ दें। जेपी नड्डा की बातों पर सम्राट चौधरी ने सहमति जतायी। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम दूसरे को कंधे पर अब बैठाना छोड़ देंगे। अपने कंधे को मजबूत करने का समय आ गया है। वहीं, कैलाशपति मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कैलाशपति मिश्र बिहार बीजेपी के भीष्म पितामह थे। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक भी थे। संगठन के विस्तार के लिए उन्होंने काम किये। वे पार्टी के प्रथम पीढ़ी के नेता थे। उन्होंने अपने आप को पार्टी के लिए समर्पित किया था। कैलाशपति मिश्र का नाम जब राज्यसभा के लिए तय हुआ तब उन्होंने कहा था कि मुझे संगठन में रहने दीजिए हमें दलितों को आगे बढ़ाना है कामेश्वर पासवान को राज्यसभा में भेजिये। इस तरह की बात उन्होंने कही थी। यह वातावरण सिर्फ हमारी पार्टी में ही हो सकता है और कही नहीं हो सकता है। इनसे हम सभी को प्रेरणा मिलती है। कैलाशपति मिश्र का पार्टी में महत्वपूर्ण योगदान था। बीजेपी के लिए उन्होंने अपना सारा जीवन लगा दिया। कैलाश जी अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने दलितों और समाज के सभी वर्गों को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्ही के बताये रास्ते पर हम सब चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल यूपीए की सरकार में नारी सशक्तिकरण बिल संसद में पड़ा रहा। किसी ने कोई सुध नहीं ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 दिन के अंदर नारी शक्ति वंदन बिल लाया। जाति आधारित गणना पर तंज कसते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि आजकल बैकवर्ड-बैकवर्ड की बहुत चर्चा हो रही है, लेकिन मैं आपको बता दूं कि भाजपा ने सबसे ज्यादा ओबीसी वर्ग के हित में काम किया है।

पटना पहुंचने पर जेपी नड्डा का जोरदार स्वागत: पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार दोपहर पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, विरोधी दल के नेता हरी साहनी, सांसद रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह, राज्यसभा सांसद सुशील मोदी, सांसद राजीव प्रताप रूडी, सांसद जनार्दन सिंह शिग्रीवाल, केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे समेत अन्य भाजपा नेताओं ने नड्डा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट से बापू सभागार तक 11 जगहों पर पार्टी कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्य रूप से शेखपुरा मोड़, राजवंशी नगर मोड़, इनकम टैक्स चौराहा, पटना वूमेंसकॉलेज, डाकबंगला चौराहा पर नड्डा का जोरदार स्वागत किया गया।

लोस और विस दोनों में खिलेगा कमल : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी भारी वोट से जीत हासिल करेगी। जिसके बाद 2025 में विशुद्ध भाजपा की सरकार बनेगी। लोकसभा और विधानसभा दोनों में हर हाल में कमल खिलेगा। दरभंगा एम्स को लेकर उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार के पास पैसा रखा हुआ है। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। वही उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ओबीसी को आगे बढ़ाने का काम किया है। पीएम मोदी गरीबों का ध्यान रखतें है सभी वर्गो के लिए काम करते हैं। तीन दिन के अंदर उन्होंने महिला आरक्षण बिल को पास कराया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बीजेपी ने पिछड़ों, अतिपिछड़ों और दलित को सम्मान दिया है। लालू ने अपने 15 साल के राज में किसी को आरक्षण नहीं दिया। लालू ने राबड़ी, तेजस्वी ,तेजप्रताप और मीसा भारती को सिर्फ आरक्षण दिया।

नवंबर में बिहार के मुजफ्फरपुर में अमित शाह का होगा दौरा

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। भाजपा मिशन 2024 के तहत बिहार पर खासा ध्यान दे रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिहार की राजधानी पटना पहुंचे हैं। अब सूचना मिल रही है कि नवंबर में गृह मंत्री अमित शाह बिहार आयेंगे। हालांकि, उनके आगमन की तारीख और स्थान को लेकर अभी निर्णय नहीं हो सका है लेकिन भाजपा ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। भाजपा नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार तक सभा स्थल का चुनाव कर लिया जाएगा। इसके बाद जल्द ही शाह के दौरे की तारीख फाइनल की जाएगी। मुजफ्फरपुर में शाह की जनसभा के लिए पताही हवाई अड्डा, पुलिस लाइन समेत कई जगहों के विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बिहार में भाजपा के सत्ता से बेदखल होने के बाद से ही अमित शाह लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। एक साल के भीतर अमित शाह सातवीं बार बिहार आएंगे। बीते 16 सितंबर को ही अमित शाह मधुबनी के झंझारपुर आये थे।

आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार देश से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि देश द्वारा अपनाई गई आतंकवाद के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण है। गृह मंत्री ने यह बात राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा आयोजित आतंकवाद विरोधी सम्मेलन से पहले कही जिसका वह यहां उद्घाटन करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार हमारे देश से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में एनआईए द्वारा आयोजित तीसरे आतंकवाद विरोधी सम्मेलन का उद्घाटन करूंगा और हमारे देश द्वारा अपनाई गई आतंकवाद के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति के पीछे मोदी जी के दृष्टिकोण को स्पष्ट करूंगा।

सिक्किम में अचानक आयी बाढ़ से 14 लोगों की मौत, 102 लापता

प्रात : किरण

गंगटोक/एजेंसी। उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने के कारण 14 लोगों की मौत हो गई और 23 सैन्यकर्मियों समेत 102 लोग लापता हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) ने बुलेटिन में बताया कि बुधवार को आई आपदा के बाद से अब तक 2,011 लोगों को बचाया गया है जबकि 22,034 लोग इससे प्रभावित हुए हैं। इसमें बताया गया कि राज्य सरकार ने आपदा से प्रभावित चार जिलों में 26 राहत शिविर स्थापित किए हैं।

गंगटोक जिले के आठ राहत शिविरों में कुल 1,025 लोगों ने शरण ली है जबकि 18 अन्य राहत शिविरों में रह रहे लोगों के आंकड़ें अभी उपलब्ध नहीं हुए हैं। उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील में बादल फटने

से तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण भारी मात्रा में जल जमा हो गया जो चुंगथांग बांध की ओर बह निकला। जल के तेज बहाव ने बिजली संयंत्र के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया और निचले इलाकों में बसे शहरों और गांवों में बाढ़ आ गई। बाढ़ से राज्य में 11 पुल बह गए जिसमें अकेले मंगन जिले के आठ पुल भी शामिल हैं। वहीं, नामचि में दो और गंगटोक में एक पुल बह गया। राज्य के चार प्रभावित जिलों में पानी की पाइपलाइन, सीवर लाइनें और कच्चे एवं पक्के 277 घर क्षतिग्रस्त हो गए। चुंगथांग शहर में बाढ़ से सबसे अधिक नुकसान हुआ है जिसमें इसका 80 प्रतिशत हिस्सा बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। राज्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण राजमार्ग संख्या-10 के कई हिस्सों को भी क्षति पहुंची है। एसएसडीएमए के अनुसार, पाकयोंग जिले में सात लोगों की मौत हुई है जबकि मंगन में चार और गंगटोक में तीन लोगों ने अपनी जान गंवा दी। आपदा में लापता 102 लोगों में से 59 लोग पाकयोंग से हैं जिसमें सैन्यकर्मी भी शामिल हैं। वहीं, गंगटोक से 22, मंगन से 16 और नामचि से पांच लोग लापता हैं। एसएसडीएमए ने बताया कि इस दौरान कुल 26 लोग घायल हुए हैं। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) चुंगथांग और मंगन में बचाव कार्यों में राज्य की मदद कर रहा है जहां चार महत्वपूर्ण पुल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा,बीआरओ ने भारी बारिश और बेहद खराब मौसम के बीच 200 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। प्रवक्ता ने कहा,लापता सैन्यकर्मियों के लिए राहत एवं बचाव अभियान जारी हैं। मंगन जिले में इस आपदा से लगभग 10,000 लोग प्रभावित हुए हैं जबकि पाकयोंग में 6,895, नामचि में 2,579 और गंगटोक में 2,570 लोग प्रभावित हुए हैं।

सेंसर बोर्ड पर रिश्वत के आरोपों की जांच करेगी सीबीआई

नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अभिनेता विशाल द्वारा लगाए गए आरोपों पर तीन लोगों और केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के एक अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। विशाल ने आरोप लगाया था कि उन्हें उनकी फिल्म मार्क एंटनी के लिए प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए 6.5 लाख रुपये का भुगतान करना पड़ा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्राथमिकी में नामित आरोपी व्यक्तियों के परिसर सहित मुंबई में चार स्थानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई हुई है। सीबीआई ने मर्लिन मेनगा, जीजा रामदास, राजन एम. और सीबीएफसी के एक अज्ञात लोक सेवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया, यह आरोप लगाया गया है कि एक फिल्म को हिंदी में डब करने के लिए सितंबर 2023 के दौरान एक व्यक्ति ने अन्य लोगों के साथ मिलकर मुंबई सीबीएफसी से सेंसर प्रमाण पत्र दिलाने के नाम पर सात लाख रुपये रिश्वत की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि आरोप लगाया गया कि उक्त साजिश को अंजाम देने के लिए आरोपी ने शुरू में सीबीएफसी मुंबई के अधिकारियों की ओर से रिश्वत की मांग की थी।

अभियान रक्षा मंत्री ने अफीम की अवैध खेती नष्ट करने के लिए वायु सेना को दिए निर्देश

वायु सेना मणिपुर में हवाई अभियान चलाकर नष्ट करेगी अफीम के अवैध बागान

मणिपुर में अफीम की अवैध खेती को माना गया मौजूदा जातीय हिंसा का कारण

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायु सेना को मणिपुर में अफीम की फसल कटाई से पहले हवाई अभियान चलाकर अवैध बागानों को ह्यनष्टह्न करने का निर्देश दिया है। राज्य में अफीम की अवैध खेती को हिंसा का मुख्य कारण मानते हुए इस समय म्यांमार की सीमा से लगे मणिपुर के दक्षिणी हिस्सों में अक्टूबर के अंत तक कई एकड़ में अफीम के अवैध पौधों को नष्ट करने का अभियान चलाया जा रहा है। दूर-दराज के इलाकों में रसायनों का छिड़काव करने के लिए ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। दरअसल, मणिपुर 1,640 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा का 400 किलोमीटर हिस्सा साझा करता है। इस 400 किलोमीटर लंबी सीमा के केवल 10 प्रतिशत हिस्से पर ही बाड़ लगाई गई है, जिससे यह ह्यगोल्डन ट्राईएंगलह्न म्यांमार, लाओस और थाईलैंड के त्रि-जंक्शन से पूर्वोत्तर भारत में मादक पदार्थों की तस्करी के लिए रास्ता खुला है। इस सीमा क्षेत्र में पिछले कई महीने से चल रही जातीय हिंसा का सीधा संबंध अफीम की खेती और मादक पदार्थों की तस्करी से है।

मणिपुर में मौजूदा संकट का तात्कालिक कारण राज्य के बहुसंख्यक मैतेई समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की वजह से पहाड़ियों में बसी कुकी जनजाति का विरोध था। इस हिंसा के अन्य कारणों में पहाड़ी जनजातियों की आजीविका का नुकसान भी शामिल है, जो दशकों से अफीम की खेती पर ही निर्भर हैं। जातीय झड़पों से प्रभावित क्षेत्रों में से एक सीमावर्ती चुराचांदपुर शहर है, जहां 3 मई को हिंसा शुरू हुई थी। चुराचांदपुर से लगभग 60 किमी दूर म्यांमार के चिन राज्य के उत्तरी हिस्से में अफीम की खेती व्यापक पैमाने पर होती है। मणिपुर की विशेष एंटी-ड्रग्स यूनिट नारकोटिक्स एंड अफेयर्स ऑफ बॉर्डर (एनएबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकार ने 2017 से 2023 तक 18,664 एकड़ अफीम बागानों को नष्ट किया है।

2017-2022 में पांच साल के दौरान लगभग 14,359.4 एकड़ अफीम की खेती नष्ट की गई थी। इसी तरह 2022-23 में अब तक 4305 एकड़ अफीम की खेती नष्ट की जा चुकी है। अकेले 2022 में 3517.8 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया जा चुका है। इस वर्ष मार्च तक 787.3 एकड़ अवैध अफीम की खेती नष्ट की गई। 2020 से अब तक 16 ग्राम प्रधानों, 62 अवैध अफीम की खेती करने वालों और 2

निवेशकों सहित 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अफीम की खेती का सर्वेक्षण करने और उसे नष्ट करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और नारकोटिक्स एंड अफेयर्स ऑफ बॉर्डर (एनएबी) की एक संयुक्त समिति का गठन किया है। राज्य में ड्रग्स के खिलाफ युद्ध स्तर के अभियान को मजबूत करने के मकसद से दूर-दराज के उन इलाकों में रसायनों का छिड़काव करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है, जहां अधिकारियों की पहुंच आसान नहीं हो सकती है। अफीम की अवैध खेती नष्ट करने के लिए राज्य सरकार ने वायुसेना से भी सहयोग मांगा था, जिस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निर्देश दिए हैं।

मणिपुर में नए सिरे से हिंसा, इंफाल में दो घरों में आग लगाई

इंफाल। मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में फिर हिंसा भड़क उठी जहां कम से कम दो घरों में आग लगा दी गई और कई राउंड गोलीबारी हुई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू कीथेलमनबी की है। उन्होंने बताया कि हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गए, जिसके बाद से इलाके में तनाव है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद इलाके में इकट्ठा हुई मेइती समुदाय की महिलाओं को सुरक्षा बलों ने आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात कर दिया गया है और स्थिति नियंत्रण में है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद तीन मई को जातीय हिंसा भड़क गई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

संक्षिप्त खबरें

बादल फटने से शहीद हुए वीर सैनिकों के लिए कैंडल मार्च निकली गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत कैन्ट के सैनिक चौक पर सिक्किम के लामतंग में बादल फटने से शहीद हुए वीर सैनिकों को पूर्व सैनिकों के द्वारा कैंडल मार्च निकाल कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सैनिकों में ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार, अरुण फौजी, महेंद्र सिंह, आर डी सिंह, उपेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदी ने कहा कि सेना के वीर सपूतों को बाहरी दुश्मनों से ही नहीं प्राकृतिक आपदाताओं से भी क्षति होता है जवानों को अपने प्राणों की आहूति देना पड़ता है। सेना के जवान को हमेसा खतरों का सामना करना पड़ता है। इस श्रद्धांजली सभा मे मुख्य रूप से पूर्व सैनिक बी. एन. सिंह, आर.डी. सिंह, ललन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रेम कुमार, धुरेनर कुमार, वीर नारीयों में मिता देवी, बिद्या देवी एवं अन्य पूर्व सैनिक शामिल हुए।

प्लेटफॉर्म से अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत आरपीएफ के द्वारा रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर वन ए के अंतिम पश्चिमी छोर पर एक पिट्ठू बैग से अंग्रेजी शराब ब्लेंडर प्राइस 6 बोतल लावारिस अवस्था में बरामद किया गया जीआरपी थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया की लावारिस अवस्था में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर ली गई है।

मारपीट व फायरिंग में पिस्टल के साथ गिरफ्तार

पटना सिटी। चौक थाना की पुलिस ने मारपीट की सूचना पर बख्शी मैदान मोहल्ला में गई। यहां आपसी विवाद में चार-पांच नाबालिग के बीच जमकर मारपीट हो रही थी। इस दौरान इन्हीं में से एक ने पिस्टल निकाल कर फायरिंग भी कर दिया था। स्थानीय लोगों ने मारपीट और गोलीबारी किए जाने की सूचना चौक थाना की पुलिस को दी। चौक थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस को देख दो-तीन भागने लगा। एक नाबालिग को खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़ा गया नाबालिग के शरीर की तलाशी पुलिस ने ली, तो एक देसी पिस्तौल, एक खोखा और एक मोबाइल बरामद किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है। मारपीट की घटना में शामिल अन्य को भी पुलिस तलाश रही है। सभी घर से फरार हैं।

तेजस्वी पर आरोप लगने के बाद क्या फिर राजद से नाता तोड़ेंगे नीतीश : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'करप्शन पर जीरो टॉलरेंस' की बात करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से कब इस्तीफा ले रहे हैं या तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा नहीं देने पर खुद कब इस्तीफा दे देंगे ? मुख्यमंत्री से इस सवाल का जवाब बिहार की जनता जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव सहित लालू परिवार की पेशी बुधवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में हुई। इसी मामले में तेजस्वी का नाम आने पर मुख्यमंत्री ने 2017 में राजद से नाता तोड़ कर भाजपा के साथ सरकार बना ली थी। इस बार मुख्यमंत्री क्या करने वाले हैं, इस पर बिहार की जनता की नजर है। जनता जानना चाहती है कि क्या नीतीश कुमार की नीतियां सिर्फ कहने के लिए हैं, जबकि वास्तविकता कुछ और है। श्री मिश्र ने कहा कि महात्मा गांधी ने सात पाप बताए थे, जिसमें एक पाप बिना सिद्धांत की राजनीति करना भी है। श्री कुमार बताएं कि कभी इस पार्टी के साथ, तो कभी उस पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाना किस विचारधारा की राजनीति है ? क्या यह राजनीतिक पाप नहीं है ?

जादूगर डी के भारत शनिवार से अपनी कला का जादू बिखेरेंगे

दानापुर। नगर के अंतर्गत दानापुर कैंट रोड में जादूगर डी के भारत शनिवार से अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। भारत ने बताया कि जिसे आंखों से देखा जाए, पर दिमाग समक्ष नहीं पाए, उसे ही जादू कहते हैं। जादू के जरिए समाजिक कुरीतियों को लेकर कटाक्ष भी किया जाता है। दानापुर वासी पहली बार हवा में नाचती हुई घड़ी, डायनासोर का हंगामा, लड़की का सर कहीं, धर कही और पैर कही समेत अन्य नई जादू देखने को मिलेंगे। प्रबंधक ओम सिंह ने बताया कि उनकी तीन पीढ़ी जादू के क्षेत्र में अपना डंका बजा चूके है। दानापुर में डीके भारत का शो पहली बार किया जा रहा है।

मंत्री तेज प्रताप पहुंचे दशमेश पिता की शरण में

बोले राजनीति पर बात नहीं, पिता, देश-प्रदेश हर के खुशहाली को अरदास

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छोटे से कभी पिता जी के साथ तो कभी खुद यहां बराबर आया करते थे। गुरुवार को भी मन किया, तो गुरु जी के बुलावा पर वे चले आए। उन्होंने अपने पिता, परिवार, देश-प्रदेश के लोगों, कमेटी के लोगों सभी की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया है। यह बात वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप ने मीडिया से बात करते हुए कही। दरअसल श्री तेज तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में दर्शन-दीदार को पहुंचे थे। यहां उनके आने पर स्वागत प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह, बलवीर सिंह कालरा, सतनाम सिंह, तेजेंद्र सिंह बंटी, बलराम सिंह, देवेंद्र सिंह आदि ने किया। यहां आने के बाद वह वीआईपी लॉउंज में गए। यहां से फिर वह सीधे दरबार साहिब में गए। वहां गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाया। कुएं के जल को छका। गर्भगृह का दर्शन करने के बाद मंत्री तेज प्रताप एवं उनके साथ रहे अन्य को भी सरोपा आशीर्वाद रूप में प्रदान किया गया। कुछ देर दरबार साहिब में बैठने के बाद में वे सब लंगर हॉल गए और वहां लंगर छका। इसके बाद वे सीधे वीआईपी लॉउंज पहुंचे। यहां कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह ने उन्हें (श्री साहिब) तलवार और प्रतीक चिन्ह, गुरु घर के इतिहास की पुस्तक आदि भेंट किया। तख्तश्री पटना साहिब परिसर से प्रस्थान करने के पूर्व मंत्री तेज प्रताप अचानक बिक रहे धार्मिक तस्वीर, कड़ा, कंघा की दुकान पर पहुंच गए। यहां से उन्होंने सर्वंशदानी श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की एक तस्वीर पसंद की और अपने पास रखा। जब वह तख्त पटना साहिब परिसर में थे, तब उन्होंने यहीं से अपने पिता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को वीडियो कॉल किया और बताया कि वह यहां तख्तश्री पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचे हैं और मत्था टेकने के बाद आपकी जल्द से जल्द स्वस्थ होने के लिए उन्होंने अरदास कराया है। मीडिया की ओर से जब यह पूछा गया कि जातीय जनगणना का जो आंकड़ा पेश किया गया है, उस पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है। उन्होंने सीधे कहा कि वह यहां धार्मिक स्थल पर आए हैं। और यहां राजनीति की बात वह नहीं करना चाहेंगे। राजनीति की बात पर जो भी सवाल-जवाब होगा, वह इस परिसर से बाहर होगा। इसके बाद मंत्री यहां से लौट गए।

मुजफ्फरपुर एवं बरौनी से यशवंतपुर के लिए एक-एक जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। आगामी पर्व त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा हाजीपुर-पाटलीपुत्र-पं. दीनदयाल उपाध्याय जं-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर के रास्ते मुजफ्फरपुर एवं बरौनी से यशवंतपुर के लिए एक-एक जोड़ी पूजा स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है है - गाड़ी सं. 05271/05272 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल - यह स्पेशल मुजफ्फरपुर से 06 अक्टूबर से 08 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को तथा यशवंतपुर से 09 अक्टूबर से 11 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 05271 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर पूजा स्पेशल मुजफ्फरपुर से शुक्रवार को 15.30 बजे खुलकर 16.35 बजे हाजीपुर, 17.40 बजे पाटलिपुत्र, 18.39 बजे आरा, 19.25 बजे बक्सर, 21.14 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए रविवार को 19.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 05272 यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर पूजा स्पेशल यशवंतपुर से सोमवार को 07.30 बजे खुलकर बुधवार को 06.40 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 07.50 बजे बक्सर, 08.35 बजे आरा, 09.30 बजे पाटलिपुत्र एवं 10.25 बजे हाजीपुर रूकते हुए 12.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 04, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

गाड़ी सं. 05215/05216 बरौनी-यशवंतपुर-बरौनी एक्सप्रेस स्पेशल - यह स्पेशल बरौनी से 07 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को तथा यशवंतपुर से 10 अक्टूबर से 12 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 05215 बरौनी-यशवंतपुर पूजा स्पेशल बरौनी से शनिवार को 13.20 बजे खुलकर 14.25 बजे समस्तीपुर, 15.25 बजे मुजफ्फरपुर, 16.35 बजे हाजीपुर, 17.40 बजे पाटलिपुत्र, 18.39 बजे आरा, 19.25 बजे बक्सर, 21.14 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए सोमवार को 19.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 05216 यशवंतपुर-बरौनी पूजा स्पेशल यशवंतपुर से मंगलवार को 07.30 बजे खुलकर गुरूवार को 06.40 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 07.50 बजे बक्सर, 08.35 बजे आरा, 09.30 बजे पाटलिपुत्र, 10.25 बजे हाजीपुर, 11.30 बजे मुजफ्फरपुर एवं 12.30 बजे समस्तीपुर रूकते हुए 14.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 04, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

जातीय गणना मामले में भाजपा की दोहरी राजनीति : एजाज

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि सम्राट चौधरी को यह भी बताना चाहिए था कि उन्हें किस आरक्षण व्यवस्था के तहत नाबालिग होते हुए भी उन्हें मंत्री बनाया गया। उन्हें अपने घर के परिवारवाद पर भी बोलना चाहिए था, कि वह कैसे मंत्री बने, उनके पिताजी कैसे मंत्री बने और उनकी स्वर्गीय मां कैसे विधायक बनी? और उन्हें जब और उनके परिवार को लालू प्रसाद ने जब उपकृत किया था, तब उन्हें परिवारवाद की याद क्यों नहीं आई, तब उस समय उन्होंने मना क्यों नहीं किया। यह उस कहावत को चरितार्थ कर रहा है कि अपने घर में सब कुछ रख लो और दूसरे को आलोचना का पात्र बनाओ। इन्होंने आगे कहा कि बिहार में जातीय गणना के बाद से भाजपा को इस बात का एहसास हो रहा है कि उनकी राजनीतिक जमीन खिसक गई है और वह हाशिये की राजनीति पर चले हैं। तभी तो भाजपा जातीय गणना के मामले में दोहरी राजनीति करती रही है एक और दिखावे का समर्थन और दूसरी और इसका विरोध। इन्होंने आगे कहा कि जातिय गणना का जो संकल्प था और खास तौर से नेता प्रतिपक्ष रहते हुए भी तेजस्वी प्रसाद यादव ने इस मामले में जिस तरह से आंदोलन और संघर्ष के साथ-साथ गंभीरता से अपनी बातें रखी, उस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सहमति व्यक्त करके न सिर्फ प्रधानमंत्री से सभी दलों का शिस्टमंडल मिला बल्कि सभी दलों की सहमति के उपरांत जातिय गणना अपने स्तर से बिहार सरकार ने कराने का फैसला लिया । लेकिन पिछले दरवाजे से इसे रोकने के लिए जिस तरह से साजिश भाजपा ने की उसकी पोल खुल गई और जब इस मामले में कोर्ट ने रोक लगाई तो भाजपा के कार्यालय में मिठाइयां बांटी गई और केंद्र सरकार के स्तर से तुषार मेहता के माध्यम से शपथ पत्र देकर इसे रोकने का भरसक प्रयास किया लेकिन जब कोर्ट ने अनुमति प्रदान कर दी तब भाजपा इस मामले में राजनीति करने लगी, जबकि भाजपा कभी गरीबों , वंचितों, पिछड़ों अतिपिछड़ों , दलितों और आदिवासियों के साथ-साथ अल्पसंख्यकों को हक और अधिकार देना नहीं चाहती है, क्योंकि इन वर्गों को विकास के श्रेणी से दूर रखा जाए यही इनकी नीतियां हैं, और इन वर्गों को हक और अधिकार देने की जो बात करें उसको मकड़जाल में फंसा दिया जाए, यही कारण है कि भाजपा की ओर से तरह-तरह के बयान आ रहे हैं।

बड़ी पटन देवी रोड से हटाया गया अतिक्रमण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ और शेरशाह पथ के बीच शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर विराजित है। यहां एक दिन पूर्व जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह विकास कार्यों का निरीक्षण करने को पहुंचे थे। इस दौरान मंदिर के आसपास और दोनों ओर से आने वाले रास्ते में अतिक्रमण को भी देखा था। तब उन्होंने सिटी एसडीओ गुंजन सिंह को अभियान चलाकर अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में एसडीओ के आदेश पर गुरुवार को बड़ी पटनदेवी मार्ग से अतिक्रमण हटाने का काम किया गया। इस दौरान अशोक राजपथ के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर जाने वाले रास्ते की अमीन चंदन भट्ट और कर्मचारी अरविंद कुमार के द्वारा नापी की गई। इस दौरान नगर निगम की जमीन पर जो भी अवैध चबूतरा या निर्माण किया गया था, उसे जेसीबी की मदद से तोड़ने का काम किया गया। इस दौरान अनधिकृत रूप से लगी दुकान, ठेला, अवैध चबूतरा को तोड़ा और हटाया गया। बताया गया कि इस अभियान में 11 लोगों से करीब 5500 बतौर जुमार्ना वसूल किया गया है।

सिटी स्टेशन गोलीकांड के शहीदों को सेनानियों ने दिए श्रद्धांजलि

रेल प्रशासन से शहादत स्थल पर पार्क बनाने की मांग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर जेपी सेनानी संघर्ष समिति के द्वारा सन '74 के आंदोलनकारियों ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए 1974 में हुए ऐतिहासिक जेपी आंदोलन में भाग लिया था। सिटी स्टेशन गोलीकांड (15 अक्टूबर, 1974) के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञातव्य हो कि 3 से 5 अक्टूबर को बिहार बंद का आह्वान किया गया था। पांच अक्टूबर, 74 को हजारों की संख्या में स्थानीय जनता ने सिटी स्टेशन पर धरना देकर रेल यातायात ठप किया था।

तब उस समय के डीएम रहे विजय शंकर दुबे के नेतृत्व में केंद्रीय पुलिस बल ने बर्बरतापूर्वक गोली चलाया था, जिसमें दर्जन भर लोग मारे गए और अनेक घायल हुए। सत्ता बदली। जेपी समर्थकों की केंद्र व राज्यों में सरकार बनी, जो आज भी है। लेकिन लोकतंत्र पर खतरा, महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी आज भी कायम है। कार्यक्रम में गोलीकांड के शहीदों एवं सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता प्रवीण अमानुल्लाह को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश कुमार सिन्हा एवं संचालन महासचिव शंभू प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम से सभी वर्ग के सेनानियों को एक समान पेंशन देने और सिटी स्टेशन गोली कांड स्थल पर रेल प्रशासन से शहीदों की याद में पार्क का निर्माण करवाने की मांग की गई। कार्यक्रम में रघुनाथ प्रसाद, डॉ एकबाल अहमद, देवेन्द्र प्रसाद सिंह, मुजफ्फर आलम, महेश प्रसाद, सुनेना देवी, माधुरी अग्रवाल, जगन्नाथ महतो, हीरा साव, अर्जुन राय, वीरेंद्र कुमार आदि सेनानियों ने भाग लिया।

दुर्गा पूजा को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। गुरुवार को खगौल थाना के प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में थाना अध्यक्ष फूलदेव चौधरी, ने जन प्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवम सचिव ने बैठक में हिस्सा लिया। मौके पर थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी के द्वारा शांति पूर्वक दुर्गा पूजा करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल मे किसी प्रकार का डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगी पंडाल मे कोई भी बिजली का तार खुला नहीं रहेगा। हर पूजा पंडाल मे सीसीटीवी लगाना होगा। रात 10 बजे के बाद कोई भी लाउडस्पीकर पूजा पंडाल मे नही बजाया जाएगा। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाय। वहीं बैठक में 5 स्टार क्लब के सचिव चंदू प्रिन्स सहायक विद्युत अभियंता लालजी कुमार से मांग कि है दशहरा पूजा के पूर्व बिजली के जर्जर तारो को हर हाल में बदला जाए, ताकि इसकी वजह से में कोई अनहोनी ना होने पाए। इस अवसर पर पूजा समिती के लोग विद्युत विभाग के मोहम्मद शम्मी नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष सुनिल कुमार , अनिल कुमार गुप्ता, वार्ड पार्षद महेंद्र कुमार सिंह, पिंटू कुमार, भरत पोद्दार, राजकुमार उर्फ लोथा प्रिंस, राहुल कुमार, अशोक कुमार सिंह, जितेन्द्र वत्स, धर्मेन्द्र सिंह, पॉली गांगुली, कौशल कुमार , कामेश्वर प्रसाद, बिजेंद्र कुमार, सहित अन्य लोग भी मौजूद थे '

पुत्र की रक्षा के लिए जिउतिया व्रत आज व कल

पटना सिटी (प्राकि)। पुत्र के जीवन की रक्षा के लिए जिउतिया व्रत शुक्रवार एवं शनिवार दोनों दिन महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। वैसे इस संबंध में आचार्य संतोष पांडेय शास्त्री ने कहा कि सप्तमी वेधित अष्टमी व्रत का निषेध माना गया है। इसलिए निराहार रह कर अष्टमी तिथि में व्रत किया जाना चाहिए तथा तिथि के समाप्त होने पर नवमी में व्रत का पारण रविवार को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अआश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि अर्थात जिस दिन अष्टमी तिथि में सूर्योदय हो, उसी दिन इस व्रत को किया जाना चाहिए और यह स्थिति शनिवार को बन रही है।

इसलिए जीवित्पुत्रिका व्रत यानी जिउतिया शनिवार को पूजा करने का सही दिन है। अष्टमी तिथि में सूर्योदय का होना इस व्रत के लिए अनिवार्य शर्त है। अष्टमी तिथि में सूर्य का उदय हो अर्थात बहुत थोड़ी मात्रा भी अष्टमी हो, तो उसी दिन जिउतिया व्रत करना चाहिए। सूर्योदय काल में कुछ मिनट भी अष्टमी हो और पूरा दिन नवमी हो, तो श्रेष्ठ स्त्रियों के द्वारा इसी दिन व्रत की उपासना एवं पूजा करनी चाहिए। इससे पुत्र को जीवित रखने की कामना करने वाली स्त्रियों को फल मिलता है। महिलाओं में भी जिउतिया व्रत को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। मगर पंडित श्याम सुंदर शर्मा, पंडित अनिल मिश्रा व मनोज मिश्रा ने कहा कि जिउतिया का व्रत शनिवार को करना ही शुभ है। कारण कि उस दिन अष्टमी तिथि में सूर्योदय हो रहा है। यह व्रती मां और पुत्र दोनों के लिए फलदायी है। पारण रविवार को होगा। इस व्रत को लेकर बाजार में महिलाओं की खासा चहलकदमी देखी गई। पूजा में काम आने वाले सामान की खरीदारी से लेकर फल, फूलों की खरीदारी की गई। वहीं घरों में लोगों ने पुरुकिया, ठेकुआ, पापड़ आदि बनाने का भी काम किया।

फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। मालसलामी थाना की पुलिस ने फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि जुलाई, 23 में कांड संख्या 510 दर्ज किया गया था। उसमें मोटरसाइकिल सवार दो अपराधी अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस के द्वारा एक देसी कट्टा एवं एक गोली के साथ मुकुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया था और मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई थी। मगर बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति भागने में सफल हो गया था। इस फरार व्यक्ति को, जो चौक थाना क्षेत्र के किला रोड का रहने वाला राजा कुमार पिता शंकर राय है, को गिरफ्तार किया गया है। यह पूर्व में वर्ष 2022 में शराब मामले में जेल जा चुका है।

मारपीट व लज्जा भंग का आरोप: एक अन्य मामले में मारपीट और छेड़खानी का मामला भी मालसलामी थाना में दर्ज किया गया है। दरअसल भैंसानी टोला में दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इसमें एक महिला के द्वारा मंगलवार को मामला दर्ज कराया गया है। इसमें उसने कहा है कि वह अपने घर में स्नान कर रही थी।

इसी दौरान सनोज कुमार पिता सूरज कुमार एवं अन्य लोग उसके घर में घुस गए और मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया। साथ ही छेड़खानी करते हुए उसकी लज्जा भंग करने की कोशिश की गई। रास्ते में भी छेड़खानी करता है। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। नामजद में एक सनोज कुमार पिता सूरज साव की गिरफ्तारी हो पाई है।

इमर्जिंग इकोसिस्टम के मामले में बिहार देश का सबसे बेहतरीन राज्य : समीर

नौ राज्यों की 200 से अधिक टीमों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

प्रात :किरण संवाददाता

बिहार स्टार्टअप द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया लेवल स्टार्टअप चैलेंज 2023 के दूसरे दिन देश के नौ राज्यों की 200 से अधिक टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने-अपने स्टार्टअप आइडिया के साथ निर्णायक मंडल को प्रभावित करने की भरपूर कोशिश की। अंत में निर्णायक मंडल ने स्टार्टअप एवं रिसर्च स्कॉलर कैटेगरी में नई दिल्ली के निक्की कुमार झा को प्रथम, पटना की रंजना राज को द्वितीय तथा वैशाली के डॉ शशि कुमार को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया। सीनियर कॉलेज कैटेगरी में समस्तीपुर के चिन्मय नायक को प्रथम, सिवान की सृष्टि कुमारी को द्वितीय तथा तमिलनाडु के शिव संतोष को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। स्कूली कैटेगरी में पटना के अक्षित कुमार लाल को पहला पुरस्कार, उत्तर प्रदेश के आयुष सिंह को दूसरा पुरस्कार तथा नई दिल्ली के ऊर्जित महाजन को तीसरा पुरस्कार को दिया गया। सभी विजेताओं को उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने पुरस्कृत किया। समापन समारोह में समीर कुमार महासेठ ने कहा कि ऑल इंडिया स्टार्टअप चैलेंज का आयोजन बिहार में स्टार्टअप एक सिस्टम की मजबूती के लिए किया गया और यह है स्टार्टअप को बढ़ावा देने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। समीर कुमार महासेठ ने कहा कि इमर्जिंग इकोसिस्टम के मामले में बिहार देश का सबसे बेहतरीन राज्य है। बिहार स्टार्टअप नीति के तहत चयनित स्टार्टअप को 10 लाख की सीड फंड की राशि देने का प्रावधान है। इसके अलावा सेबी रजिस्टर्ड निवेशकों से निवेश लेने में सक्षम होने वाले स्टार्टअप को 50 लख रुपये तक के मैचिंग ग्रांट की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग महिला सशक्तिकरण तथा कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने में भी लगा हुआ है। इसके लिए बिहार स्टार्टअप नीति के तहत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा दिव्यांग उद्यमियों हेतु 15% अतिरिक्त सीड फंड तथा मैचिंग ग्रांट की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार के स्टार्टअप को लगभग 25 करोड़ रुपये की राशि सीड फंड के रूप में दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार के 38 में से 37 जिलों में कोई ना कोई स्टार्टअप खुल चुका है, जबकि सभी जिलों में इनक्यूबेशन सेंटर की व्यवस्था की गई है। स्टार्टअप के प्रमोशन के लिए पटना के मौर्य लोक परिसर में बी-हब खोला गया है, जो तेलंगाना के टी-हब की तरह ही अनेक सुविधाओं से युक्त है। समीर कुमार महासेठ ने कहा कि राज्य में स्टार्टअप के कल्चर को बढ़ाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की गई है। इससे नए उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्डरीक ने कहा कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता और यदि पूरी शिद्दत एवं ताकत से मेहनत की जाए तो कायनात की सारी ताकतें आपकी मदद के लिए सामने आती हैं। कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों। उन्होंने सभी स्टार्टअप इकाइयों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ने की असीम संभावनाएं हैं। सरकार हर प्रकार की मदद देने के लिए तैयार है। युवाओं को नए प्रयोग करने चाहिए।

बच्चों को जागरूक करें तो आने वाला भविष्य भ्रष्टाचार मुक्त : खुराना

सएंट्रल बैंक ने सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम पर किया चित्रकारी प्रतियोगिता

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मौयालीक काम्प्लेक्स स्थित आंचलिक कार्यालय में सतर्कता जागरुकता का आयोजन किया गया। इसके तहत स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सेंट्रल बैंक (30 सितंबर से पांच नवंबर) सतर्कता जागरुकता सप्ताह मना रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों के बीच जागरुकता का प्रसार किया जाता है। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं, उनके बीच भ्रष्टाचार के प्रति सतर्कता एवं उसके निवारण के लिए जानकारी देकर इस कार्यक्रम को सार्थक बनाया जा सकता है। इस वर्ष का थीम है, भ्रष्टाचार का विरोध करें : राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। इसके साथ ही, दो अन्य विषयों चन्द्रमा पर भारत एवं सत्यनिष्ठा : सफलता का रास्ता को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजित हुआ। सभी क्षेत्रों के विजेताओं में से प्रथम पांच का चयन कर उनके चित्र को राष्ट्रीय स्तर के लिए प्रेषित किया जाएगा। यह जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी नैनसी केसरी ने दी। इस अवसर पर अंचल प्रमुख डीपी खुराना ने कहा कि बच्चों की मौलिक सोच इनके पेंटिंग में झलकती है। अभी से ही यदि उनको इसके प्रति सजग रहने के लिए जागरुक करेंगे, तो निश्चित रूप से आने वाला भविष्य भ्रष्टाचारमुक्त होगा। कार्यक्रम में, अंचल प्रमुख, श्री डी. पी. खुराना; क्षेत्रीय प्रमुख, श्री आर. आर. सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक, श्री वी.पी.एस. राणा, श्री एम. पी. पंडित, श्री रूद्र दत्त, श्री महेंद्र श्रीवास्तव; सतर्कता अधिकारी, श्री वाई. डी. मिश्रा एवं सभी कार्यपालक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

सिखों के जारी किए आंकड़ों से असंतुष्टि : त्रिलोक सिंह

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री सनातनी सिख सभा के अध्यक्ष त्रिलोक से निषाद ने बयान जारी कर कहा कि दो अक्टूबर को जातीय गणना के साथ सभी धर्म के जनसंख्या के आंकड़े जारी की गए। सिख धर्म के लोग जारी किए आंकड़े से असंतुष्ट हैं। कारण कि 2011 में सिखों की आबादी 23,778 यानी 0.0228 थी। लेकिन 2023 में जारी किए गए सिखों की आबादी घट कर 14,753 हो गया। अब सवाल यह है कि 9,025 सिख परिवार बिहार छोड़कर पलायन कर गए। अगर इतने सिख पलायन कर गए, तो कहीं न कहीं सरकार और प्रशासन के रवैए से नाखुश होकर बिहार छोड़ कर चले गए। यह बिहार सरकार के लिए सोचनीय विषय है। क्या बिहार में इन 11 वर्षों में सिख परिवार में बच्चे- बच्चियों का जन्म नहीं हुआ। आबादी कम होने का तो प्रश्न ही नहीं है।

आज भी सही मायने में सिखों की आबादी की गणना सही तरीके से कराई गई, तो इनकी आबादी लाखों में होग। गणना करने वाले जो भी पदाधिकारी या कर्मी हैं, सिख परिवार के यहां गया ही नहीं। घर बैठे ही रिपोर्ट बना कर दे दी गई। यह जांच का विषय है। बिहार में सिख परिवार पटना, नालंदा, जहानाबाद, गया, सासाराम, औरंगाबाद, आरा, बक्सर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, छपरा, गोपालगंज, मधुबनी, मोतिहारी, मुंगेर, बेतिया, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज आदि जिलों में है। बिहार में सिखों की आबादी कम बता क

मोदी सरकार ने नौकरी के नाम पर युवाओं के साथ छल किया : उमेश

धर्मेन्द्र प्रसाद चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने ली जदयू की सदस्यता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की मौजूदगी में पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में धर्मेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकत्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के कंधे पर है इसलिए यह जरूरी है कि युवा वर्ग अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अपनी राजनीतिक विचारधारा को निर्धारित करे और उसका समुचित ज्ञान अर्जित करे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने नौकरी देने के नाम पर देश के युवाओं के साथ छल किया है। भाजपा को 2024 में इसका खामियाजा जरुर भुगतान पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा आज लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ा रही है उससे देश को गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने वाले महापुरुषों के आत्मा को जरूर ठेस पहुंचती होगी। संविधान के आधारभूत संरचना को खंडित करने की कोशिश हो रही है। सत्ता के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को लहूलुहान किया जा रहा है। भाजपा को विकास से कोई वास्ता नहीं है, न ही जनता के कल्याण से। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्री नीतीश कुमार की अगुवाई आकार ले रहे इंडिया गठबंधन से भाजपा बौखलाई हुई है। सैकड़ों कर्मठ, समर्पित साथियों ने मिलन समारोह में शामिल होकर जुड़ेगा भारत-जीतेगा इन्डिया की शंखनाद की भाजपा हटाओ देश बचाओ का संकल्प लिया। एमएलसी ललन कुमार सर्राफ ने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज के कालखंड के महानायक है। युवा जदयू के प्रदेष अध्यक्ष नीतीश पटेल ने कहा कि मोदी सरकार में युवाओं की हालत बदतर होती जा रही है। केन्द्र रोजगार देने के बजाय, रोजगार देने वाली सरकारी संस्थाओं को बेचने में लगी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार में लगातार सरकारी नियुक्तियां कर रहे है। देश को नई दिशा में ले जाना है तो युवाओं को समाजवादी सोच के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कंधे को मजबूत करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेल अध्यक्ष नीतीश पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन बंटी चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार विधान परिषद के मुख्य सेचतक संजय कुमार सिंह गांधी पार्टी के कोषाध्यक्ष सह विधान पार्षद ललन सर्राफ, मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार सिंह,सुनील कुमार सुशील, नूतन पासवान, अनिल वर्मा, शत्रुघ्न पासवान, हिमांषु पांडेय, मोनी सिंह,रोहित चंद्रवंशी, मनीष कुमार, कुश पांडेयनीतीश पटेल, कृतज्ञ कुमार, सुमनलता कुशवाहा, आनंद साहनी,अभिषेक गजेन्द्र मुन्ना,धर्मपाल पटेल उपस्थित रहे।

वेरिएबल मेसेज डिस्प्ले बोर्ड पर हो रहा वर्ल्ड कप का प्रसारण

पटना । पटना स्मार्ट सिटी की परियोजना इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के तहत लगाए गये वेरिएबल मेसेज डिस्प्ले बोर्ड पर दिखाए जा रहे हैं वर्ल्ड कप के मैच । क्रिकेट वर्ल्ड कप को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह रहता है और इस उत्साह को बनाये रखने के लिए वर्ल्ड कप के मैच का प्रसारण प्रारंभ किया गया है। पटना शहर में पहली बार डिस्प्ले बोर्ड पर दिखाया जा रहा है क्रिकेट मैच । पटना शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर जागरूकता ,सूचना एवं प्रचार प्रसार के लिए लगाये गये डिस्प्ले बोर्ड पर अब वर्ल्ड कप के मैच का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। क्रिकेट प्रेमी , पटना शहर वासी और पटना आने वालों लोगों को अब वर्ल्ड कप के मैच देखने को लेकर जद्दोजहद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।बता दें आज से वर्ल्ड कप का आगाज हुआ है और पहला मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है ।इससे पहले भी पटना वासियों ने शहर में लगे वीएमडी पर चांद्रायान -2 की लैंडिंग देखी है। शहर के इन जगहों पर लगे हैं डिस्प्ले बोर्ड : जे पी गोलंबर, रूपसपुर पुल के समीप, कारगिल चौक

जू गेट-1, प्रमण्डलीय आयुक्त कार्यालय के समीप, पटेल गोलंबर, एम्स पटना , इनकम टैक्स चौराहा, अटल पथ गोलंबर, दीघा गोलंबर, दानपुर रेलवे स्टेशन, गुरु गोविंद सिंह पथ, बोरिंग रोड चौराहा, नया सचिवालय , लोहिया चक्र पथ, कंकड़बाग मेन रोड।

केंद्र सरकार ने सारी मर्यादाएं तार-तार कर दी हैं : बबलू

- संजय सिंह की आवाज दबाने की कोशिश कर : आप

पटना। दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद देश की सियासत गरमा गई है। आप बिहार के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश ने कहा कि ये गिरफ्तारी संजय सिंह की आवाज दबाने के लिए की गई है। पूरी कार्यवाई प्रतिशोध की भावना से की गई है। जबकि हाल ही में जब सुप्रीम कोर्ट ने एजेंसियों को प्रतिशोध की भावना से काम न करने को लेकर चेताया था तब यह उम्मीद जगी थी कि अब शायद निष्पक्षता से काम होगा। मगर केंद्र सरकार ने सारी मयादाएं तार-तार कर दी हैं। सत्ता लोकलाज से चलती है। आगे कहा- केन्द्र की भाजपा सरकार पिछले 15 महीने से आम आदमी पार्टी के नेताओं को सरकारी एजेंसियों के द्वारा परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि जब से इंडिया गठबंधन का निर्माण हुआ है तभी से केन्द्र सरकार की नींद हराम हो गयी है। केंद्र सरकार को पता नहीं है कि आम आदमी पार्टी का हर एक नेता कट्टर ईमानदार है उनके घरों में छापेमारी करने कुछ नही मिलेगा। जनता सबकुछ देख रही है। पूरा देश समझ रहा है कि सरकार किस प्रकार आम आदमी पार्टी के नेता और इंडिया गठबंधन के नेताओं को टारगेट कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में यही जनता भाजपा को आइना दिखा देगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी, राजेश सिन्हा ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की 70 हजार का करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोपी अजित पवार, चिटफंड घोटाले के आरोपी सुवेन्दु अधिकारी, 300 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपी नारायण राणे, हेमंत बिस्वा शर्मा, भावना गावली, हसन मुश्रीफ जिस पर खुद महाराष्ट्र के भाजपा नेता किरीट सोमैया ने 158 करोड़ के भ्रष्टाचार का सबूत पेश किया, ईडी ने छापा भी मारा था, जब वो व्यक्ति भाजपा के शरण में आ गया तो महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर बना दिया गया। कुलदीप सेंगर, बृजभूषण सिंह जैसे बलात्कारी पर आज तक कोई कार्यवाई नही हुई उनका बाल भी बांका नहीं हो पाया। ये सभी के सभी भाजपा वाशिंग पाउडर में घुलकर साफ हो चुके है ।

नड्डा को जेपी और कैलाशपति के तस्वीर के सामने प्रायश्चित करना चाहिए था : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के पटना आगमन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उम्मीद थी कि वे आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण और भाजपा के दिग्गज नेता रहे कैलाशपति के तस्वीर के समक्ष अपनी गलतियों के लिए पश्चाताप करते हुए माफी मांगेंगे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जयप्रकाश बाबू ने लोकतांत्रिक मूल्यों, प्रेस की आजादी, भ्रष्टाचार और समता मूलक व्यवस्था लागू करने के लिए सम्पूर्ण क्रान्ति का आह्वान किया था और भाजपा आज इसके विरुद्ध खड़ी है। संविधान का माखौल उड़ाने वाली , लोकतांत्रिक मयादाओं को कुचलने वाली, सच बोलने वाले पत्रकारों को परेशान कर अघोषित सेंसरशिप लागू करने वाली और समतामूलक समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण कड़ी जातीय जनगणना का विरोध करने के साथ हीं भ्रष्टाचारियों को खुलेआम संरक्षण देने वाली पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जेपी का नाम लेने और उनके आवास पर जाकर बगैर पश्चाताप किए लौट जाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि कैलाशपति से सैद्धांतिक मतभेद के बावजूद सभी दलों के नेता उन्हें काफी सम्मान देते हैं। वे भी सैद्धांतिक मतभेदों के बावजूद दूसरे दलों के नेताओं को इज्जत देते थे। कभी किसी के प्रति कटू और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग नहीं किया। पर जिस भाजपा को उन्होंने सींच कर सत्ता का भागीदार बनाया। अन्तिम समय में उसी भाजपा द्वारा उन्हें और उनसे जुड़े लोगों को दरकिनार कर दिया गया था। स्थिति तो यह हो गई कि उनके पुत्रवधू सिटिंग विधायक दिलमणी जी को 2015 के विधानसभा चुनाव में पार्टी से दूध की मक्खी की तरह बाहर कर दिया गया था। और आज जब भाजपा को यह एहसास हो गया है कि 2024 में उसकी विदाई सुनिश्चित है तो उसे कैलाशपति जी भी याद आ रहे हैं और दिलमणी जी भी। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष को यह नहीं भूलना चाहिए कि जेपी का आन्दोलन किसी व्यक्ति अथवा पार्टी के विरुद्ध नहीं बल्कि तत्कालीन व्यवस्था और आपातकाल के खिलाफ था। जबकि आज स्थिति उससे भी बद्तर हो गई है। बगैर आपातकाल के आपातकाल से भी भयावह स्थिति हो गई है। इसलिए जेपी के भूमि पर आकर भाजपा अध्यक्ष यदि जेपी की दुहाई देते हैं तो यह जेपी का अपमान होगा।

जातीय जनगणना का आंकड़ा वास्तविकता से परे : लोजपा रा

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने जातीय जनगणना के आकड़ों को झुठ का पुलिन्दा और वास्तविकता से परे बताया है। पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट ने जातीय जनगणना के आकड़ों को लेकर सरकार पर छेडछाड का आरोप लगाया है श्री भट्ट ने कहा है कि हमारी पार्टी जातीय जनगणना की मजबूत पक्षधर रही है हम आशान्वित थे कि जातीय जनगणना के आकड़ों को लेकर सरकार बिहार के उन दबे-कूचले दलितों शोषितों पिड़ितो और गरीबों की संख्या और उनकी आर्थिक समाजिक और राजनैतिक स्थिति को देखते हुए उनके लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं का निंधारण करेगी और उनकी सत्ता में राजनितिक भागदारी उनके अबादी के अनुसार सुनिश्चित करेगी लेकिन सरकार ने आकड़ों के साथ जिस तरह घालमेल किया है वह बेहद अफसोसजनक है समाज के कई ऐसे वर्ग है जो जातीय जनगणना के आकड़ों से काफी निराश हुए है। श्री भट्ट ने कहा कि जातीय जनगणना के मौजूदा आकड़े वास्तविकता से परे है मौजूदा आकड़े को हमारी पार्टी पूरी तरह नकारती है। हमारी पार्टी मॉग करती है कि जनगणना की तमाम त्रुटियों को दूर करते हुए उन सभी वँचित लोगो की गणना पुनः कराये ताकि यह गणना उदेश्यपूर्ण हो सके। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दी।

2024 के लोकसभा चुनाव जनांदोलन की तरह लड़ना होगा : माले

माले की केंद्रीय कमिटी की बैठक दूसरे दिन भी जारी

पटनाभाकपा-माले की केंद्रीय कमिटी की तीन दिवसीय बैठक के दूसरे दिन मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमीनी स्तर पर इंडिया गठबंधन की मुहिम तेज करने पर चर्चा हुई। महंगाई, अडानी घोटाला, बेरोजगारी, मोदी सरकार के 9 सालों का विश्वासघात, लोकतंत्र व संविधान पर लगातार जारी हमले के मद्देनजर बैठक में यह आम सहमति बनी कि इंडिया गठबंधन को जनता को गोलबंद करने के लिए जमीनी स्तर पर आंदोलनों की धारावाहाकिता खड़ी करनी चाहिए। भाकपा-माले शुरू से ही मानती रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव को एक जनांदोलन की तरह लड़ना होगा। बैठक के हवाले से माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि न्यूजक्लिक पर 3 अक्टूबर की छापेमारी के बाद अगले ही दिन आप पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अघोषित आपातकाल की ओर बढ़ता हुआ कदम है। मोदी शासन लोकतंत्र पर निरंत हमला करके ही शासन कर सकता है। जनसमुदाय के विभिन्न हिस्सों की उठती आवाज को दबाने के लिए ही जनपक्षधर-स्वतंत्र पत्रकारों और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों को निशाना बनाया जा रहा है। बैठक में एक बार फिर से बिहार में जाति आधारित सर्वे के बाद की स्थितियों पर चर्चा हुई। भाकपा-माले ने कहा है कि बिहार की जनता अब इस रिपोर्ट के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई का इंतजार कर रही है। भाकपा-माले की मांग है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वंचित समुदायों के सामाजिक-सांस्कृतिक व आर्थिक सशक्तीकरण की योजनाएं बनाई जाए। दलित-अतिपिछड़े व पिछड़े समुदाय के आरक्षण को तर्कसंगत बनाते हुए उसको विस्तार दिया जाए। बैठक में का. दीपंकर भट्टाचार्य के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य सहित देश के विभिन्न हिस्सों से केंद्रीय कमिटी के सदस्य भाग ले रहे हैं।

बिहार की प्रतिभा को देश स्तर पर पहुंचाएंगे : देवजानी

पटना। बिहार में फैशन के क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है बस जरूरत है इसे तराशकर आगे बढ़ाने की। ये कहना है आईग्लेम की निदेशक देवजानी मित्रा का। श्रीमती मित्रा अपने कार्यालय में डाबर गुलाबरी मिस्टर एण्ड मिस बिहार प्रतियोगिता सिनियर व जुनियर के विजेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन का संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को देश स्तर तक प्रतिभा में जगह देंगे। उन्होंने कहा कि विजेता राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विजेता अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट हैं और अब पेजेंट उद्योग में प्रवेश कर रहे हैं। आई-ग्लैम पिछले नौ वर्षों से विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों को उनकी वास्तविक क्षमता दिखाने में मदद कर रहा है और पेजेंट उनमें से एक है।

संटू कुमार यादव बने राजद प्रदेश महासचिव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने मसौढी निवासी संटू कुमार यादव को राजद का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। इस आशय की जानकारी राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इनके मनोनयन पर राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, प्रदेश महासचिव भाई अरूण कुमार, बल्ली यादव, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार राम एवं देवकिशुन ठाकुर ने बधाई दी है। राष्ट्रीय जनता दल झुग्गी-झोपड़ी एवं स्वच्छकार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार भारती ने अरूण कुमार चौधरी को राष्ट्रीय जनता दल झुग्गी-झोपड़ी एवं स्वच्छकार प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस आशय की जानकारी राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इनके मनोनयन पर राजद प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, प्रमोद कुमार राम, संजय यादव, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ राजद के उपाध्यक्ष युगल किशोर साव, राजद नेता मो मनान सहित कई राजद नेताओं ने बधाई दी है।

नीतीश की नीतियों का अमल कर रही भाजपा : राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि भाजपा शासित मध्यप्रदेश द्वारा सरकारी नौकरियों में बिहार की तर्ज पर महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय देर से ही दिया गया सही फैसला है। केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल पास करने के बाद यह लगातार दूसरा मौका है जब महिला सशक्तिकरण के लिए भाजपा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों को अपनाने पर मजबूर होना पड़ा है। दरअसल महिलाओं के हित में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने जो ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं वह पूरे देश के समक्ष एक मिसाल है। सब जानते हैं कि नीतीश की नीतियों को अपनाये बिना महिला सशक्तिकरण का संकल्प कभी भी पूरा नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि गौरतलब हो कि नीतीश कुमार के कारण बिहार देश का ऐसा पहला राज्य बना, जहां महिलाओं को सरकारी नौकरी में सशक्त हिस्सेदारी दिलाने के लिए 35 फीसदी का आरक्षण प्रावधान किया गया। यही नहीं सरकार महिलाओं के लिए शिक्षा विभाग की नौकरियों में 50 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान भी कर चुकी है। वहीं सरकारी दफ्तरों में पोस्टिंग में भी महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इसी के परिणाम स्वरूप आज राज्य में करीब 2 लाख से अधिक महिलाएं शिक्षक के रूप में काम कर रही हैं, वहीं 29,175 महिलाएं पुलिस विभाग में तैनात हैं। गौरतलब हो कि महिला पुलिस की यह संख्या देश के किसी भी राज्य से ज्यादा है। जदयू महासचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ही थी जिसने 2005 में सत्ता संभालने के तुरंत बाद महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए 2006 में ही उन्हें पंचायत व नगर निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार दे दिया था। बिहार उस समय भी ऐसा कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य था। तब से लेकर आज तक बिहार सरकार ने महिलाओं की शिक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाये हैं जिन्होंने उनका जीवन बदल दिया है। ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन के लिए बिहार में चलायी वाली जीविका योजना को आज केंद्र सरकार पूरे देश में आजीविका के नाम से चला रही है। बिहार में इस योजना के तहत अभी तक कुल 10.45 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है, वहीं एक करोड़ 30 लाख परिवारों की महिलाओं को इन समूहों से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि बिहार जो आज करता है, कल पूरा देश उसे अपनाता है। भले ही अपने राजनीतिक स्वार्थों के कारण भाजपा के नेता बिहार के खिलाफ दुष्प्रचार करते रहे, लेकिन अंदर से उन्हें भी पता है कि महिलाओं के उत्थान व सशक्तिकरण के लिए बिहार सरकार के दिखाए मार्ग पर उन्हें चले बिना कोई चारा नहीं है।

दरभंगा एम्स पर एक बार फिर गुमराह कर गए नड्डा : जदयू

पटना। जदयू प्रेदश प्रवक्ता और विधायक अजय चौधरी और प्रदेश प्रवक्ता और विधायक राजीव कुमार सिंह ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयानों को झूठा करार देते हुए पलटवार किया है। दोनों प्रवक्ताओं ने कहा कि जेपी नड्डा के बिहार दौरे से लोगों को काफी उम्मीद थी कि वो दरभंगा एम्स को लेकर कुछ सकारात्मक बातें बोलेंगे। उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स निर्माण को लेकर जेपी नड्डा ने इसकी बजाए राज्य के लोगों को गुमराह किया और झूठ बोला। दोनों प्रवक्ताओं ने कहा कि दरभंगा एम्स पर उनकी कही बातों से आज उनके स्थानीय सांसद को बड़ा झटका लगा होगा? उन्होंने कहा कि दरभंगा के सांसद एम्स निर्माण को लेकर धरना देते हैं और राजनीतिक नौटंकी करते हैं। लेकिन बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व उस नौटंकी पर भी अपने सांसद को तवज्जो नहीं देता और दरभंगा एम्स निर्माण के लिए ठोस बातें करने की बजाए लोगों को गुमराह करने का काम करता है। पार्टी प्रवक्ताओं ने बीजेपी से सवाल किया है कि जब दरभंगा एम्स के निर्माण को लेकर बीजेपी ने कोई फैसला ही नहीं लिया है तो जेपी नड्डा जी बताएं कि आखिर इस मामले पर दरभंगा सांसद का धरना राजनीतिक नौटंकी नहीं था? जेपी नड्डा बताएं कि इंडिया गठबंधन में परिवारवाद पर तो उन्हें आरोप लगाए लेकिन बीजेपी ये बताएगी कि उनकी पार्टी में परिवारवाद के चलते बड़े-बड़े पदों पर नेताओं के रिश्तेदार बैठे हैं उनका क्या? जेपी नड्डा बताएं कि क्या ये सच नहीं है कि राज्य में राजनीतिक अछूत रही बीजेपी को नीतीश कुमार ने ही स्वीकार्य बनाया जिसके बल वो सत्ता का सुख हासिल कर सकी?

जो जरूरत में आपके साथ रहे उसका दें साथ: पप्पू यादव

- पूर्णिया के कला भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों को संबोधित किया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 को लेकर जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने तैयारी तेज कर दी है। गुरुवार को पूर्णिया के कला भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने लोगों को संबोधित किया। पप्पू यादव ने कहा कि आप अगले 5 महीने मुझे दीजिए और उसके बाद 5 साल तक मुझसे सेवा लीजिए। कहां की पप्पू यादव पूर्णिया का बेटा है। कहा, जिस दिन हम सांसद बनकर संसद भवन जाएंगे तो हमारी लड़ाई पूर्णिया को उप राजधानी बनाने की होगी। हम सड़क, नाले से लेकर मक्का, मखाना उद्योग लगाने की लड़ाई लड़ेंगे। हम लड़ेंगे सीमांचल के साथ पूरे बिहार के विकास के लिए। आपका बेटा 13 करोड़ जनता का आंसू पोछने का काम करेगा। कहा, हमें 2024 में मौका दीजिये हम आपको एक बेहतर 2025 देंगे। पप्पू यादव ने कहा कि कोसी और सीमांचल के विकास के लिए उनकी पार्टी चुनाव लड़ेगी। पूर्णिया को उप राजधानी बनाना उनके एजेंडे में शामिल है। साथ ही पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण और शहर में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना समेत पूर्णिया में रेल सेवा को बेहतर करना पार्टी के मेनिफेस्टो में शामिल है। उनकी सरकार आई तो सहरसा में एम्स और पूर्णिया में एयरपोर्ट का सपना ज्यादा दिन का नहीं रहेगा। लोग पटना-पूर्णिया- सहरसा होते हुए दिल्ली तक का सफर रेलवे से कर पाएंगे। उनकी पार्टी सत्ता में आई तो पूर्णिया के लोगों को अस्पतालों में जांच के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्सरे जैसे जांच यहां के लोगों और जरूरतमंदों के लिए मुफ्त होगी। पूर्णिया बिजली में आत्मनिर्भर होगा। उसे किसी पर निर्भर होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पप्पू यादव ने कहा कि मैं विकास और मदद की बात करता हूं। मेरे रहते किसी को कभी हिंदू-मुस्लिम करने की जरूरत नहीं होगी। आपसे हमारा रिश्ता राजनीति का नहीं है, बल्कि हमारा और आपका रिश्ता जज्बात, प्यार और मुहब्बत का है। हम आप लोगों से मुहब्बत करते हैं इसलिए हम आपके लोकसभा से चुनाव लड़ना चाहते हैं। मेरा हाथ हर गरीब के साथ होता है। हम हमेशा गरीबों के साथ खड़े रहते हैं। हम अगर पूर्णिया से चुनाव जीतकर संसद भवन जाएंगे तो पूर्णिया ही नहीं पूरे देश का विकास के लिए लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सीमांचल के लोगों को सभी पार्टियों ने छलने का काम किया है। यहां न तो कोई उद्योग है न ही शिक्षा। इसलिए बेरोजगारी और गरीबी है। उनकी पार्टी यहां के लोगों के लिए अपना सर्वस्व देगी। पप्पू यादव ने कहा कि जीना यहां मरना यहां तेरे सीवा जाना कहां। पूर्णिया जन्मभूमि और कर्मभूमि दोनों है। पूर्णिया को वह किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। सीमांचल और कोसी में उनकी पार्टी पूरी ताकत के साथ उतरेगी।

एमएसएमई का कराधान पर प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पटना। एमएसएमई द्वारा टीपीएस कॉलेज में गुरुवार से 11 अक्तूबर तक चलने वाले कराधान पर प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार को डॉ उपेंद्र प्रसाद सिंह, प्राचार्य टी पी एस महाविद्यालय पटना द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एसजीएसटी अभिनव कुमार झा, सहायक प्रोफेसर डॉ ज्योत्सना कुमारी, डॉ. सानंदा सिन्हाउपस्थित थे। मौके पर अभिनव झा द्वारा तकनीकी सत्र में प्रतिभागियों को जीएसटी विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वहीँ रविकांत, सहायक निदेशक द्वारा तकनीकी सत्र में एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी और आवाहन किया कि इस योजना के संभावित लाभुकों तक यह जानकारी पहुंचायें ताकि वे भी इस योजना का लाभ ले सकें। पांच दिवसीय (शनिवारएवं रविवार छोड़ कर) कार्यक्रम के दौरान, प्रख्यात संकाय द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर, जीएसटी पर सिंहावलोकन, जीएसटी के तहत प्रक्रिया पंजीकरण, इनपुट टैक्स क्रेडिट, जीएसटी के लिए कंपोजिशन स्कीम, रिकॉर्ड रखरखाव, आपूर्ति का समय, जीएसटी के तहत मूल्यांकन, रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म, रिटर्न फाइलिंग जैसे विषयों पर प्रस्तुति देंगे। आपूर्ति का स्थान, जीएसटी के तहत ऑडिट, जीएसटी में नवीनतम विकास और संशोधन, जीएसटी के तहत रिफंड, ई-वे बिल आदि की भी जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम का समन्वयन रविकांत, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय, पटना द्वारा किया जा रहा है।

नेशनल छात्रवृत्ति पोर्टल वर्ष 2023-24 हेतु आवेदन की तिथि जारी

पटना। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा बीड़ी, चूना पत्थर, डोलोमाइट, लौह, मैगनीज, क्रोम अयस्क, सिने श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के बच्चों के लिए ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि जारी कर दी गई है। कल्याण आयुक्त, श्रम कल्याण संगठन, पटना के अनुसार प्री-मैट्रिक की अवधि एक अक्तूबर से 30 नवम्बर एवं पोस्ट मैट्रिक की अवधि एक अक्तूबर से 31दिसंबर निर्धारित की गई है। बीड़ी/खान श्रमिकों से संबंधित छात्र एवं छात्राएं नेशनल छात्रवृत्ति पोर्टल पर वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

गर्भपात के लिए असुरक्षित साधनों का नहीं करें रूख

- राज्य के 24 जिलों के 88 मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों में सुविधा उपलब्ध
- राज्य में एक लाख से अधिक महिलाओं ने लिया योजना का लाभ

पटना। सुरक्षित गर्भपात मातृ मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षित गर्भपात के प्रति आमजन में जागरूकता लायी जा रही है। असुरक्षित गर्भपात की समस्या को दूर करने के लिए युक्ति योजना कार्यक्रम संचालित है।इस कार्यक्रम का संचालन राज्य में पब्लिक प्राइवेट पार्टरनशिप के तहत 23 अप्रैल 2011 से किया जा रहा है। युक्ति योजना कार्यक्रम की मदद से मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों में गर्भवती महिलाओं को गर्भकाल के प्रथम तिमाही तक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित गर्भपात की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।देश भर में बिहार ऐसा पहला राज्य है जहाँ सुरक्षित गर्भपात के लिए निजी क्लिनिकों में यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इस योजना के तहत जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों को प्रति सुरक्षित गर्भपात कराने पर 1000 रुपए की धनराशि प्रदान करायी जाती है।

सुरक्षित गर्भपात अपनाने की सलाहः

सुरक्षित गर्भपात के लिए मिलने वाली सुविधाओं तथा असुरक्षित गर्भपात से बचने की सलाह देते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मातृ स्वास्थ्य, डॉ।सरिता ने बताया सुरक्षित गर्भपात के लिए युक्ति योजना कार्यक्रम को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया सुरक्षित गर्भपात मातृ-मृत्यु दर में कमी लाने में मददगार होता है।कई बार गर्भवती महिलाएं असुरक्षित साधनों की ओर रुख कर लेती हैं जो उनकी जान के लिए खतरा होता है।ऐसे में यह आवश्यक है कि लोगों को सुरक्षित गर्भपात की जानकारी हो।युक्ति योजना का उद्देश्य ऐसे ही मामलों में सुविधा प्रदान करना है।

एक लाख से अधिक महिलाओं को मिला लाभः

डॉ।सरिता ने बताया कि निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित गर्भपात सुनिश्चित कराने के लिए राज्य की 24 जिलों में 88 मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों में सुविधा उपलब्ध है। युक्ति योजना कार्यक्रम के तहत अगस्त, 2023 तक मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों में 1 लाख 88 हजार 672 महिलाओं ने सुरक्षित गर्भपात की सेवा पायी है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के कुशल संचालन के मद्देनजर प्रत्येक तीन माह पर इसकी समीक्षा भी की जाती है।

असुरक्षित गर्भपात की भयावह दुनियाः

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर साल 5.6 करोड़ महिलाएं गर्भपात कराती हैं। इसमें 45 फीसदी गर्भपात असुरक्षित होते हैं।सुरक्षित गर्भपात प्रशिक्षित डॉक्टरों की ओर से विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित निदेशों का पालन करते हुए कराया जाता है।दुनिया में 55 फीसदी गर्भपात सुरक्षित गर्भपात की श्रेणी में आते हैं।विश्व में प्रत्येक साल गर्भधारण करने वाले कुल मामलों में 12 करोड़ से अधिक अनचा

संक्षिप्त खबरें

संकल्प सभा को सम्बोधित करेंगे पंच-सरपंच प्रदेश अध्यक्ष

समस्तीपुर प्रखंड के बेझाडीह में गुरुवार को पंच-सरपंच संघ की एक समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश राय ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेश राय ने कहा कि 11 सूत्री मांगों को लेकर गांधी जयंती के दिन चम्पारण से शुभारम्भ हुआ न्याय यात्रा शुक्रवार को 11 बजे समस्तीपुर पहुंचेगा। जहां जितवारपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति परिसर में आयोजित संकल्प सभा को पंच-सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा दिसंबर में पटना के गांधी मैदान पहुंचने पर विशाल सभा आयोजित कर बिहार के पंच तथा सरपंच सामूहिक इस्तीफा देंगे।

सड़क निर्माण कार्य रोकते हुए किया मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर वार्ड 10 निवासी मिथिलेश दास के पुत्र अमरेन्द्र दास ने सड़क निर्माण पीसीसी ढलाई कार्य रोकने व मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें गांव के ही साक्षी कुमारी,नबो चौधरी, राजकुमार चौधरी,सतीश चौधरी को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि 02 अक्टूबर को सुरेंद्र राय के घर से भगवती स्थान तक सड़क पर पीसीसी ढलाई कार्य चल रहा था। इसी बीच उपर्युक्त नामित आया और ढलाई कार्य रोकते हुए बोला मुखिया रंगदारी नही देता है कार्य नही होगा। जिस पर मैं उनलोगो को बोला कि विकास का कार्य हो रहा है मै मुखिया को बुलाता हूं। इस पर वे लोग जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए मारपीट किया।

गाली-गलौज व बेईज्जत करने की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर वार्ड 08 निवासी अंशुमान चौधरी की पत्नी साक्षी कुमारी ने गाली-गलौज करने व सार्वजनिक रूप से बेईज्जत करने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें मुखिया प्रतिनिधि रंधीर कुमार,ललित कुमार यादव, विशाल कुमार राय,अनिल कुमार महतो,राजा कुमार महतो को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़िता ने बताई की वर्तमान में मैं राघोपुर वार्ड 08 के निर्वाचित वार्ड सदस्या हूं। 02 अक्टूबर को मेरे वार्ड में सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। जिसकी मुझे जानकारी नही थी। जानकारी होने पर मैं देखने गई तो मुझे देखकर अश्लील कंमेट करने लगा। मै बोली निर्माण कार्य सही नही हो रहा है। इसी पर वे लोग भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारपीट किया। जबकि मैं आठ माह की गर्भवती हूं।

सड़क हादसे में जख्मी वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। सड़क हादसे में जख्मी वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतिका की पहचान कापन वार्ड 04 निवासी स्वर्गीय अनुप राम की पत्नी अश्वमेघिया देवी 68 वर्ष के रूप में की गई। घटना के संबंध में बताया गया की सोमवार को वृद्धा सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान अज्ञात वाहन ठोकर मारकर फरार हो गया। इस घटना में वृद्धा गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे ईलाज के लिए विभूतिपुर सीएससी में भर्ती कराया गया। जहां से परिजन रोसड़ा के एक निजी क्लीनिक में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान गुरुवार की उसकी मौत हो गई। मौत के बाद शव को विभूतिपुर थाना लाया गया जहां कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया। बता दें कि वृद्धा के दो पुत्र है।

रंगदारी नही देने के कारण दिनदहाड़े गोली चलाने की घटना से मचा हड़कंप, आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। जिले में आसमान छूती जमीन की कीमत बढ़ने के कारण भूमि विवाद की समस्या दिनानुदिन बढ़ती ही जा रही है। वहीं जमीन विवाद के कारण मुकदमों का अंबार लगा हुआ है। साथ ही भू माफियाओं द्वारा आए दिन नए-नए कांड को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं अब तक जमीन विवाद में भू माफियाओं द्वारा दर्जनों हत्याएं हो चुकी है लेकिन भू विवाद की समस्या सुलझने का नाम ही नहीं ले रहा है हालांकि प्रशासन के द्वारा भूमि विवाद को सुलझाने के लिए प्रत्येक थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा जनता दरबार भी आयोजित किया जा रहे हैं लेकिन भू माफिया अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र के महावीर चौक स्थित सुनील टेकरीवाल की जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को रंगदारी नहीं देने के कारण बाउंड्रीवाल को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वही दहशत फैलाने की नियत सें छह से सात राउंड गोली फायर किया गया। दिन के 2:00 बजे गोलीबारी की घटना से स्थानीय लोगों में हडकंप मच गया। वहीं अपराधियों ने सभी मजदूरों को काम बंद कर भगा दिया गया।सदर थाना में दिए गए आवेदन में अनीता टेकरीवाल ने कहा की गुरुवार को महावीर चौक स्थित अपने खतिहानी बंटवारा के हिस्से की जमीन को चार दिवारी का निर्माण करवा रही थी। जिसे बटराहा निवासी गोल्डी कुमार पिता स्वर्गीय विनोद मंडल तथा सौर बाजार निवासी गौरव कुमार उर्फ छोटू यादव पिता भूपेंद्र यादव, राजन राउत पिता रामचंद्र राउत एवं 5 -7 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरे चार दिवारी को पूरी तरह तोड़कर गिरा दिया। जिसके कारण एक लाख से अधिक का नुकसान हो गया। वही सीमेंट तथा राजमिस्त्री के औजार को भी लो लूट लिया। जिससे करीब 50 हजार का नुकसान हो गया।वही विरोध करने पर जान मारने की नियत से थ्री नट से तीन-चार राउंड गोली चलाई।काम करवा रहें मैनेजर संतोष कुमार एवं सभी मजदूर किसी तरह जान बचाकर भागा। वही नामदाद व्यक्तियों ने धमकी दिया कि 25 लाख रुपया रंगदारी कल शाम तक मेरे घर पर पहुंचा दो नहीं तो जान से मार या मरवा देंगे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त नामजद व्यक्तियों द्वारा 29 सितंबर की रात्रि में भी गोली फायर किया गया।अनुसंधान के क्रम में एक जिंदा कारतूस आर्म्स भी पकड़ाई है।उन्होंने कहा कि बार-बार घटना को अंजाम देने के बावजूद पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण अपराधियों का मनोबल दिन-दिन बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहरा अंचल मौजा सहरसा थाना नंबर 189 खाता संख्या 331 खेसरा संख्या 391- 392 के तहत कुल रकबा पांच कट्ठा 16 धूर है। श्रीमती टेकरीवाल ने नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है ताकि एक अबला महिला को न्याय मिल सके।इस संबंध में एसडीपीओ संतोष कुमार व सदर थानाध्यक्ष सुधाकर कुमार नें बताया कि गोलीबारी की घटना के संबंध में आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

वृद्ध से रुपए छीना और विरोध करने पर पीटकर कर दिया अधमरा, इलाज के दौरान मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले में कुछ लोगों ने एक बुजुर्ग को बेरहमी पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। जिसके बाद पर परीजनों ने उन्हें बेहोशी की हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार की देर रात बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी। मृतक की पहचान विद्यापतिनगर थाना के हरिश्चंद्र प्रसाद सिंह (75) के रूप में की गयी है। पुलिस में शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर घटना की सूचना के बाद मृतक के परिजनों के घर मातम का माहौल पसरा हुआ है। घटना के संबंध में बुजुर्ग की पत्नी पूर्णिमा देवी ने बताया कि बुधवार की शाम उनके पति बैंक से रुपए लेकर दरवाजे पर पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के ही दो लोग पहुंचे और उनसे जबरन रुपया ले लिया, जब रुपया मांगा गया तो वह नही दिया। इसी बात को लेकर बहस हो गई जिसके बाद उन लोगों ने बेरहमी से बुजुर्ग की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद बुजुर्ग जमीन पर गिर गए। उसके बाद भी उसकी पिटाई करने से बाज नहीं आया। घटना की सूचना पर जब तक परिजन पहुंचे तब तक सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए थे। इसके बाद परिजनों ने बेहोशी हालत में बुजुर्ग को विद्यापतिनगर पीएचसी में ले गए। जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार की देर रात बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना की सूचना पर विद्यापति नगर पुलिस गुरुवार को सदर अस्पताल पहुंचे बुजुर्ग के सबको जब्त कर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया। विद्यापतिनगर थाना के शंभू कुमार सिह ने बताया कि मारपीट किए जाने के कारण बुजुर्ग की मौत होने की बात कही गयी है। घटना की जांच की जा रही है।

पंचायत में किया गया जन संवाद

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के जितवारपुर कुम्हिरा पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू प्रियदर्शनी गुप्ता की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता व मंच संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू प्रियदर्शनी गुप्ता ने की। विदित हो कि जिले में जन संवाद कार्यक्रम की शुरूआत के साथ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा पंचायत स्तर पर भी जन संवाद कार्यक्रम शुरू कर दी गई है। इसी दौरान पंचायत भवन परिसर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने विभाग में होने वाले कार्य योजना से संबंधित लोगों को जानकारी दी। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों से कहा गया है कि किसी भी योजना में अगर कोई सुझाव देना हो तो लिखित आवेदन प्रखंड में जमा करें, जिसका रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी। मौके पर पंचायत के मुखिया नवीन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू प्रियदर्शनी गुप्ता, सरपंच धनेश्वर राय, समाज सेवी संजय कुमार राय, मोहम्मद फिरोज, समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के चकमेहसी में जनसंवाद कार्यक्रम कार्यक्रम कि आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया ब्रजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर बिहार सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के उपलब्धि पर पदाधिकारी ने जानकारी दिया। वहीं कार्यक्रम में संबंधित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद थे। वहीं आम लोगों के द्वारा ग्राम स्तर तक जन कल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर लाने के बारे में भी लोगों से जानकारी प्राप्त किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्थानीय समस्याओं को भी रखा। कई आवश्यक सुझाव भी दिया गया। जिसे पदाधिकारी ने प्रस्ताव में लाने का भरोसा दिलाया। मौके पर अंचलाअधिकारी कमलेश कुमार, मनरेगा पदाधिकारी महेश भगत, डीपीआर ओ संतोष कुमार सहित प्रखंड पंचायत पदाधिकारी एवं कर्मी गण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग मौजूद थे।

हरदिया में जनसंवाद में विभिन्न मुद्दे पर हुई चर्चा

रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

सिंघिया प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को लेकर प्रखंड प्रशासन के द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में बारी बारी से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों ने अपने विभाग की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए, इससे लाभान्वित होने की तरीके बताए। कार्यक्रम में राजस्व, आपदा, बिजली, कृषि, शिक्षा, जनवितरण, बाल विकास विभाग आदि के विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। वहीं ग्रामीणों ने नल जल योजना, उच्च विद्यालय हरदिया में शिक्षकों की कमी व बाउण्ड्री वाल नहीं रहने, पीएम आवास नहीं मिलने, विकलांग प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी, शौचालय निर्माण व सहायता राशि की भुगतान को लेकर आवेदन दिए महिनों बीतने के बावजूद राशि नहीं मिलने आदि मुद्दे उठाते हुए समाधान करने की मांग की। वहीं बहदूरा गांव निवासी मोहम्मद शोएब सिद्दिकी ने वार्ड 2 में पूर्व से नाले बने रहने के बावजूद उक्त स्थान पुनः नवनिर्मित नाले बनाने की प्रस्ताव का मुद्दे उठाते हुए सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाए। उन्होंने पंचायत में जहाँ पर जरूरी है नाले का निर्माण, इसी राशि से जनहित में वहाँ नाले बनाने की मांग की है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने राजस्व अधिकारी जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। इसके अलावा कार्यक्रम में बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर ने आमजन को श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ की विस्तार से जानकारी देते हुए, इससे लाभान्वित होने के लिए श्रमिकों को निबंधन कराने की सलाह दी।

बिना ग्रामसभा की पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक का हुआ चयन

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा गलत तरीके से बिना ग्रामसभा के पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा अन्य कर्मी की बहाली करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामला बखरी प्रखंड के परिहारा पंचायत का बताया गया है। इस बाबत परिहारा निवासी इंद्रदेव राय के पुत्र राज कुमार के द्वारा जिला पदाधिकारी रौशन कुशवाहा को आवेदन देकर मामले की जांच पड़ताल कर दोषी कर्मी व जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई की मांग की है। जिला पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में राज कुमार ने बताया कि पंचायत की मुखिया आरती देवी के समक्ष स्वच्छता पर्यवेक्षक फॉर्म जमा किया गया। तत्पश्चात मुखिया से आवेदन प्राप्ति रसीद की मांग की गई। जिस पर मुखिया ने प्राप्ति रसीद नहीं देने का प्रावधान की बात कहकर लौटा दी। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामसभा से पूर्व आवेदक को बता दिया जाएगा। बीते 2 अक्टूबर को पंचायत भवन परिहारा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उसके अलाव मात्र बाइस लोग ही इस आमसभा में उपस्थित हुए थे।वहीं ग्रामसभा रजिस्टर में ना कोई एजेंडा ही लिखा हुआ था और ना ही कोई अधिकारी का हस्ताक्षर था। इस बीच मुखिया आरती देवी को स्वच्छता पर्यवेक्षक नियुक्ति से संबंधित बात पूछी गई तो उसने पंचायत सचिव के नहीं आने की जानकारी दी। उसके बाद मुखिया और आवास सहायक ग्रामसभा पंजी लेकर जाने लग गए। जिसके बाद उपस्थित लोगों ने विरोध जताते हुए ग्रामसभा को पंजी में स्थगित लिखने की बात कही। इस बीच ग्यारह बजे के बदले पंचायत सचिव ढाई बजे आए और चर्चा किए बिना चले गए। इस बीच मुखिया के ससुर ने स्वच्छता पर्यवेक्षक की बहाली करने के नाम पर नजराने के रूप में एक लाख रुपए देने की मांग की। जिस पर आवेदक राज कुमार ने रुपया देने में असर्थता जताए। तब जाकर उसने कहा कि जो रुपया देगा उसी का काम होगा अन्यथा नहीं होगा। आवेदक ने जिला पदाधिकारी से जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने तथा अपने स्तर से पुनः बहाली करवाने की बात कही है।

अर्धवार्षिक मूल्यांकन के परिणाम से गदगद हुए छात्र-छात्राएं

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गंगापुर गोपालपुर में गुरुवार को विभागीय निदेर्शानुसार स्कूली बच्चों के अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन का परिणाम घोषित किया गया। इनमें ए ग्रेड पाने वाले बच्चों को उसके अभिभावकों के द्वारा सम्मानित कराया गया। वहीं ग्रेड सी, डी एवं इ पाने वाले बच्चों को उपचारात्मक शिक्षा देने पर बोल दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राम ने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि आप सभी अपने-अपने बच्चों को नियमित रूप से पोशाक में ही स्कूल भेजें। साथ ही बच्चों के गृह कार्य को पूरा करने में भी सहयोग दें। मौके पर शिक्षक बालदेव राय, विनोद कुमार, नयनतारा, सोनाली चौधरी, ममता सुमन के अलावा अभिभावकों में विशाल कुमार, उत्कर्ष कुमार, रेखा कुमारी, टीना कुमारी, तंजीम खातून, अंजू देवी, सोनी कुमारी, रिचा कुमारी, अंजनी कुमारी आदि मौजूद रहे।

शर्ट पर गुटका का थूक फेंक बदमाशों ने उड़ाए साढ़े तीन लाख रुपये

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र के गोला रोड में बदमाशों के द्वारा चकमा देकर एक शख्स से साढ़े तीन लाख रुपए लेकर फरार होने की घटना सामने आई है। पीड़ित की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर निजामत वार्ड संख्या-16 निवासी चंद्रमणी राय के रूप में हुई है। घटना के बाद पीड़ित ने नगर थाना में आवेदन दिया है। बताया जाता है कि पीड़ित युवक घर निर्माण को लेकर बुधवार की दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे पुरानी पोस्ट आफिस रोड स्थित सेंट्रल बैंक से साढ़े तीन लाख रुपए लेकर बाइक पर बैठ से घर लौट रहा था। जैसे ही गोला रोड के पास पहुंचा तो बदमाशों ने उसके ऊपर गुटका का थूक फेंक दिया। फिर आगे बढ़ कर सॉरी बोल उसे कपड़ा धुलवाने लगा। इसी बीच झोला से रुपए लेकर बाइक से फरार हो गया। इस दौरान वहां पर दो अन्य बाइक सवारों की गतिविधि भी संदिग्ध देखी गई है। वहीं इसको लेकर नगर थाना की पुलिस का बताना है कि मामले जांच की जा रही। मामले को लेकर आवेदन भी दिया गया है। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी की भी मदद ली जा रही है।

स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाने वाले शिक्षण संस्थाओं को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर, समस्तीपुर। मारवाड़ी युवा मंच हसनपुर शाखा ने गाँधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाने वाले शिक्षण संस्थानों को स्वच्छता सेनानी सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वालो में गॉडेस पब्लिक स्कूल छोटकी रजवा को मिला। मौके पर शाखा अध्यक्ष निशान्त अग्रवाल, सचिव शुभम चाँद, कार्यक्रम संयोजक देवराज बरबरिया, हर्ष गोयल, सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

दो दुकान सहित टॉवर में हुई चोरी

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दो जगह पर दो दुकान सहित एक टावर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का मामला सामने प्रकाश में आया है। वहीं इस मामले में पीड़ित दुकानदार वो टावर संचालक द्वारा कल्याणपुर थाने में आवेदन देकर समान बरामदगी की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार बिरसिंहपुर सेंट्रल बैंक परिसर में जेवर दुकान ओर किराना दुकान जो कल्याणपुर गांव निवासी राम लखन साह का पुत्र बचन साह के किराना दुकान में ऊपर छत पर लगे करकट को उठाकर अंदर प्रवेश कर गया। लगभग तीस हजार रुपए नगद सहित पच्चीस हजार रुपए का सीक्रेट गायब कर देने की बात दुकानदार ने बताया है। वहीं सोना चांदी दुकान के दुकानदार वीरेंद्र ठाकुर का पुत्र सुधीर ठाकुर ने भी एस्बेस्टस उठा कर दुकान ऊपरी छत का एस्बेस्टस उठाकर अंदर घुसने के बाद लगभग एक लाख के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है। आवेदन व सूचना के आधार पर कल्याणपुर थाना की ओर से एसआई संजय कुमार ने धरनास्थल पर जाकर जानकारी लिया। वहीं बिरसिंहपुर में ही दुकान से सेट मोतीलाल पासवान के दरवाजे पर रखे साइकिल पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। वहीं मंजिल मुबारक गांव में लगे मोबाइल टावर में चौबीस बैटरी पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। संबंधित आवेदन श्रीपत राय के पुत्र जय नंदन राय ने आवेदन देकर कल्याणपुर थाने में चोरी की सूचना दी है। मामले में थाना अध्यक्ष राजन कुमार का बताया कि आवेदन मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

बेनीपट्टी न्यायालय अविनाश कुमार के कोर्ट ने 11साल पूर्व मामले में आठ लोगों को सुनाया सजा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय बेनीपट्टी पीठासीन पदाधिकारी अविनाश कुमार के न्यायालय ने 11 साल पूर्व के मामले में आठ लोगों को सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए सजा सुनाया गया।बचाव पक्ष के अधिवक्ता महेंद्र नारायण राय ने प्रतिवादी केओर से पक्ष रखते हुए उन्होंने कथन किया है कि अभियुक्त लोग निर्दोष है और पुलिस की मिली भगत से उक्त मुकदमा में जान बूझकर फसाया गया इस तरह की कोई घटना नही किया है।वही अभियोजन की ओर से सुभाष कुमार मंडल ने विरोध करते हुए उन्होंने बताया कि इस बाद की सूचक चौकीदार सीताराम पासवान व उनके भाई, भगिना के साथ घरेलू विवाद को लेकर दिनांक25.01.2012को समय 08बजे रात्रि में उनके गांव के सोलर लाइट के पास सभी लोगो ने मारपीट कर उक्त बाद के सूचक व परिवार के भाई,भगिना एवम् अन्य के साथ लाठी डंडा से मारपीट कर जख्मी कर दिया जिससे सूचक का सर फट गया और बेहोश होकर जमीन पर गिर गया।अभियोजन पक्ष की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया गया,उभय पक्षों की दलील सुनने के बाद पीठासीन पदाधिकारी अविनाश कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की कोर्ट ने उक्त वाद के अभियुक्त विन्दे पासवान,राम आशीष पासवान,योगेश्वर पासवान,संजय पासवान,राजकुमार पासवान,राज कपूर पासवान,इंदल पासवान, गुड्डू पासवान सभी साकिन गम्हरिया थाना बेनीपट्टी जिला मधुबनी धारा 341,323/34 भाङ्गदङ्गवीङ्ग को के अंतर्गत सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए जीङ्गआरङ्ग195/2012 मे नामजद आठो अभियुक्तों को सजा सुनाते हुए जमकर डांट फटकार लगाते हुए इस शर्त के साथ छोड़ा गया कि भविष्य मे दोबारा ऐसी गलती नहीं करेंगे। उक्त जानकारी अभियोजन पदाधिकारी बेनीपट्टी ने दी।

जन संवाद कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

- जीविका दीदी ने जान संवाद का बढ़ाया मान, अन्य लोग नदारत

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के चकहबीब पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रमोहन पासवान और अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव ने किया। जन संवाद में बीपीआरओ चंदन कुमार ने नल जल से लेकर पंचायत में संचालित विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। वहीं कृषि पदाधिकारी की अनुपस्थिती में कृषि विभाग के नोडल पदाधिकारी मुरारी कुमार ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राम कुमार ने कॉपरेटिव से संबंधित योजनाओं को साझा किया। वहीं प्रखंड स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अभय शंकर ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग, सीडीपीओ प्रीति कुमारी ने बाल विकास से संबंधित योजना, जेई हरिशंकर सहनी ने विजली विभाग से संबंधित बाते रखी। जीविका के बीपीएम संजीव कुमार ने सतत जीवकोपार्जन योजना सहित अन्य योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। पीओ जितेन्द्र कुमार ने मनरेगा से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन कुमार ने भी भी अपने-अपने विभाग की सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं सीओ ने आपदा से संबंधित और अन्य योजनाओं की जानकारी दी तो बीडीओ ने विभिन्न पेंशन योजना और स्वक्षता से संबंधित जानकारी दी। जन संवाद में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। मौके पर 20 जीविका दीदी को प्रशास्ति दिया। सिर्फ एक तरफा सभी विभागीय अधिकारी ने योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। परंतु जनता की ओर से कोई संवाद नहीं हो सका। धन्यवाद ज्ञापन मुखिया राम सेवक साह ने किया। चकहबीब पंचायत सरकार भवन पर आयोजित जन संवाद में पांच पंचायतों के जीविका दीदी ने लिया बढ़ चढ़कर भाग। जबकि आम जनता की भागीदारी बहुत कम रही। इस जनसंवाद में पांच पंचायतों चकहबीब, केराई, महिषी, मुस्तफापुर और टभका का पंचायत के लोगों को भाग लेना था। जिसमें सभी पंचायत से जीविका दीदी ने तो भाग लिया परंतु आम जनमानस नहीं के बराबर दिखे।

पटना के किसानों को खोदावंदपुर कृषि विज्ञान केंद्र में कराया गया दीर्घकालीन प्रयोगात्मक प्रक्षेत परिभ्रमण

प्रात : किरण संवाददाता

खोदावंदपुर बेगुसराय। गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र बेगूसराय द्वारा पटना जिले से आए प्रगतिशील किसानों का कृषि विज्ञान केंद्र बेगूसराय में प्रक्षेत्र परिभ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम में पटना से आए 40 किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न यूनिट्स का परिभ्रमण कराया गया। जिसमें उन्होंने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत दीर्घकालीन प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र का परिभ्रमण किया। उन्होंने धान की सीधी बुआई, मडुवा की सीधी बुआई, रेस बेड प्लांटर से लगे मक्का, राइस वीट सीडर से लगे धान के बारे में संपूर्ण जानकारी प्राप्त किया। क्रॉप कैफेटेरिया, प्राकृतिक खेती, निराश्रित पशु प्रबंधन एवं समस्त इकाई का भी भ्रमण किया। इस मौके पर कार्यक्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. रामपाल द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए धान की सीधी बुआई तथा विभिन्न मशीनों द्वारा मक्का, सरसों, आलू, गेहूं की बुआई के बारे में किसानों को जानकारी दी। साथ ही सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई प्रणाली पर भी ध्यान दिया गया। रावे के छात्रों द्वारा विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. पाटील के नेतृत्व में पोशन वाटिका के उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. विपिन के नेतृत्व में निराश्रित पशु प्रबंधन मॉडल के बारे में किसानों को समझाया एवं डॉक्टर सुषमा टम्टा के नेतृत्व में भी किसानों को कृषि मैं उपयोग होने वाले मशीनों की जानकारी एवं उसके महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। बढ़िया शोध सहायक अभय रंजन के द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत दीर्घकालीन प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र में लगने वाले विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई।

संक्षिप्त खबरें

इसुआपुर सबबीट में आयोजित किया गया मुफ्त पौधा वितरण अभियान

छपरा। विश्व वन्यजीव सप्ताह के एक भाग के रूप में आज इसुआपुर के अतानगर चंवर के सीमांत गांवों में 1000 निशुल्क फल प्रजातियों के पौधे वितरित किए गए। जल जीवन हरियाली मिशन के तहत और विश्व वन्य जीव सप्ताह के एक भाग के रूप में यह मुफ्त पौधा वितरण अभियान सारण वन प्रमंडल के इसुआपुर सबबीट में आयोजित किया गया है। वनपाल भरत सिंह, वनरक्षी सूर्यभानु, अरुण पासवान ने ग्रामीणों को पौधे बांटा। वन प्रमंडल पदाधिकारी सारण रामसुंदर ने कहा कि इशुवापुर चंवर सर्दी के मौसम में पक्षियों के आगमन के लिए जाना जाता है. पक्षियों के संरक्षण और चंवर क्षेत्र को प्रदूषित न करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निःशुल्क पौधा वितरण का यह अभियान चलाया जा रहा है।

मशरक के पदुमपुर में तालाब में डूबने से युवक की मौत

मशरक। मशरक के डुमरसन पंचायत अंतर्गत पदुमपुर गांव में गुरुवार को तालाब में स्नान करने गए युवक का डूबने से मौत हो गई। मृतक 20 वर्षीय गौरव कुमार सिंह पिता दिलीप कुमार सिंह दो भाई में छोटा है। जबकि उससे छोटी एक बहन है। गौरव अपने बड़े भाई के साथ पटना में रहकर तैयारी करता था। पिछले सप्ताह बिहार पुलिस की परीक्षा दिया। परीक्षा रद्द होने की सूचना पर बुधवार को घर परिजनों से मिलने आया। गुरुवार को गांव के ही छठ घाट तालाब में नहाने गया। जहा पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। शोर होने पर जबतक आसपास के लोग एवम परिजन पहुंच तालाब से निकाल बाहर लाते। गौरव की सांसे थम गई थी। पिता राजापटी बाजार पर प्रिंटिंग प्रेस चलाते जबकि दादा रिटायर शिक्षक है। परिवार के होनहार बेटे की हुई मौत से परिवार सहित पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना पाकर पंचायत के मुखिया बच्चालाल साह एवम मशरक थाना पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुटी पुलिस को परिजनों ने मुखिया के सहयोग से लिखित आवेदन देकर शव को पोस्टमार्टम में जाने से रोक लिया। रोते बिलखते परिजनों ने होनहार बेटे का अंतिम संस्कार किया।

मशरक मदारपुर में मढ़ौरा एसडीओ और डीएसपी ने किया जनसंवाद

मशरक। मशरक प्रखंड के मदारपुर पंचायत मगुरहा शिव मंदिर के प्रांगण में मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह और मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान की मौजूदगी में प्रखंड क्षेत्र के सभी विभागों के पदाधिकारीयों तथा जनता के बीच जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। जनसंवाद कार्यक्रम में मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने जनता को सरकार से मिलने वाले सभी योजनाओं के लाभ के बारे में बताया। प्रखंड के हर विभाग से आए पदाधिकारियों ने अपने विभाग के कार्यक्रमों को जनता के बीच रखा और ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू भी हुएं। जन संवाद कार्यक्रम में बीडीओ मो आशिफ, सीओ राहुल कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी, मनरेगा पीओ प्रमोद कुमार यादव, कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार, सहकारिता पदाधिकारी श्रीकांत कुमार एवं संदीप कुमार, सीडीपीओ चन्द्रकांती देवी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, कल्याण पदाधिकारी रेशमी प्रकाश, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहें। वही प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, स्थानीय मुखिया मीना देवी, मुखिया प्रतिनिधि डॉ जितेन्द्र सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र राय, सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू, शिक्षक नेता संतोष सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि चुनमुन बाबा समेत बड़ी संख्या में जीविका दीदी व ग्रामीण जनता की उपस्थिति रही।

पप्पू यादव नें मृतक परिवार से मिलकर दी सहायता राशि

सहरसा। जिले के विभिन्न प्रखंडों में हुए अलग-अलग घटनाओं में मृतक परिवार के बीच पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मुलाकात कर सांत्वना देते हुए सहायता राशि देकर ढांढस बधाया। जाप जिलाध्यक्ष रंजन यादव ने बताया कि बुधवार की देर रात विभिन्न जगहों पर सांसद गए जहां किसी न किसी दुखद घटना में लोगों ने अपनों को खो दिया। सोनबरसा राज प्रखंड के लगमा गांव में बीते दिनों अभिषेक झा की मृत्यु पानी में डूबने से हो गई थी। तो सुहथ गांव निवासी मोहनथी यादव की 13 वर्षीय पोती का निधन भी पानी में डूबने से हुआ था। दोनों जगह पर जाकर उन्होने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की ओर अपनी संवेदना जाहिर करते हुए उन्हें धैर्य बंधाया। इसके बाद सौर बाजार प्रखंड के महेशपुर गांव गए जहां बीते दिनों स्वर्गीय तरुण यादव के पुत्र नीतीश कुमार की मृत्यु करंट लगने से हो गई थी।

पूर्व मंत्री के अध्यक्षता में एलडीएम एवं व्यवसाय से जुड़े विभिन्न समाज के लोगों के साथ की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

गया।जिला अतिथि गृह में पूर्व कृषि मंत्री सह गया नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार के अध्यक्षता में अग्रणी जिला प्रबंधक एलडीएम एवं व्यवसाय से जुड़े विभिन्न समाज के लोगों के साथ प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना सहित भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई जिसका मंच संचालन पप्पू कुमार चंद्रवंशी कर रहे थे।इस बैठक के क्रम में एलडीएम ने पीएम विश्वकर्म योजना के बारे में चर्चा किया पीएम विश्वकर्म योजना 17 सितंबर को लांच हुआ प्रधानमंत्री ने 18 प्रकार के प्रारंभिक रोजगार को सूचीबद्ध किया है। उम्र सीमा 18 वर्ष के आयु से प्रारंभ है इस योजना के लाभ लेने के लिए सरकार के द्वारा बनाए गए ऑनलाइन पोर्टल `रो॑ॅङ्क्ष्ल्ल जारी किया गया है इस पोर्टल पर आधार कार्ड पैन,कार्ड बैंक,खाता विवरण दस्तावेज जमा करने होंगे साथ ही उन्होंने कहा की पुरानी व्यवसायी ही इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के द्वारा अधिकतम 3 लाख तक का ऋण ले सकते हैं। जिसमें कुछ प्रावधान है जैसे पहली किस्त 1 लाख मिलेगा उसके बाद जिसकी अच्छी प्रदर्शन रहेगी तब दूसरा किस्त 1 लाख इसी प्रकार कुल 3 लाख तक का ऋण योजना के माध्यम से भारत सरकार दे रही है ऋण नहीं चुकाने पर इस ऋण का भुगतान सरकार के द्वारा किया जाएगा परंतु लाभुक का सिविल खराब हो जाएगा जिससे लाभुक भविष्य में किसी भी प्रकार का ऋण नहीं दिया जाएगा साथ ही सरकार के द्वारा 10 से 15 दिनों की ट्रेनिंग दी जाएगी भारत।सरकार द्वारा ट्रेनिंग के लिए 500 रू 15 दिन दिया जाएगा।नए टूल्स के लिए 1500 दिया जाएगा जो की अनुदान के रूप में होगा इस ऋण के लिए लाभुक को 5% ब्याज वार्षिक ब्याज देना होगा एलडीएम ने जानकारी दिया की 6माह के कार्यकाल में कुल 350 पीएमईजीपी किया गया है वहीं मौके पर पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मन निधि योजना के साथ अब केसीसी को भी जोड़ने का प्रस्ताव आ रहा है जिससे देश के करोड़ों किसानों को लाभ मिलेगा मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को पीएम विश्वकर्म योजना सहित भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री को अपने किसान भाइयों की ओर से बधाई देता हूं।इस बैठक में बढ़ई समाज , नाइ समाज, स्वर्णकार समाज विश्कर्मा समाज , रविदास परिवार प्रजापति परिवार , रजक परिवार दर्जी परिवार मालाकार परिवार सहित 18 समाज के लोग समिलित हुआ इस मौके पर प्रेम सागर, धीरज रौनीयार,ऋषि लोहनी, ,अभिषेक अग्रवाल,प्रमोद कुमार सोनी, उमेश कुमार, रंजीत कुमार, अमित कुमार विश्वकर्मा, मो०आसिम अंसारी, पिंटू ठाकुर, राकेश कुमार ठाकुर, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, मनीष कुमार मौजूद रहे।

ट्रेन में मोबाइल छीन कर भाग रहे उच्चके को पकड़ने में युवक ट्रेन से गिरा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर चलती ट्रेन में मोबाइल छीनकर भाग रहे उचक्के को पकड़ने के दौरान एक युवक ट्रेन से गिर पड़ा। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत सुरौंधा कॉलोनी गांव निवासी एकरमूल हक 18 वर्षीय पुत्र मो. सुफियान है। वह पेशे से दुकानदार है एवं आरा में कपड़ा दुकान चलता है। इधर मो.सुफियान ने बताया कि वह हर रोज की तरह गुरुवार की शाम भी अपना दुकान बंद कर पैसेंजर ट्रेन से कोईलवर जा रहा था। जाने के क्रम में ट्रेन आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से जैसे ही खुली और कुछ दूर गई। तभी वह मोबाइल अपने पॉकेट से निकलकर अपने भाई से बात करने लगा। उसी दौरान एक उचक्का आया और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लेकर भाग ने लगा। जब उसने उक्त उचक्के को दौड़कर पकड़ने की कोशिश की। तभी वह चलती ट्रेन से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। आपको बता दे की मोबाइल झपट्टा मार गिरोह सक्रिय हो गए हैं। जिसको लेकर चलती ट्रेन में यह गिरोह ऐसी घटनाओं को तेजी से अंजाम दे रहे हैं। वही आरपीएफ पुलिस ऐसे गिरोह के सक्रिय सदस्य पर लगाम कसने में विफल नजर आ रही है।

नक्सलियों ने मुंशी को अगवा कर दूर जंगल में ले जाकर किया मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी/इमामगंज। गया जिले के अति नक्सल प्रभावित इलाका इमामगंज पुलिस अनुमंडल अंतर्गत कोठी थाना क्षेत्र के विराज गांव स्थित हाई स्कूल में नई भवन को निर्माण कार्य के लिए मजदूर व सामान की सुरक्षा के लिए देखभाल में लगे मुंशी को नक्सलियों द्वारा पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है।

नक्सलियों ने मुंशी को बंदूक के बट से मार कर लहूलुहान कर दिया है। नक्सलियों इस घटना को अंजाम बुधवार की रात्रि साढ़े दस बजे की बताई गयी है। बताया जा रहा है कि 10 से 12 की संख्या में रहे हथियारबंद नक्सरियों ने मुंशी को लेबी की डिमांड को लेकर मारपीट घटना को अंजाम दिया। नक्सलियों ने सबसे पहले स्कूल में पहुंचकर मुंशी को अगवा कर गांव स्थित जंगल के पास लेजाकर काफी पिटाई किया। नक्सलियों ने इस कदर मुंशी को पीटा है कि मुंशी रामप्रवेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद नक्सलियों ने हथियार लहराते भाग्य गए। वहीं घटना के बाद स्कूल के निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को की। इसके बाद घायल मुंशी को इमामगंज सीएससी भर्ती करवाई गया। जहां से वहां के डॉक्टरों ने उसकी प्राथमिक की उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया। जहां से उसे पटना रेफर किया गया है। जहां उसकी इलाज की जा रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज्ञा माओवादियों के दस्ता के द्वारा यह घटनाओं को जाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि पांच बाइक पर 10 से 12 नक्सली उतरते ही मुंशी को धमकाते हुए उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। सूत्र बताते हैं कि लेवी को लेकर पिटाई किए जाने की चर्चा है। चर्चा है की नक्सलियों ने स्कूल निर्माण कार्य को लेकर पत्र भेजकर लेवी की मांग की थी। लेवी की रकम दिए बगैर कार्य कराने को लेकर मुंशी के साथ मारपीट की गई। वहीं इस घना के संबंध में सलैया थाना अध्यक्ष विद्या शंकर ने बताया कि थाना क्षेत्र विराज हाई स्कूल में नई भवन को निर्माण कार्य की देखभाल में लगे मुंशी को नक्सलियों द्वारा पिटाई गई है। जिसमें नक्सलियों के द्वारा पिटाई किए जाने के बाद मुंशी राम प्रवेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद उसे गया मगध मेडिकल रेफर किया गया है। यह पूरा घटना लेवी की डिमांड से जुड़ा हुआ है। हालांकि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नक्सलियों ने नहीं बल्कि कुछ समाजी तत्वों के द्वारा घटनाओं का अंजाम दी गई है। इसकी पता लगाई जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही।

डिजिटल बैंक ओपन बाय एक्सिस बैंक की लॉन्चिंग

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक ने एक नए विज्ञापन अभियान के तहत अपनी डिजिटल बैंक ओपन बाय एक्सिस बैंक के लॉन्च की घोषणा की है, जो बैंक की डिजिटल क्षमताओं पर केंद्रित है। ओपन 2023 अभियान बैंक की डिजिटल पेशकशों की शीर्ष 15 विशेषताओं पर रोशनी डालता है। डिजिटल बैंक लॉन्च करने की कई साल की कोशिश का परिणाम है, जो व्यक्तिगत, सहज और परेशानी मुक्त डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है।

एक्सिस बैंक के अध्यक्ष और प्रमुख - डिजिटल व्यवसाय और परिवर्तन (डिजिटल बिजनेस एवं ट्रांसफॉर्मेशन) समीर शेट्टी ने इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बैंक में एक्सिस 2.0 को एक डिजिटल बैंक के रूप में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा था। यह यात्रा ग्राहक को हर संवाद और निर्णय के केंद्र में रखकर पूरी की गई। यह हमारे सभी ग्राहक संवाद, उत्पाद डिजाइन और प्रक्रिया नवोन्मेषकी पहल का हिस्सा है। हम लगातार डिजिटल-फर्स्ट उत्पादों में निवेश कर रहे हैं, जो मौजूदा बैंक ग्राहकों के साथ-साथ नए ग्राहकों के लिए भी पेशकशों को नया स्वरूप प्रदान करते हैं। एक्सिस 2.0 अब ओपन बाय एक्सिस बैंक है और हम इसके तहत व्यक्तिगत जरूरत तथा अलग-अलग जरूरतों के मुताबिक, परेशानी मुक्त ग्राहक अनुभव प्रदान करना जारी रखेंगे।

वहीं बैंक के मुख्य विपणन अधिकारी अनूप मनोहर ने कहा कि यह एक्सिस बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डिजिटल भविष्य में विकास और अनुकूलन जारी रखेंगे, जिसमें 'दिल से ओपन' होने की हमारी मूल धारणा रोशनी दिखाती रहेगी।

विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से मजदूर घायल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव में गुरुवार की सुबह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक मजदूर घायल हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायल युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव निवासी नंद किशोर सिंह का 40 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है एवं वह पैसे से मजदूर है। इधर राकेश कुमार ने बताया कि वह गांव में ही स्थित डेयरी फार्म में काम करता है। गुरुवार की सुबह वह गाड़ी पर डेरी फार्म का दूध लोड कर रहा था। जहां जमीन पर पहले से बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा था। दूध गाड़ी पर लोड करने के दौरान उसका पर उसी विद्युत प्रवाहित तार पर पड़ गया। जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गया और घायल हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

भोजपुर में नदी में डूबने से किशोर की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में गुरुवार की दोपहर नदी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत किशोर बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी मो.लतीफ मियां का 14 वर्षीय पुत्र मो.शमशेर अली है। इधर मृत किशोर के भाई मो. सोनू ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह अपने चचेरे भाई के साथ गांव में स्थित नदी किनारे घूमने गया था। तभी उसे शौच लग गई। शौच करने के बाद जब नदी किनारे पानी छूने गया। उसी दौरान वह नदी में गिर कर डूब गया। इसके बाद वह मौजूद लोगों द्वारा फोन एवं वहां के मठिया स्थित मंदिर से अनाउंसमेंट की गई। जिसके बाद सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे नदी से बाहर निकला। जिसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे इलाज के लिए आरा अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत किशोर अपने तीन भाइयों में छोटा था। मृत किशोर के परिवार में मां लैला खातून, दो भाई मो.सोनू ,मो.मोनू व दो बहन सोनी परवीन एवं नजमा परवीन है। घटना के बाद अमृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत किशोर की मां लैला खातून एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

प्रदेश मंत्री भरतपूर्वे एवं प्रांतीय कार्यालय के प्रमुख रामचंद्र आर्य का हुआ आगमन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बामपली विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। वाटिका खंड का भी अवलोकन हुआ एवं समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक हुई। तत्पश्चात आचार्य परिवार एवं प्रधानाचार्य जी के साथ एक अनौपचारिक बैठक हुई। इस बैठक में सभी आचार्य परिवार ने अपना अपना परिचय एवं विद्यालय विकास की बात कही।

रामचंद्र आर्य जी ने सरस्वती शिशु मंदिर को अन्य विद्यालयों से अलग बताया उन्होंने शून्य कालांश एवं पंचपदी शिक्षण पर भी अपना प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आज पूरे भारतवर्ष में न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर चर्चा हो रही है पर हमारा विद्यालय प्रारंभ से ही इसी विचारधारा के साथ कार्य करता आ रहा है। हमारे विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ संस्कार पक्ष पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है बच्चों के साथ-साथ उनके घरों एवं समाज के साथ भी हमारा संपर्क रहता है। भारतपूर्वे जी ने कहा कि हमारे आचार्य बहुत ही कर्तव्य निष्ठा के साथ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में कार्य करते आ रहे हैं।

हमारे विद्यालय का लक्ष्य ही है भैया बहनों का सर्वांगीण विकास हमारे पास जितने संसाधन है उतने संसाधन से ही हम कम खर्चे में भैया बहनों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दे रहें हैं। उनकी शिक्षा संस्कार सहित रहती है। यहां पर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां के बच्चों के अभिभावकों पर अत्यधिक आर्थिक खर्च भी नहीं रहता है बच्चों को स्वालंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है, उन्होंने पूर्व छात्रों से संपर्क की भी बात कही।

अंत में प्रधानाचार्य रविकांत राय जी ने आचार्य की ओर से उनका धन्यवाद ज्ञापन करते हुए यह आश्वासन दिया कि उनके द्वारा जितनी बातें बताई गई हैं उन पर अमल करने का प्रयास किया जाएगा एवं बाम पाली विद्यालय के निर्माण कार्य पर ध्यान रखने एवं दृष्टि देने की बात की भी आग्रह की अंत में शांति मंत्र के साथ यह अनौपचारिक सम्पन्न हुई।

पांचवें स्थापना दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम: युवा क्रांति रोटी बैंक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। युवा क्रांति रोटी बैंक के द्वारा आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पांच साल बेमिसाल 10 अक्टूबर को हर शाम जरुररमंदो के नाम से सालो भर छपरा शहर में लोगों को निशुल्क भोजन वितरण करने के साथ छपरा वासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, सरकारी कैंपसों में वृक्षारोपण, कपड़ा, कंबल वितरण का कार्यक्रम होते रहता है। संस्थापक ई.विजय राज ने कहा हर साल की तरह इस साल भी सप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 5 अक्टूबर को ब्लड डोनेशन 6 अक्टूबर कपड़ा वितरण, 7 अक्टूबर को सदर अस्पताल में फल वितरण,8 अक्टूबर को अशोक अलंकार छपरा कैंपस में मेडिकल कैंप का आयोजन,9 अक्टूबर को वृक्षारोपण व 10 अक्टूबर को युवा क्रांति रोटी की पांचवीं वर्षगांठ राजा पैलेस छपरा में होना सुनिश्चित हुआ है। अध्यक्ष नीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल ने कहा कार्यक्रम में पटना से अतिथि मधु मंजरी, प्राची पांडेय, मधु सिंह राजपुत आएंगे और टीम के सदस्यों को प्रोत्साहित करेंगे।मिडिया प्रभारी अर्जून सिंह, संरक्षक हेमन्त राज वर्मा, रामबाबू कुमार उपस्थित रहेंगे।

बेरुई में समाजसेवी चंद्रमा सिंह की 14 वीं पुण्यतिथि मनी

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) प्रखण्ड के बेरुई में स्व.चंद्रमा सिंह चौहान की 14 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर परिवार के सदस्यों व आसपास के लोगों ने पुष्प अर्पित की। चन्द्रमा बाबू हमेशा गरीबों और बंचितो की सेवा किए। उनकी इस सेवा भावना को याद करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच साड़ी, कम्बल और वस्त्र का वितरण किया जाता है। इस बार भी यह आयोजन किया गया। गुरुवार को बेरुई में एक मेडिकल कैम्प का आयोजन भी किया गया। जिसमें चार सौ से अधिक लोगों को मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श और दवा दिया गया। उनके पुत्र धुर्व सिंह चौहान, रामकुमार सिंह चौहान,दिलिप सिंह चौहान तथा अभिमन्यु सिंह चौहान, वार्ड पार्षद ने बताया कि चंद्रमा बाबू देश सेवा के लिए आर्मी में बहाल हुए थे। उन्होंने एक सेना के रूप में देश की सेवा की। अवकाश प्राप्ती के बाद भी समाज सेवा की भावना उनके अंदर कम नहीं हुई थी। उन्होंने ग्रामीणों की खूब सेवा की। बाद में वे विधान सभा के चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। ग्रामीण आज भी उन्हें याद करते हैं। उनकी पत्नी सफेदा कुअर, पुत्र और भतीजा उन्ही के पदचिह्नों पर चलकर सेवा को कर्तव्य समझते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष पुण्यतिथि गांव के लोगों के बीच मनाए जाने की प्रथा आज भी कायम है।

इसुआपुर के महुली चकहन में अंतर विद्यालय बालिका हैंडबॉल आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय महुली चकहन के खेल मैदान में गुरुवार को एक दिवसीय अंतर विद्यालय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में मढ़ौरा अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड के सात विद्यालयों की टीम ने भाग लिया। उच्च विद्यालय महुली चकहन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य द्वारिका नाथ गिरी ने किया। वहीं आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारण जिला हैंडबॉल सचिव संजय कुमार सिंह सहित अन्य ने प्रतिभागियों को मेडल एवम ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अतिथि ने कहा कि खेल बेहतर स्वास्थ के साथ साथ अनुशासित जीवन शैली एवं रोजगार का बेहतर जरिया बन गया है।

सरकार स्पोर्ट्स क्विज, मेडल लाओ,नौकरी पाओ के तहत खिलाड़ियों को समृद्ध कर रही है। आवश्यकता है खिलाड़ी अपना अभ्यास एवं प्रतिभागिता निरंतर बनाए रखें। मौके पर उच्च विद्यालय मशरक के प्लस टू शिक्षक डा. मनोज कुमार सिंह , रंजन बाबा , अजय कुमार सिंह सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक विद्यासागर झा ने किया। प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक विजेता जबकि प्लस टू उच्च विद्यालय महुली चकहन उपविजेता हुआ। तीसरे स्थान की ट्रॉफी बीएसएम ग्लोबल स्कूल मशरक को मिला। रेफरी के रूप में राष्ट्रीय खिलाड़ी राजा कुमार सिंह , आकाश कुमार , रवि कुमार तथा स्कोरर पुष्पा कुमारी एवं गणेश कुमार थे।

छात्र हित में कई मांगो को ले कुलपति को दिया मांग पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।गुरुवार को छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रशांत बजरंगी मैं कुलपति से मिलकर छात्र हित में विभिन्न मांग पत्र सोपा। पी जी आर सी की बैठक हुए 1माह होने जा रहा है उस बैठक मैं जितने भी छात्र -छात्राओं का शोध प्रस्ताव पास हुए हैं उनको अभी तक पी जी आर सी का पत्र निर्गत नहीं किया गया है। जिससे शोध का कार्य प्रभावित हो रहा है।पीएचडी शाखा के प्रभारी पदाधिकारी डॉक्टर धनंजय आजाद को तुरंत हटाया जाए ताकि पीएचडी शाखा में काम सुचारू रूप से हो सके।

नंदलाल सिंह महाविद्यालय में भूगोल विषय का कोई भी शिक्षक नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं का पढ़ाई बाधित हो रहा है। एक गेस्ट फैकल्टी हैं जिनको इंटर से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई करानी पड़ती है। लगभग 500छात्र -छात्राएं प्रत्येक दिन बिना पढ़ाई किए हुए लौट जाते है। जो शिक्षक थे अपना सेटिंग -गेटिंग कर के अपना ट्रांसफर स्नात्तकोत्तर विभाग में करा लिए है। जबकि स्नात्तकोत्तर विभाग में छात्र-छात्राओं की संख्या कम है और शिक्षकों की ज्यादा संख्या है। ऐसी स्थिति में जूनियर प्राध्यापक को वहां पढ़ाई के लिए ट्रांसफर किया जाए ताकि छात्राओं का पढ़ाई बाधित नहीं हो सके।

स्नातक सत्र 23-27 प्रथम सेमेस्टर का द्वितीय मेघा सूची प्रकाशित किया जाए।साथ ही बिना कारण वोकेशनल कोर्सेज की पढ़ाई बंद कर दी गई है द्वितीय मेघा सूची में उन में भी नामांकन लिया जाए। स्नातक तृतीय खंड, स्नातक प्रथम खंड, द्वितीय खंड,स्नात्तकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर का रिजल्ट प्रकाशित किया जाए। स्नातक प्रथम खंड दो सत्रो का अभी तक पंजीयन नहीं हुआ है। पंजीयन करने का आदेश निर्गत किया जाए।

तीन दिनों तक चलने वाला जीवित्पुत्रिका महाव्रत का नहाए खाए के साथ हुआ प्रारंभ

भागलपुर। जिले भर में जीवित्पुत्रिका व्रत को ले शहरी क्षेत्र व आसपास के विभिन्न गंगा घाटों पर अहले सुबह से ही जितमांय व्रतियों महिलाएं स्नान को ले पहुंची हुई थी। बरारी पुल घाट, मुसहरी घाट, सीढ़ी घाट, सखी चंद्र घाट, बाबूपुर घाट, मुसहरी घाट, सुल्तानगंज के अजगैवीनाथ घाट, कहलगांव के बटेश्वरनाथ घाट पर भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ गंगा स्नान को उमड़ पड़ी थी। इस दौरान महिलाओं ने तेल खल्लि दान कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। लोगों की मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान का बड़ा महत्व है, जो गंगा क्षेत्र इलाके से सटे हुए इलाके के लोगों व आसपास के घरो की महिलाओं को गंगा के किनारे अवस्थित रहने के कारण कोई समस्या उत्पन्न नही होती है।

नोटिस

मैं, अनुष्का श्री, पिता-अवधेश कुमार, निवासी ग्राम + पो० सलहा थाना देसरी, जिला - वैशाली की स्थायी निवासी हूँ। मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी संख्या-534800935 संचालित है जिसमें मेरा नाम भूलवश खुशी कुमारी (KHUSHI KUMARI) अंकित हो गया है जो गलत है। भारत सरकार द्वारा निर्गत आधार कार्ड संख्या-7645 7227 0686 पर एवं बैंक ऑफ इंडिया में खाता संख्या-465410110009353 पर एवं मेरे सभी कागजातों पर मेरा नाम अनुष्का श्री ANUSHKA SHREE अंकित है जो सही है। जिसकी घोषणा मैं शपथ पत्र संख्या 1349/16.9.23 कर चुकी हूं।

सम्पादकीय

जाति गणना से नीतीश को फायदा!

बिहार में जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। हालांकि इससे जुड़ा मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है लेकिन चूंकि आंकड़े जारी करने पर कोई रोक नहीं थी तो सरकार ने इसे जारी कर दिया। इसके मुताबिक बिहार में पिछड़ों की आबादी 63 फीसदी है, जिसमें 36 पिछड़ी अत्यंत पिछड़े हैं और 27 फीसदी पिछड़ी जातियां हैं। इसमें मुस्लिम पिछड़ों की संख्या शामिल है। हिंदू सवर्णों की आबादी महज साढ़े 10 फीसदी है और अनुसूचित जाति व जनजातियों की आबादी करीब 22 फीसदी है। कुल मुस्लिम आबादी 17.7 फीसदी है, जिसमें करीब पांच फीसदी सवर्ण हैं। जाति गणना के आंकड़े से एक बाद स्थापित हुई है कि लालू प्रसाद का मुस्लिम-यादव समीकरण बहुत मजबूत है। मुस्लिम आबादी 17.7 और यादव आबादी 14.2 है। इस लिहाज से लालू प्रसाद का समीकरण 32 फीसदी वोट का है। लेकिन सबसे ज्यादा फायदा नीतीश कुमार को होता दिख रहा है। नीतीश बिहार में अति पिछड़ों के सबसे बड़े और संभवतः इकलौते नेता हैं। हालांकि उनकी अपनी जाति कुर्मी पिछड़ी जाति में आती है, जिसका 2.86 फीसदी वोट है। वे कोईरी और धानुक की राजनीति भी करते हैं क्योंकि ये ये दोनों जातियां उनके समीकरण में आती हैं। इन दोनों की साझा आबादी छह फीसदी से कुछ ज्यादा है। कपूर्री ठाकुर ने सबसे पहले पिछड़ों और अति पिछड़ों को अलग करके दोनों के लिए अलग अलग आरक्षण की व्यवस्था की थी। लालू प्रसाद और राबडी देवी के राज में राजद ने इस फॉमूर्ले पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन नीतीश ने बहुत होशियारी से इसे आगे बढ़ाया। बिहार में उन्होंने अति पिछड़ों को 18 फीसदी आरक्षण दिया और पिछड़ों को 12 फीसदी। नीतीश ने दलित के भीतर भी महादलित का एक अलग वर्ग बनाया। बिहार में दलित आबादी 20 फीसदी के करीब बताई गई है, जिसमें दुसाध और उसकी उप जातियां पांच फीसदी से कुछ ज्यादा हैं। नीतीश की सरकार ने इस जाति को छोड़ कर बाकी सबको महादलित में रखा है, जिनका वोट 15 फीसदी के करीब है। इसमें तीन फीसदी के करीब मुसहर हैं, जिनके नेता जीतन राम मांझी हैं, जो अभी भाजपा के साथ हैं। सो, मोटे तौर पर 10 से 12 फीसदी दलित वोट के नेता भी नीतीश ही हैं। इस तरह से नीतीश 36 फीसदी अति पिछड़ा, सात फीसदी के करीब कोईरी-कुर्मी और 10 से 12 फीसदी दलित मतदाताओं में पहली पसंद होंगे। अगर मंडल की पार्टियों में से किसी नेता को चुनना होगा तो साढ़े 10 फीसदी सवर्ण मतदाताओं का बड़ा हिस्सा नीतीश को पसंद करेगा। इस लिहाज से जाति गणना के दांव से नीतीश ने अपनी स्थिति बहुत मजबूत की है। राजद और कांग्रेस को उनकी जरूरत है तो भाजपा भी इन आंकड़ों की रोशनी में नीतीश के बारे में गंभीरता से विचार करेगी। सो, अब नीतीश के दोनों हाथों में लड्डू है। बिहार की राजनीति में अप्रासंगिक होते होते कैसे उन्होंने अपने को राजनीति के केंद्र में स्थापित किया यह उसकी मिसाल है।

जाति गणना से बदलेगी राजनीति

अजीत द्विवेदी

अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले जहां प्रधानमंत्री अपनी वैश्विक लोकप्रियता के आधार पर विश्व मित्र की छवि पेश करके विपक्ष के नेताओं को बौना बनाने में लगे हैं वही विपक्ष की ओर से जाति गणना का पहला बड़ा दांव चला गया है। यह पूरे देश में लोकसभा के चुनाव का नैरेटिव बदलने वाला दांव है। हालांकि पक्के तौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को इसका बहुत बड़ा फायदा होगा, लेकिन यह संभव है कि इस दांव से विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी पिच छोड़ कर विपक्ष की पिच पर खेलने के लिए मजबूर करे। यह संभव है कि जातियों के खेल में किसी न किसी रूप में भाजपा भी उतरे और अपनी सोशल इंजीनियरिंग के दम पर विपक्ष को मात देने का प्रयास करे। अभी तक प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भारत को विश्व गुरू बनाने, 2047 तक भारत को विकसित बनाने, अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन जैसे मुद्दों की प्रत्यक्ष और जाति की परोक्ष राजनीति कर रही है लेकिन अब उसको जाति की राजनीति में खुल कर आना होगा। जातियों की गणना से जो नया नैरेटिव बनेगा उसका सबसे बड़ा असर बिहार में होगा क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों की आबादी 63 फीसदी से ज्यादा है और सवर्ण मतदाता सिर्फ साढ़े 15 फीसदी हैं, जिसमें मुस्लिम सवर्ण भी शामिल हैं। दलित आबादी 20 फीसदी के करीब है, लेकिन उसमें भी महादलित 15 फीसदी हैं, जिनकी राजनीति नीतीश कुमार करते हैं। सो, बिहार का रास्ता भाजपा के लिए मुश्कल हो गया परंतु बाकी किसी दूसरे राज्य में नुकसान की संभावना अपेक्षाकृत कम है। मिसाल के तौर पर पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश को लिया जा सकता है। वहां भाजपा को नुकसान नहीं होगा या बहुत कम होगा। इसका कारण यह है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग की राजनीति नब्बे के दशक के शुरू में ही कर दी थी। राज्य में पार्टी की पहली सरकार के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह थे। वे लोध जाति से आते थे। उनके अलावा हिंदुत्व के चेहरे के तौर पर विनय कटियार, ओमप्रकाश सिंह जैसे नेता मुखर थे। ये दोनों भी पिछड़ी जाति से आते थे। उस समय तो भाजपा को इसका नुकसान हुआ लेकिन समय के साथ इन नेताओं की वजह से भाजपा अति पिछड़ी जातियों में अपनी पैठ बनाने में कामयाब रही। जैसे जैसे मुलायम सिंह यादव मुस्लिम और यादव राजनीति में गहरे तक धंसते गए वैसे वैसे भाजपा अति पिछड़ों में लोकप्रिय होती गई। भाजपा के खुद अति पिछड़ा राजनीति करने का फायदा यह हुआ कि उत्तर प्रदेश में कोई नीतीश कुमार नहीं पैदा हो सका। बिहार में भाजपा को नुकसान इसलिए होगा क्योंकि बिहार में उसने हाल के दिनों तक सोशल इंजीनियरिंग पर ध्यान नहीं दिया था। नब्बे के दशक में जब उत्तर प्रदेश में प्रयोग शुरू हो गए थे तब बिहार में कैलाशपति मिश्र सबसे बड़े नेता थे। पार्टी की कमान उनके हाथ में थी और उनके साथ साथ सीपी ठाकुर, लालमुनि चौबे, शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव, यशवंत सिन्हा, अश्विनी चौबे, राधामोहन सिंह आदि सबसे मुखर नेता थे। एकमात्र पिछड़ा चेहरा सुशील मोदी का था। बहुत बाद में जब भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग शुरू की तो पता नहीं किस रणनीति के तहत लालू प्रसाद के परिवार से यादव वोट छीनने का प्रयास शुरू किया। इसके लिए रामकृपाल यादव केंद्र में मंत्री और नित्यानंद राय प्रदेश में अध्यक्ष बनाए गए। हुकूमदेव नारायण यादव को भी बड़ी तरजीह दी गई तो बिहार में सुशील मोदी के बाद सबसे महत्वपूर्ण मंत्री नंदकिशोर यादव हुए। भूपेंद्र यादव बिहार के प्रभारी बने। इस राजनीति से भाजपा को रत्ती भर फायदा नहीं हुआ। बाद में उसने प्रेम कुमार, रेणु देवी, तारकिशोर प्रसाद आदि के चेहरे आगे किए लेकिन उसका भी कोई फायदा नहीं हुआ। कह सकते हैं कि भाजपा के साथ एनडीए में रहते हुए नीतीश कुमार ने यह सुनिश्चित किया कि भाजपा ऐसी कोई राजनीति नहीं कर सके, जिससे उनको नुकसान हो। तभी अब जब नीतीश कुमार भाजपा से अलग हैं और उनकी सरकार ने जाति गणना करा कर उसके आंकड़े जारी किए हैं तो भाजपा को समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करे। अब भाजपा को या तो किसी तरह से नीतीश कुमार को वापस एनडीए में लाने का प्रयास करना होगा या बिहार में बनी छोटी छोटी जातीय पार्टियों को महत्व देना होगा। जाति गणना के आंकड़े आने से जीतन राम मांझी की पूछ बढ़ेगी, जिनकी मुसहर जाति की आबादी तीन फीसदी से ज्यादा है। उपेंद्र कुशवाहा का महत्व बढ़ेगा क्योंकि कोईरी आबादी सवा चार फीसदी के करीब है। चिराग पासवान को तरजीह मिलेगी क्योंकि दुसाध और उसकी उपजातियों की आबादी पांच फीसदी से ज्यादा है। मल्लाहों की राजनीति करने वाले मुकेश सहनी को पूछना पड़ेगा क्योंकि मल्लाह और उसकी उपजातियों की आबादी नौ फीसदी के करीब है। इन सबको साथ लेने के बाद भी इस बात की गारंटी नहीं होगी कि भाजपा पिछला प्रदर्शन दोहराए क्योंकि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के पास पिछड़ा, अति पिछड़ा, मुस्लिम, महादलित और सवर्ण मतदाताओं का बड़ा समूह है। बहरहाल, बिहार के बाहर जैसे उत्तर प्रदेश में कोई खास असर इसका नहीं होगा वैसे ही दूसरे राज्यों में भी बड़े असर की संभावना नहीं है। मध्य प्रदेश में भाजपा पिछले 20 साल से अति पिछड़ी जातियों को आगे करके राजनीति कर रही है। उसने 2003 में उमा भारती को मुख्यमंत्री का दावेदार बना कर लड़ा था और चुनाव जीता था। उसके बाद से उसके सारे मुख्यमंत्री पिछड़ी जाति के रहे हैं। राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में अगड़ा-पिछड़ा की राजनीति का कार्ड बहुत कामयाब नहीं होगा। भाजपा के पक्ष में एक बात यह भी जाती है कि जाति गणना के बाद पहला चुनाव लोकसभा का है। अगर बिहार में विधानसभा का चुनाव पहले होता तो उसमें भाजपा का सूपड़ा साफ हो सकता था। लेकिन पहला चुनाव चूंकि लोकसभा का है और नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए है इसलिए भाजपा एडवांटेज ले सकती है। वह प्रचार कर सकती है कि मोदी खुद अति पिछड़ी जाति से आते हैं, जिनको प्रधानमंत्री बनने से रोकने की राजनीति नीतीश और लालू कर रहे हैं। चूंकि लालू चुनाव नहीं लड़ सकते हैं और नीतीश के प्रधानमंत्री बनने की संभावना नगण्य है इसलिए भाजपा अति पिछड़े मतदाताओं को मोदी के पक्ष में मोड़ सकती है। इसकी काट में भाजपा के पास दूसरा दांव जस्टिस जी रोहिणी आयोग की रिपोर्ट का है।

बिहार में हुई जाति आधारित जनगणना के आंकड़ों ने सम्पूर्ण देश का किया ध्यान आकृष्ट

आज यह व्यवस्था में तब्दील हो गयी है। जाति व्यवस्था एक सामाजिक बुराई है जो प्राचीन काल से भारतीय समाज में मौजूद है। वर्षों से लोग इसकी आलोचना कर रहे हैं लेकिन फिर भी जाति व्यवस्था ने हमारे देश के सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी है।भारतीय समाज में सदियों से कुछ सामाजिक बुराईयां प्रचलित रही हैं और जाति व्यवस्था भी उन्हीं में से एक है। हालांकि, जाति व्यवस्था की अवधारणा में इस अवधि के दौरान कुछ परिवर्तन जरूर आया है और इसकी मान्यताएं अब उतनी रूढ़िवादी नहीं रही है जितनी पहले हुआ करती थीं, लेकिन इसके बावजूद यह अभी भी देश में लोगों के धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर असर डाल रही है।यह समाज की एक भयानक विसंगति है जो समय के साथ साथ और प्रबल हो गई। यह भारतीय संविधान में वर्णित सामाजिक न्याय की अवधारणा का प्रबल शत्रु है तथा समय समय पर देश को आर्थिक ,सामाजिक क्षति पहुँचाती है। विडंबना ही है कि देश को आजाद हुए सात दशक से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी हम जाति प्रथा के चंगुल से मुक्त नहीं हो पाएं हैं। यहां तक की लोकतान्त्रिक चुनावों में भी जाति एक बड़े मुद्दे के रूप में विद्यमान है।निस्संदेह सरकार के साथ साथ हम सभी का उत्तरदायित्व है कि यह विसंगति जल्द से जल्द समाप्त हो।जाति के आधार पर हम भारत का उत्थान नहीं कर सकते और न राष्ट्रीय चेतना को धूमिल होने से रोक सकते हैं। फिर भी इससे छुटकारा पाना इतना आसान नहीं है।

आलोक आजाद
बिहार के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हैं

जाति जोड़ती नहीं बल्कि समाज को तोड़ती है। जाति की प्रकृक्ति ही विखंडन और विभाजन करना है। भारत में जाति व्यवस्था ऋग वैदिक कालीन वर्ण व्यवस्था (व्यवसाय के आधार पर निर्धारण) उत्तर वैदिक काल के आते आते जाति व्यवस्था (जन्म के आधार पर निर्धारण) में परिवर्तित हो गई थी। आज यह व्यवस्था में तब्दील हो गयी है। जाति व्यवस्था एक सामाजिक बुराई है जो प्राचीन काल से भारतीय समाज में मौजूद है। वर्षों से लोग इसकी आलोचना कर रहे हैं लेकिन फिर भी जाति व्यवस्था ने हमारे देश के सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी है।भारतीय समाज में सदियों से कुछ सामाजिक बुराईयां प्रचलित रही हैं और जाति व्यवस्था भी उन्हीं में से एक है। हालांकि, जाति व्यवस्था की अवधारणा में इस अवधि के दौरान कुछ परिवर्तन जरूर आया है और इसकी मान्यताएं अब उतनी रूढ़िवादी नहीं रही है जितनी पहले हुआ करती थीं, लेकिन इसके बावजूद यह अभी भी देश में लोगों के धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर असर डाल रही है।यह समाज की एक भयानक विसंगति है जो समय के साथ साथ और प्रबल हो गई। यह भारतीय संविधान में वर्णित सामाजिक न्याय की अवधारणा का प्रबल शत्रु है तथा समय समय पर देश को आर्थिक ,सामाजिक क्षति पहुँचाती है। विडंबना ही है कि देश को आजाद हुए सात दशक से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी हम जाति प्रथा के चंगुल से मुक्त नहीं हो पाएं हैं। यहां तक की लोकतान्त्रिक चुनावों में भी जाति एक बड़े मुद्दे के रूप में विद्यमान है।निस्संदेह सरकार के साथ साथ हम सभी का उत्तरदायित्व है कि यह विसंगति जल्द से जल्द समाप्त हो।जाति के आधार पर हम भारत का उत्थान नहीं कर सकते और न राष्ट्रीय चेतना को धूमिल होने से रोक सकते हैं। फिर भी इससे छुटकारा पाना इतना आसान नहीं है। भारतीय समाज का ताना- बाना जाति व्यवस्था पर आधारित है। जब तक समाज में जाति के आधार पर भेदभाव होता रहेगा तब तक आदर्श समाज का निर्माण नहीं हो सकता। जाति प्रथा अगर गलत है तो उस पर परदा नहीं डालना चाहिए। जातीय जनगणना देशभर में होनी चाहिए और सत्य आंकड़े सामने आने चाहिए। भाजपा समेत सभी पार्टियां जो आज विरोध कर रही हैं,आज नहीं तो कल इसका समर्थन करेंगी।

भारतीय समाज में आज भी अस्पृश्यता विद्यमान है। समाज के किसी भी वर्ग के साथ अन्याय एवं अत्याचार नहीं होना चाहिए। अनुसूचित समाज के बंधुओं ने बहुत अत्याचार व कष्ट सहन किये हैं, फिर भी उन्होंने अपना धर्म नहीं छोड़ा। उनके साथ समानता का व्यवहार होना चाहिए और उनको आगे बढ़ने का समान अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि विकास को तभी सार्थक माना जाएगा जब हम अंतिम व्यक्ति के आंसू पोछकर उसके चेहरे पर मुस्कान लाने में सफल होंगे।गांधी जी का मंत्र था कि जब भी कोई काम हाथ में लें तो यह ध्यान में रखें कि इससे गरीब और समाज के सबसे अंतिम या कमजोर व्यक्ति का क्या लाभ होगा?

वर्तमान परिदृश्य में पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित समाज अपने उपर किसी की कृपा नहीं चाहता है। वह समाज में बराबरी का स्थान और सम्मान चाहते हैं। पिछड़े और अति पिछड़े अभी तक पिछड़े हुए हैं क्योंकि इन्हें सभी प्रकार की सुविधा और अवसर नहीं मिल पाया।ये विडंबना ही है कि देश को आजाद हुए सात दशक से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी हम जाति प्रथा के चंगुल से मुक्त नहीं हो पाएं हैं। जाति व्यवस्था समानता नहीं बल्कि दो वर्गों में वरिष्ठता के सिद्धांत को मानती है, यह लोकतंत्र के विरुद्ध है। जब सभी में ईश्वर का अंश विद्यमान है फिर उनके प्रति नफरत का भाव नहीं रखना चाहिए। अगर वो आर्थिक रूप से पीछे हैं तो इसके लिए जिम्मेदार वह नहीं बल्कि समर्थ भी समाज है। बिहार में हुई जाति आधारित जनगणना के आंकड़ों ने संपूर्ण देश का ध्यान आकृष्ट किया है। जातिगत जनगणना कराने वाला बिहार देश का प्रथम राज्य बन गया है। बिहार में सर्वाधिक 63 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्ग की है। हिन्दू सवर्ण अपेक्षाकृत कम हुए हैं जबकि पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति की संख्या में वृद्धि हुई है। अभी 15.52 प्रतिशत सवर्ण हैं। वहाँ अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत व अनुसूचित जनजाति 01.68 प्रतिशत है। वहीं मुस्लिम 17.7 प्रतिशत हैं। इससे पहले 1931 में जातिगत जनगणना हुई थी। 1931 की जनगणना के अनुसार हिन्दू जनसंख्या जहां 85 प्रतिशत से घटकर 82 प्रतिशत हो गयी है। वहीं मुस्लिम जनसंख्या 14 प्रतिशत से बढ़कर 17.7 प्रतिशत हो गयी है। हिन्दू जातियों में देखें तो केवल यादवों की जनसंख्या में दो प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं मल्लाह, मुसहर व चमार में 01 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। शेष सभी जातियों की जनसंख्या के प्रतिशत में गिरावट आयी है।कुछ जातियों की संख्या दहाई अंक भी नहीं पार कर रही है।यह गिरावट चिंताजनक है।

सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे हैं कि आप अगर बिहार में हैं तो सावधान रहिए, या फिर बिहार छोड़ दीजिए। कम से कम बच्चों को बाहर ही भेज दीजिए। बिहार अब रहने लायक नहीं रहा। ऐसे लोग सामाजिक वैमनस्यता और विघटन को बढ़ावा देना चाहते हैं। भारत के नौ राज्यों में हिन्दू आबादी अल्पसंख्यक हो गई है। मुस्लिमों की जनसंख्या देश में तेजी से बढ़ रही है। उन्हें इसकी चिंता नहीं है। जाति प्रथा को कैसे समाप्त किया जाए इस पर विचार होना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले उपजातियों को समाप्त किया जाए। क्योंकि इनके बीच आपसी तौर तरीके तथा स्तर में अधिक समानता है। लेकिन राजनीतिक दल जातियों में उप जाति खोज रहे हैं।

जातिवाद का विरोध करने वाले सामाजिक व राजनीतिक संगठन भी जातिवाद से ग्रस्त हैं। भाजपा समेत सभी राजनैतिक दल विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव के समय जातिगत समीकरण को ही आधार बनाकर प्रत्याशी चयन करते हैं। राजनीतिक दल जातियों में उपजातियां खोजते हैं। वोटों के लिए जातीय सम्मेलन करते हैं। पिछड़ों में अति पिछड़ों की तलाश कर रहे हैं। जाति प्रथा किसी भी रूप में उचित नहीं है। लेकिन जाति के आधार पर आरक्षण, जाति के आधार पर आयोग का गठन, जाति के आधार पर संवैधानिक संस्थाएं, जातीय संगठनों को मान्यता, जाति के आधार पर राजनीति में भागीदारी, जाति के आधार पर विभिन्न संगठनों, मंच,मोर्चा और प्रकोष्ठों का गठन, जाति के आधार पर योजनाओं का निर्माण होता है तो जातीय जनगणना पर आपत्ति नहीं करनी चाहिए। आज जातीय जनगणना की मांग कांग्रेस भी कर रही है। कांग्रेस पार्टी पिछड़ों की समर्थक कभी नहीं रही। पिछड़ों के उत्थान के लिए कांग्रेस ने काम भी नहीं किया। जब मण्डल कमीशन लागू किया गया था। तब भी विपक्ष के नेता के तौर पर राजीव गांधी ने विरोध किया था। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातिगत जनगणना कराई थी, लेकिन उसका आंकड़ा जारी नहीं किया। राजस्थान में भी 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जातिगत जनगणना कराई थी, लेकिन उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किये गए। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते साल 2011 में जो आखिरी जनगणना हुई थी, उसमें जातिगत आंकड़े भी दर्ज किये गए थे, लेकिन यह डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया। देश में पहली बार बिहार सरकार ने जातिगत आंकड़े जारी किये हैं। अब देखना यह है बिहार सरकार उन जातियों के उत्थान के लिए कोई नीति बनाती है या फिर केवल यह जाति आधारित जनगणना का मुद्दा राजनैतिक स्टंट मात्र बनकर रह जायेगा।बिहार सहित देश के अन्य राज्यों में भाजपा के सहयोगी दल भी जातिगत जनगणना कराये जाने की मांग कर रहे हैं। इससे भाजपा पर दबाव निश्चित तौर पर बढ़ेगा क्योंकि इतनी बड़ी आबादी को नकारा नहीं जा सकता है। सवर्ण हिन्दू हमेशा ही जातिगत जनगणना के विरोधी रहे हैं। जाति व्यवस्था देश की सबसे बड़ी समस्या है। समस्या से ही समाधान निकालना है। यह सच्चाई प्रकट होनी थी। बावजूद उनकी हिस्सेदारी काफी कम है, आज भी उनके साथ भेदभाव हो रहा है। यदि जाति जनगणना के आंकड़े सही होंगे तो उनके कल्याण के लिए संचालित की जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होगी।

भारत में बेरोजगारी की समस्या का हल निकालने में मिल रही है सफलता

मुद्रा स्फीति, आय की असमानता, बेरोजगारी एवं ऋण के भारी बोझ के तले दबे रहना जैसे शब्दों का तो प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास में वर्णन नहीं के बराबर मिलता है। भारत के समस्त नागरिकों की पर्याप्त मात्रा में आय होती थी जिससे वह अपने परिवार का आसानी से गुजर बसर कर पाते थे एवं समाज में समस्त नागरिक प्रसन्नता पूर्वक रहते थे। दरअसल प्राचीन भारत के उस खंडकाल में नागरिकों में उद्यमशीलता अपने चरम पर थी। परिवार के जमे जमाए व्यवसाय पीढ़ी दर पीढ़ी सफलतापूर्वक आगे चलते रहते थे एवं परिवार के सदस्यों के आय अर्जन का मुख स्त्रोत बने रहते थे। इस दृष्टि से नागरिकों को सामान्यत : नौकरी के लिए परिवार के पारम्परिक व्यवसाय के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। इस प्रकार उस खंडकाल में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न ही नहीं होती थी। भारत पर आक्रांताओं के आक्रमण एवं इसके तुरंत बाद अंग्रेजों के शासनकाल में भारतीय नागरिकों की उद्यमशीलता को समाप्त कर उनमें नौकरी करने की भावना को विकसित किया गया क्योंकि अंग्रेजों को अपने शासन को सुचारू रूप से संचालन के लिए नौकरों की आवश्यकता थी।

प्रहलाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

भारतीय सनातनी वेदों एवं ग्रंथो में इस बात के कई प्रमाण मिलते हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि भारत सदैव ही आर्थिक रूप से सम्पन्न देश रहा है एवं भारत के समस्त नागरिकों के लिए रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध रहे हैं। मुद्रा स्फीति, आय की असमानता, बेरोजगारी एवं ऋण के भारी बोझ के तले दबे रहना जैसे शब्दों का तो प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास में वर्णन नहीं के बराबर मिलता है। भारत के समस्त नागरिकों की पर्याप्त मात्रा में आय होती थी जिससे वह अपने परिवार का आसानी से गुजर बसर कर पाते थे एवं समाज में समस्त नागरिक प्रसन्नता पूर्वक रहते थे। दरअसल प्राचीन भारत के उस खंडकाल में नागरिकों में उद्यमशीलता अपने चरम पर थी। परिवार के जमे जमाए व्यवसाय पीढ़ी दर पीढ़ी सफलतापूर्वक आगे चलते रहते थे एवं परिवार के सदस्यों के आय अर्जन का मुख स्त्रोत बने रहते थे। इस दृष्टि से नागरिकों को सामान्यतः नौकरी के लिए परिवार के पारम्परिक व्यवसाय के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। इस प्रकार उस खंडकाल में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न ही नहीं होती थी।

भारत पर आक्रांताओं के आक्रमण एवं इसके तुरंत बाद अंग्रेजों के शासनकाल में भारतीय नागरिकों की उद्यमशीलता को समाप्त कर उनमें नौकरी करने की भावना को विकसित किया गया क्योंकि अंग्रेजों को अपने शासन को सुचारू रूप से संचालन के लिए नौकरों की आवश्यकता थी। अंग्रेजों के शासनकाल में भारत की शिक्षा पद्धति को भी कुछ इस प्रकार से परिवर्तित किया गया कि भारतीय नागरिक अपनी पढ़ाई समाप्त करने के पश्चात अंग्रेजों के संस्थानों में केवल नौकरी कर सके। दीर्घकाल में इसका परिणाम यह हुआ कि भारतीय नागरिक केवल नौकरी को ही रोजगार का साधन मानने लगे और उन्हें यदि नौकरी नहीं मिल पाती तो वे अपने आप को बेरोजगार मानने लगे। भारतीय नागरिकों में उद्यमशीलता तो जैसे समाप्त ही हो गई थी। परंतु, पिछले लगभग 10 वर्षों के दौरान भारतीय नागरिकों में उद्यमशीलता को पुनः पैदा करने के अथक प्रयास किये गए हैं, जिनमे सफलता भी मिलती दिखाई दे रही है और भारत में अब पुनः बहुत बड़ी मात्रा में उद्यमों को स्थापित किया जा रहा है, जिससे भारतीय नागरिक अब धीरे धीरे नौकर नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनते जा रहे हैं।

पिछले एक दशक के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों ने भारतीय नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई नई योजनाएं प्रारम्भ की हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) प्रारम्भ की गई थी। इस योजना को प्रारम्भ करने का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को सुरक्षित बेहतर आजीविका प्राप्त करने के लिए उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना था। वर्ष 2016 में स्टार्ट-अप इंडिया योजना देश में लागू की गई थी। इस योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा तंत्र विकसित करना था, जो पूरे देश में उद्यमिता का पोषण और प्रचार करता हो। वर्ष 2016 में ही स्टैंड अप इंडिया योजना प्रारम्भ की गई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और एससी/एसटी उधारकताओं को 10 लाख रुपये तक के बैंक ऋण की सुविधा तथा ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए 1 करोड़ रु. तक का ऋण प्रदान करना था। इसके पूर्व, वर्ष 2014 में राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की स्थापना कौशल भारत एजेंडे को मिशन मोड में चलाने के लिए की गई थी ताकि मौजूदा कौशल प्रशिक्षण पहलों को एकजुट किया जा सके और कौशल प्रयासों के पैमाने और गुणवत्ता को गति के साथ जोड़ा जा सके। इन योजनाओं के साथ ही भारतीय नागरिकों और राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक कल्याण को सम्बोधित करने के लिए भारत सरकार द्वारा कई अन्य योजनाएं (पीएमगरीब कल्याण योजना, आयुषमान भारत, प्रसाद योजना, आदि) भी प्रारम्भ की गई हैं। विभिन्न सरकारों के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे कुछ सांस्कृतिक संगठनों ने भी भारत में रोजगार के अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से कई अन्य सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर भी कुछ प्रयास प्रारम्भ किया गए। संघ ने तो अपने कुछ अनुशांगिक संगठनों को यह जिम्मेदारी सौंपी कि वे इस क्षेत्र में विशेष प्रयास करें। इन सामाजिक, आर्थिक एंड सांस्कृतिक संगठनों ने मिलकर समाज में विशेष रूप से युवा नागरिकों के उद्यमशीलता को पुनः विकसित करने के सफल प्रयास किए हैं एवं अब एक बार पुनः भारत में उद्यमों को बढ़ावा मिलता दिखाई दे रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर्मचारी भविष्यनिधि संस्थान में रजिस्टर हुए नए सदस्यों की संख्या वित्तीय वर्ष 2018-19 में 61 लाख थी जो वित्तीय वर्ष 1920-21 में 77 लाख, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 122 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 139 लाख हो गई है। इस संख्या में लगातार सुधार से आश्य यह है कि देश में युवाओं को फोर्मल रोजगार बड़ी संख्या में मिल रहे हैं। यहां इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि इस दौरान विश्व के अन्य देशों में कई कम्पनियों में कर्मचारियों की छटनी की गई है। इसी प्रकार पीरिओडिक लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार जनवरी 2022 से भारत में बेरोजगारी की दर में लगातार कमी देखने को मिल रही है। जनवरी 2022 में देश में बेरोजगारी की दर 8.2 प्रतिशत थी जो अप्रेल-जून 2022 तिमाही में घटकर 7.6 प्रतिशत तो वहीं जुलाई-सितम्बर 2022 तिमाही में 7.2 प्रतिशत, अकटोबर-दिसम्बर 2022 तिमाही में 7.2 प्रतिशत से घटाकर जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में 6.8 प्रतिशत पर आ गई है। सीएमआईई द्वारा जारी एक अन्य जानकारी के अनुसार, भारत में बेरोजगारी की दर मार्च 2023 में घटकर 7.6 प्रतिशत हो गई है जो मार्च 2022 में 8 प्रतिशत एवं मार्च 2021 में 10 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक) में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में घटकर 9.2 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि एक वर्ष पहिले इसी तिमाही में 10.1 प्रतिशत थी। वहीं, पुरुषों में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर इस वर्ष पहली तिमाही में कम होकर 6 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व 2022 की जनवरी-मार्च तिमाही में 7.7 प्रतिशत थी। देश में राज्यवार बेरोजगारी का विश्लेषण करने पर ध्यान में आता है कि 10 प्रतिशत से अधिक बेरोजगारी की दर वाले राज्य हैं, हरियाणा में 37.4 प्रतिशत, राजस्थान में 28.5 प्रतिशत, दिल्ली में 20.8 प्रतिशत, बिहार में 19.1 प्रतिशत, झारखंड में 18 प्रतिशत, जम्मू कश्मीर में 14.8 प्रतिशत, त्रिपुरा में 14.3 प्रतिशत एवं सिक्किम में 13.6 प्रतिशत है।

सीखो-कमाओ योजना से आत्मनिर्भर होता मध्यप्रदेश का युवा

निलय श्रीवास्तव

आत्मनिर्भरता को सही मायने में समझना हो तो मध्यप्रदेश आना ही होगा। शिवराज सिंह सरकार ने मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने की दिशा में जो कदम उठायें हैं उससे यह बात स्वतः ही प्रमाणित हो जाती है। शिवराज सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग का ख्याल रखा है। महिलाओं का उत्थान हो या मूलभूत आवश्यक जरूरतों की बात हो, प्रदेश के लोगों की चिंता दूर करने में सरकार ने अपने प्रयासों में कहीं कोई कमी नहीं आने दी। इसी श्रृंखला में युवा वर्ग के भविष्य को लेकर भी अभिनव प्रयास हुए हैं। प्रसंगवश बताते चलें कि मध्यप्रदेश का युवा अत्यंत संघर्षशील रहकर कम संसाधनों में ही अपना जीवन-यापन करता रहा है। मध्यप्रदेश में रोजगार के संसाधन कम होने से अनेक प्रकार की समस्या आती हैं। संघर्षों के दौर से भी गुजरना पड़ता है। युवाओं की इस पीढ़ा को मध्यप्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने महसूस किया और विकल्प के रूप में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का प्

संक्षिप्त खबरें

दुर्गा पूजा कमिटी द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत जम्होर के हृदयस्थली दुर्गा मैदान के प्रांगण में दुर्गा पूजा कमिटी के तत्वावधान में गायत्री परिवार ट्रस्ट के विशेष आग्रहित अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के कुशल एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा 6 अक्टूबर को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए दुर्गा पूजा कमिटी के वरीय सदस्य नवनीत कुमार ने बताया कि उक्त तिथि को निशुल्क नेत्र जांच शिविर में नेत्र रोग से पीड़ित व्यक्तियों का जांच किया जाएगा।पीड़ित पाए जाने पर दवाई भी दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर चिन्हित किए गए मरीज का मोतियाबिंद का ऑपरेशन के लिए ट्रस्ट के अस्पताल में बाहर भेजा जाएगा। इस तरह के आयोजन पर जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कमिटी को बधाई दी एवं कहा कि इस तरह के आयोजन से जरूरतमंद व्यक्तियों को विशेष लाभ मिलती है।सामाजिक समरसता भाईचारा को बढ़ावा मिलती है साथ ही साथ इस कार्य में सभी ग्राम वासियों को सहयोग करने की अपील भी की।

स्टेशन पर रेस्क्यू अभियान में दी गई योजनाओं की जानकारी

बेगूसराय। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई बेगूसराय द्वारा टीम गठित कर बेगूसराय के रेलवे परिसर प्लेटफार्म नंबर एक व दो में लगातार रेस्क्यू का अभियान जारी है। जिसमें स्ट्रीट चिल्ड्रन व ट्रांसिट रेस्क्यू चिल्ड्रन जैसे बच्चे नहीं मिल पाए, लेकिन एक ऐसा परिवार दिखा, जिसमें पति-पत्नी एवं बच्चे एक आंख से विकलांगता नजर आया। जिन्हें सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। लेकिन अन्य लाभ हेतु रणवीर कुमार के द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित टी.एस.एन के लीडिंग प्रखंड समन्वयक गुलशन कुमार व सामाजिक कार्यकर्ता निक्की कुमारी व अमृता कुमारी आउटरीच वर्कर रणबीर कुमार थे। अभियान में साथ निभा रहे रेल थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने इस रेस्क्यू अभियान में भाग लेकर हम लोग के साथ पूरे परिसर में व ट्रेन के बोगियों के डब्बे में छानबीन करने का कार्य किया गया।

रक्सौल में लगने वाले महाजाम एवं अवैध पार्किंग को लेकर ईओ से हुई वार्ता

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल में प्रतिदिन लगने वाले महाजाम, अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण से निजात को लेकर स्वच्छ रक्सौल संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह के साथ टेंपू संघ के अध्यक्ष ब्रह्मदेव पटेल ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव से मिलकर इस समस्या को बताया। इस दौरान उन्होंने भारत-नेपाल को जोड़ने वाले रेलवे फाटक 33 ए के पास अवैध रूप से लगने वाले नेपाली टेम्पू व ई रिक्शा के कारण लगने वाले जाम के बारे के अवगत कराया गया। इससे पूर्व स्वच्छ रक्सौल संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह के द्वारा पूर्वी चंपारण के डीएम से मिल इन सभी समस्याओं से निजात दिलाने को आग्रह किया गया था। जिसके बाद डीएम ने रक्सौल कार्यपालक पदाधिकारी को इससे निजात दिलाने को लेकर पहल करने की बात की थी। इन सभी समस्याओं से निजात दिलाने को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव ने स्वच्छ रक्सौल संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह व टेंपू संघ के अध्यक्ष ब्रह्मदेव पटेल के साथ बैठक कर जाम, अतिक्रमण व अवैध रूप से पार्किंग से निजात को लेकर पहल शुरू कर दिया है। उक्त बावत नप के ईओ अनुभूति श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे फाटक से लेकर कस्टम तक लगने वाले ई रिक्शा व टेंपू एक ही लाइन में रहेंगे, जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए दो पुलिस बल व एक लिपिक को तैनात किया जाएगा। अगर टेंपू चालक यातायात नियमो का पालन नही करेंगे तो 500 की चालान नगर परिषद के द्वारा काटी जाएगी। उन्होंने कहा कि टेंपू स्टैंड के लिए जगह खोजा जा रहा है। मिलते ही वहां टेंपू स्टैंड शिफ्ट कर दिया जाएगा। जिससे बहुत हद तक निजात मिल जाएगी। वही उन्होंने बताया कि मेन रोड में बाटा चौक से हजारीमल हाई स्कूल तक के अवैध रूप से सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले 25 लोगों को चिन्हित किया गया है। उनपर भी कार्रवाई की जा रही है। ईओ अनुभूति श्रीवास्तव ने बताया कि पांच जगहों को चिन्हित किया गया है पोस्ट ऑफिस के पास, थाना के पास, हजारीमल हाई स्कूल, बाटा चौक व कौड़िहार चौक जहां पर पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। वही शहर में ई रिक्शा की बढ़ती संख्या को देखते हुए डीटीओ से संपर्क कर बिना नंबर प्लेट ई रिक्शा व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चलाने वाले ई रिक्शा चालकों पर कार्रवाई कराई जाएगी। मौके पर नप जेई राज कुमार राय, सफाई निरीक्षक रामनरेश कुशवाहा, प्रधान लिपिक सागर गुप्ता, टेक्स दरोगा कृष्ण नंदन सिंह, दीपेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

अपहरण मामले में पांच पर एफआईआर दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थानाक्षेत्र के एक गांव के एक पिता ने अपने नवालिग लड़की अपहरण से संबंधित खजौली थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें थानाक्षेत्र के बेहटा गांव निवासी गुलसन कुमार हंशराज यादव सुमित्रा देवी रौशन कुमार यादव एवं समता कुमारी को नामजद आरोपी बनाया गया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार घटना 21 सितम्बर के शाम की है वह खजौली बाजार में आयोजित गणेश मेला देखने आयी थी। जहां से इन लोगों ने शादी की नियत या बेचने के नियत से उसका अपहरण कर लिया। ये सभी लोग सुनियोजित तरीका से नवालिक लड़की का अपहरण किया है। ऐसा आरोप लगाया है। आवेदन में लिखा है कि इन सारी घटना को उसके परोसी संतोष कुमार यादव ने देखा। गुलशन कुमार ने इन सबों के साथ मिलकर उसके बेटी को बहला फुसलाकर मेला के पश्चिम दिशा में खड़े चार पहिये वाहन में बैठा कर ले गया। वो चिल्लाती रही। इन सारी घटना की जानकारी उसने अपहृता पिता को दिया। इसके बाद गुलशन के घर गया तो वह एक सप्ताह में बेटी को लौटा देने की बात कही। नहीं लौटाया तो पंचायत बुलाया जिसमें वो लोग इन लोगों के साथ बदसलुकी किया अपमानित किया पंचायत से फैसला पूरी हो जाने की प्रत्यास में थाना मे एफआईआर देर से हुई इस मामले को लेकर थानाध्यक्ष सुरेद्र पासवान ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की जांच की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई होगी।

सड़क दुर्घटना में घायल रंजीत को उपचार के लिए आर्थिक सहायता की दरकार

प्रात : किरण संवाददाता

औरंग ाबाद। मदनपुर प्रखंड के बेरी सलैया थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी संजय मेहता के पुत्र 40 वर्षीय रंजीत कुमार का 20 दिन पूर्व किसी कम से सलैया जा रहे थे स्कार्पियो ने बुरी तरीके से रंजीत के ऊपर चढ़ा दिया जिससे बाया पैर का जांग टूट गया उसके बाद सदर अस्पताल में इनका इलाज शुरू कराया गया तो बेहतर इलाज हेतु इनको रेफर हाई सेंटर कर दिया गया मगर आर्थिक स्थिति से कमजोरी के साथ-साथ मजदूरी कर भरण पोषण करने वाले रंजीत कुमार को इस समय बेहतर ऑपरेशन और बेहतर दवाइयां के बारे लिए जूझना पड़ रहा है क्योंकि आर्थिक स्थिति से कमजोर हैं मदद नहीं रहने के कारण इलाज भी सही तरीके से नहीं हो पा रहा है और एक परिवार के सहारे पूरा परिवार इनके ऊपर आश्रित आश्रित है बताया जा रहा है कि जांग में लोहे का रड देकर ऑपरेशन के साथ-साथ निकल भी जाएगा और दवाइयां भी लिखी गई है 4 से 5 लख रुपए की खर्च बताई गई है जिसके लिए यह घायल युवक मौत और जिंदगी से जूझ रहा है खाने खाने के लिए मोहताज है मगर किसी जनप्रतिनिधि से लेकर किसी ने रुचि नहीं ली है की मदद किस तरीके से कराई जाए घायल रंजीत ने बताया कि मुझे बुरे वक्त में कांग्रेस नेता मोहम्मद शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान का सहारा मिला और मुझे हर तरीके का सहयोग भी किया और सहयोग करने का आश्वासन भी दिए हैं और मोबाइल की जरिए से हाल-चाल दिन प्रतिदिन ले रहे हैं इनको रेफर हाई सेंटर कर दिया गया मगर आर्थिक स्थिति से कमजोरी के साथ-साथ मजदूरी कर भरण पोषण करने वाले रंजीत कुमार को इस समय बेहतर ऑपरेशन और बेहतर दवाइयां के बारे लिए जूझना पड़ रहा है क्योंकि आर्थिक स्थिति से कमजोर हैं मदद नहीं रहने के कारण इलाज भी सही तरीके से नहीं हो पा रहा है और एक परिवार के सहारे पूरा परिवार इनके ऊपर आश्रित है बताया जाता है कि जांग में लोहे का रेड देकर ऑपरेशन के साथ-साथ निकल भी जाएगा और दवाइयां भी लिखी गई है 4 से 5 लख रुपए की खर्च बताई गई है जिसके लिए यह घायल युवक मौत और जिंदगी से जूझ रहा है जिला प्रशासन के साथ प्रशासन के साथ-साथ समाजसेवियों से भी कांग्रेस नेता शालू खान ने अपील किया है कि हम सभी को मिलजुल कर इस संकट में घायल पीड़ित को मदद करने की आर्थिक रूप से जरूरत है ताकि इनका इलाज हो सके और जान बच सके इंसानियत के नाते जो भी है इनको मदद करने में पीछे नहीं हटना चाहिए ताकि आने वाला वक्त किसी भी कोई भी व्यक्ति अपनी जिन्दगी को बचा सके।

कहरा प्रखंड के प्रशिक्षित शिक्षकों की स्नातक ग्रेड में होगी प्रोन्नति : राजीव कुमार रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। बिहार राज्य प्रारम्भिक शिक्षक संघ के कहरा प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई को प्रखंड के प्रशिक्षित शिक्षकों के स्नातक ग्रेड में कालबद्ध प्रोन्नति हेतु एक पत्र सौंपा। इस मौके पे प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि इंजिनियर ललित कुमार यादव और संघ के मणिकांत कुमार भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि बिहार पंचायत प्रारंभिक विद्यालय सेवा नियुक्ति, प्रोन्नति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्यवाही एवं सेवा शर्त नियमावली 2020 के कंडिका 16 के एवं के आलोक में पंचायत प्रारंभिक शिक्षक संवर्ग के मूल कोटि के शिक्षक पद पर योगदान की तिथि तथा अनुमान्य प्रशिक्षण अहर्ता प्राप्त करने की तिथि से न्यूनतम 12 वर्ष लगातार संतोषजनक सेवा के आधार पर अगले वेतनमान स्नातक कोटि में प्रोन्नति का प्रावधान किया गया है। उक्त संदर्भ में शिक्षा विभागीय अधिसूचना संख्या 709 दिनांक 21 अगस्त के कंडिका 16 के आलोक में कालबद्ध प्रोन्नति एवं कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के ज्ञापांक- 332 दिनांक 22/02/2023 द्वारा आदेश पत्र जारी हो चुका है।प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने कहरा के कार्यरत शिक्षको को बीएलओ कार्य से मुक्त करने की अपील भी किया। गौरतलब है कि आधिकारिक रूप से शिक्षकों को सभी गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त रखना है। विद्यालय में सुबह 9 बजे से सांय 4 बजे तक शिक्षण कार्य कर शिक्षक थक जाते हैं। विद्यालय अवधि से पहले या उसके बाद कार्य करने को बोला जाता है जो कि संभव नहीं है। विद्यालय के बाद परिवार और बच्चों की देखभाल और कार्य होते हैं जिसे करना भी महत्वपूर्ण होता है।प्रखंड अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सार्वजनिक अवकाश में भी शिक्षकों से कार्य लिया जाता है। पर क्षतिपूर्ति अवकाश देने के नाम पे संबंधित विभाग आना कानी करते हैं।

अब रेल पुलिस पाठशाला में वंचित बच्चें ले सकेंगे शिक्षा, डीएसपी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। मुजफ्फरपुर क्षेत्र रेल पुलिस अधीक्षक डॉ .कुमार आशीष के निर्देश पर रेलवे स्टेशन रक्सौल पर रेल पुलिस पाठशाला का उद्घाटन बीते शाम रेल डीएसपी उमेश कुमार ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि रेल पुलिस पाठशाला गरीब, असहाय, लावारिस, कचरा बीनने वाले व जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा व अच्छे संस्कार देने के उद्देश्य से आरम्भ किया गया है, ताकि ऐसे बच्चों को अपराध की दुनिया में जाने से रोक देश का जिम्मेवार नागरिक के रूप में विकसित कर अपराध नियंत्रण किया जा सके।

डीएसपी श्री कुमार ने यह भी कहा कि पुलिस पाठशाला में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी, जिसे शिक्षित करने के लिए एक महिला सिपाही को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस पाठशाला में रेल पुलिस अधिकारी भी वर्ग संचालन लेंगे। उक्त बाबत रेल थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दिन के पाठशाला में कुल चौदह बच्चों का नामांकन किया गया। इनको शिक्षा देने के लिए रेल पुलिस कांस्टेबल आराधना कुमारी को नियुक्त किया गया है। पाठशाला में वैसे बच्चों को शिक्षा देकर उनका बौद्धिक विकास करके समाज कि मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जायेगा, जो झुग्गी-झोपड़ी में रहने को मजबूर है आदि। मौके पर स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर एसके मिश्रा, रेल थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, एसआई रामानंद सिंह, सरोज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पोखर में डूबने से बालक की मौत, कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा - थाना क्षेत्र के सहुरिया पश्चिमी पंचायत स्थित धमसैना पोखर में डूबने सें एक बालक की मौत हो गई। मृतक गांव के ही वार्ड 2 निवासी विवेक कुमार उर्फ बोआ रजक का करीब 7 वर्षीय पुत्र भवेश कुमार बताया गया हैं।घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि मृतक बालक अपने साथी के साथ पोखर में स्नान करने गया। इस क्रम में ज्यादातर गहरा पानी में चला गया।जब तक साथ में स्नान कर रहें साथी घर पर पहुंच कर सूचना दिए और जब तक परिवार के लोग पहुंच कर उसे पानी से बाहर निकालते तब तक वह अंतिम सांस ले चुका था। घटना की सूचना पर सौरबाजार एसआई विशाल कुमार अपने सदर बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की तहकीकात कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया। वही सीओ अनुपम कुमारी नें भी घटनास्थल पहुंचकर मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। इधर स्थानीय पूर्व मुखिया प्रतिनिधी अनिमेष कुमार ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और 2 हजार रुपेया आर्थिक सहयोग दिए और हर संभव मदद करने आश्वासन दिया।

डीएसएम कॉलेज में मोबाइल की टॉर्च जलाकर परीक्षार्थियों ने दिया आंतरिक परीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा-गुरूवार को नगर स्थित डीएसएम कॉलेज में संचालित हो रही आंतरिक परीक्षा में मोबाइल की लाईट में परीक्षार्थी के द्वारा परीक्षा दिये जाने का एक तस्वीर सामने आई जिसमें एक कक्षा में अंधेरा छाये हुये और छात्रा अपने अपने हाथो मे मोबाइल की टॉच जलाकर परीक्षा दे रही है। छात्र राजद विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष नेता मनीष कुमार ने कॉलेज की ऐसी व्यवस्था पर अपनी नाराजगी जताया और कहा कि कॉलेज में अगर परीक्षा संचालित किया जा रहा है तो ऐसे मे परीक्षाथीयो के लिये लाईट की उत्तम व्यवस्था भी की जानी चाहिये ताकि परीक्षाथीर्यो को परीक्षा के दौरान समस्या न हो।वही कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर अफजर शमसी ने बताया कि बारिश के कारण बिजली कट जाने के कारण कमरे में अंधेरा छा गया था और परीक्षार्थी निर्धारित समय का ख्याल रखते हुये परीक्षा ससमय पूरा कर ले इसलिये मोबाइल की लाईट जलाकर परीक्षा को पूरा किया।प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान समय में छात्र-छात्राओ की संख्या बढ़ी है और छात्र-छात्राओ के लिये सुविधा भी मुहैया करवाया जा रहा है।परीक्षा में परीक्षाथीर्यो की संख्या मे बढ़ोतरी हुई ऐसे में पूर्ण सुविधा मुहैया करवाने में थोड़ी परेशानी आई।

डांस और सिंगिंग के क्षेत्र में सहरसा की यह दो बेटियां अब नेशनल में मचाएंगी धूम

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा । कहते हैं अगर मन में जुनून हो तो कामयाबी आपकी सफलता चूमती है बिहार की लड़कियां भी अब विभिन्न खेल जगत में खूब आगे बढ़ रही है और अपने जिले और राज्य का नाम रोशन कर रही है। खेल जगत से लेकर डांस की दुनिया अब बिहार की बेटियां खूब आगे बढ़ रही है. बिहार की बेटी भी अब डांस की दुनिया में गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल जीतकर अपने राज्य और जिला का नाम रोशन कर रही है. हाल ही में बिहार के खगड़िया जिले में आयोजित राज्य स्तरीय डांस और सिंगिंग प्रतियोगिता में सहरसा जिले के दो बेटी ने सफलता की सीढ़ी पार की है , जिसमें रोहिणी सिंह और सारिका सिंघम सिंह है. हम आपको बिहार की दो बेटी रोहिणी सिंह और सारिका सिंघम सिंह से रूबरू करवाते हैं. रोहिणी और सारिका के इस मुकाम तक पहुंचने का सफर मुश्किल भरा रहा है. रोहिणी के पिता का देहांत वर्ष 2009 में ही हो गया था.इसके बावजूद भी रोहिणी और सारिका डांस के प्रति आकर्षित रहती थी.उस समय रोहिणी के घर में टीवी नहीं था.वह बगल की सहेली के घर जाकर डांस कॉम्पिटिशन का वीडियो देखा करती थी । इससे उसके मन में यह जिज्ञासा हुई कि उसे भी डांस कॉम्पिटिशन की तैयारी करनी चाहिए. फिर क्या था,उसने अपनी मां नैना सरकार से इसकी इजाजत ली और डांस की दुनिया में कदम रख दिया. सारिका बताती हैं कि वह यू-ट्यूब पर डांस का वीडियो देखकर सीखा करती थी. लगातार प्रयास के बाद हुआ वह डांस करना भी सीख गई । जिसमे बाद निजी डांस एकेडमी के नवीन सिंह का सहयोग उन्हे मिलता रहा और वह आगे बढ़ती रही ।

वह बताती हैं कि पिता का साया उठ जाने के बाद परिवार का जिम्मा उसकी मां नैना सरकार पर आ गई थी । वह एक कॉलेज की प्रोफेसर हैं. उन्होंने भी अपनी बच्चियों का हौसला अफजाई करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी. वह बताती हैं कि बेटी जहां तक जाना चाहती है उसके लिए भी पूरी मेहनत करेगी. हालांकि अब सारिका और रोहिणी नेशनल के लिए चयनित हो चुकी है और उसकी तैयारी कर रही है आपको यह भी बता दे की सारिका की बड़ी बहन रोहिणी सिंह सिंगिंग के क्षेत्र में और डांसिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और उन्हें भी अब नेशनल में सिंगिंग के क्षेत्र में जाने का मौका मिलेगा इससे पूर्व रोहिणी कई बार इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है और जीत भी हासिल कर चुकी है वहीं बड़ी बहन को देख छोटी बहन के मन में भी जिज्ञासा उठा और डांस की दुनिया में कदम रख अब वह भी आगे बढ़ रही है।

शराब कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेजा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रात्री गस्ती के दौरान खजौली पुलिस ने मैना टोल एवं बेला कोठी के बीच पुलिया के समीप 300 बोतल शराब एवं बाईक के साथ एक कारोबारी को पकड़ा शराब कारोबारी की पहचान मैना टोला गांव निवासी उमेश कुमार के रूप में हुई है । पकराये युवक को गुरूवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसआई मदन उरांव के लिखित आवेदन पर थाना में एफआईआर हुआ है। एफआईआर के अनुसार पुलिस रात्री गस्त कर रही थी मैनाटोल एवं बेला कोठी के बीच पुलिया के समीप एक बाईक पर प्लास्टिक की दो बोरी लेकर आ रहा था। पुलिस की वाहन देखते ही वह बाईक गिरा कर भागने लगा। पुलिस बल की सहयोग से उसे पकड़ा गया । बोरी की तलाशी ली गई तो प्रत्येक बोरी में पांच-पांच कार्टून नेपाली देशी शराब क 300 बोतल था। पकराये शराब कारोबारी बाईक एवं जब्त शराब को थाना लाया गया।

शिक्षक के नेतृत्व में कन्याओं ने निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के भकुआ पंचायत के वार्ड दो मे मरार व लसकरिया गांव के सहयोग से गुरुवार को जीमूतवाहन मंदिर परिसर में श्री श्री 108 श्री जीमूतवाहन पूजा समिति के अध्यक्ष शिक्षक रामाशीष राम के नेतृत्व में 251 कन्याओं की भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई. इस भव्य कलश शोभा यात्रा का उद्घाटन कर्ता मुख्य अतिथि जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह पूर्व सरपंच राम प्रसाद राम शिक्षक रामाशीष राम द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया. वही कलश शोभा उद्घाटन के बाद सभी मुख्य अतिथि को पूजा समिति की ओर से पाग दोपता व माथे पर तिलक लगाकर सम्मानित किया गया. वही उद्घाटन के बाद सभी कलश यात्री माथे पर कलश को धारण करके गाजे बाजे के साथ जीमूतवाहन जितिया महाराज की जय जय कार लगाते हुए लस कारिया ढोल बाजा मरार गांव की प्रक्रिमा करते हुए सभी कलश यात्री कन्याएं ओलार हाट स्थित पवित्र धौरी नदी में जल बोझ कर पुन वापस ढोल बाजा मरार स्थित जीमूतवाहन पूजा स्थल पर लाकर पंडितों द्वारा वेद मंत्र उच्चारण करके पुजारी देव कुमार राम एव राम चन्द्र राम के हाथों कलश का स्थापना कराया गया. वही कलश स्थापना के बाद पूजा पंडाल में विधिवत पूजा अर्चना शुरू की गई. इस पूजा के दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष शिक्षक रामाशीष राम ने कहा कि यह जीमूतवाहन जितिया भगवान की पूजा अर्चना 5 से 7 अक्टूबर तक चलेगी व 8 अक्टूबर को संध्याकाल में प्रतिमा को भसान की जाएगी. उन्होंने जीमूतवाहन जितिया की पूजा वर्ष 2014 से ढोल बाजा मरार और लसकरीया गांव के संयुक्त सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बडी धूमधाम से पूजा अर्चना मनाया जा रहा है.इस पूजा के अवसर पर मेला का आयोजन के साथ पूजा स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस कलश शोभा यात्रा के मौके पर वीरेंद्र कुमार निराला सुरेंद्र दास भानु प्रताप सिंह दीपक कुमार सिंह,दिलीप कुमार ठाकुर सहित ग्रामवासी शामिल थे।

मुख्य पार्षद ने किया विभिन्न वार्डों में कुल 8 योजनाओं का शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। बखरी नगर परिषद् की सभापति गीता देवी कुशवाहा ने नगर के विभिन्न वार्डों में कुल 8 योजनाओं का शिलान्यास किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य पार्षद ने कहा कि कुल 2 करोड़ 67 लाख 01 हजार 215 रुपए की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क, फेवर ब्लॉक व नालों के संजाल से शहर के विकास को और अधिक गति मिलेगी। योजनाओं के चयन में वार्ड की जनता की जरूरतों का खासा ख्याल रखा गया है। वहीं शहर के विभिन्न मुहल्लों से जल निकासी की भी चिंता की गयी है।जिसमें कपूरी चौक स्थित सेवा सदन गली मोड़ पर आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य पार्षद ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक किसी ने इस मुहल्ले से जल निकासी की चिंता नहीं की थी। कुल 68 लाख की लागत से बनने वाली दो योजनाओं के क्रियान्वयन से वार्ड संख्या 21 व 22 के लोगों को जहां जल जमाव की समस्या से मुक्ति मिल जायेगी। वहीं बाजार में जाम की स्थिति होने पर अंबेडकर चौक की तरफ आने जाने वालों लोगों को वैकल्पिक मार्ग भी मिल सकेगा। बोलीं, शीघ्र ही मुख्य बाजार में सेन्ट्रल बैंक के सामने लल्ला चित्रालय से विवेकानंद चौक होते हुए महादेव स्थान चौक तक कुल 47 लाख 52 हजार 123 रुपए से बनने वाली आरसीसी नाले का कायार्रंभ भी कर दिया जायेगा।मौके पर सशक्त स्थायी समिति के सदस्य निशा कुशवाहा, अनिता देवी, पूर्व पार्षद सिधेश आर्य, राजू कुशवाहा, पार्षद हीरा कुमार राम, समीर श्रवण, उमेश पाठक, बब्बन पासवान, शिव नारायण दास, लक्ष्मी कुमारी, रूबी देवी, रंजन कुमार, रंजीत साह आदि मौजूद थे।

बाइक और पिकअप के बीच हुई टक्कर में मांमा की मौत, भांजा घायल

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। गुरुवार को बाइक और पिकअप वैन के बीच हुई टक्कर में बाइक पर सवार दो युवकों में से एक युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक बाइक सवार में से एक युवक की पहचान बेगूसराय मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सूजा भरा गांव निवासी महेश शर्मा के पुत्र लालू कुमार शर्मा के रूप में की गई। जबकि गंभीर रुप से घायल युवक की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। मृतक लालू कुमार शर्मा और घायल राजेश कुमार दोनों आपस के रिश्ते में मामा और भांजा लगते हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि एक बाइक पर सवार होकर दोनों मामा और भांजा खगड़िया एक रिश्तेदार के यहां बेगूसराय से गये थे। जहां मुलाकात करने के बाद वापस लौटने के दौरान उनकी बाइक और पिकअप गाड़ी के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें मामा की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गयी तथा भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। बलिया की पुलिस ने घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक मामा लालू कुमार के शव को अपने कब्जे में लेकर बेगूसराय सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए भांजा राजेश को पुलिस ने इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

संक्षिप्त खबरें

दुर्गा पूजा को लेकर 29 लोगों ने दाखिल किया बॉन्ड पेपर

मुंगेर। दुर्गा पूजा दीपावली छठ पर्व को लेकर हवेली खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध धारा 107 की कार्यवाही शुरू कर दी है। गुरुवार के दिन थाना परिसर में थाना अध्यक्ष के अध्यक्षता और अनुमंडल के पेशकार अभिषेक कुमार के उपस्थिति में 29 असामाजिक तथ्यों से बांड लिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गा पूजा दीपावली छठ पर्व में असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी प्रकार का शांति भंग ना करें इसके पूर्व ही अनुमंडल दंडाधिकारी आदित्य कुमार झा के आदेश पर हवेली खड़गपुर थाना परिसर में कैंप कोर्ट लगाया गया। जहां 29 लोगों से 107 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत बॉन्ड पेपर भराया गया है। गुरुवार के दिन थाना परिसर में लगाया गया कैंप कोर्ट में दंडाधिकारी मौजूद नहीं थे। थाना परिसर में कैंप कोर्ट का अध्यक्षता थाना प्रभारी के द्वारा किया गया है । इस संबंध में एक वीडियो वायरल हुआ है। जानकार लोगों का कहना है कि मजिस्ट्रेट के उपस्थिति में ही 107 के आरोपितों से बॉन्ड पेपर लेना चाहिए था।

दो जिलों को जोड़ने वाला पुल अब तक नहीं हुआ चालु

संग्रामपुर (मुंगेर)। जिला एवं बांका जिला को जोड़ने वाला सहौडाबाडू्आ नदी पर पुल बनकर तैयार है। पुल बने महीनों हो गए लेकिन अप्रोच पथ पूरा नहीं किए जाने से दूर दराज एवं आसपास के ग्रामीणों में इसको लेकर काफी नाराजगी है। बरसात मे मौसम मे स्तिथि इतनी खराब है की दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन तो दूर की बात है। पैदल भी पार करना मुश्किल हो रहा है। वही ग्रामीणों मे संवेदक के प्रति काफी आक्रोश है। क्योंकि कुछ ही दिन बाद दुगार्पूजा सुरु होने वाला है। जिसको लेकर प्रतिमा बनने की तैयारी शुरू हो चुकी है। दूसरी तरफ दुर्गा पूजा में सप्तमी रात्रि को बली देने की प्रथा है। जो की उसी रास्ते से होकर जाना होता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल के लिए कई सालों तक संघर्ष किया है, तब जाकर पुल का निर्माण किया गया है। लेकिन अप्रोच पथ के कारण अधूरा पड़ा है जो की अब नासूर बन गया है।

बजरंगदल का संग्रामपुर में भव्य स्वागत

संग्रामपुर (मुंगेर)। बजरंगदल शौर्य जागरण यात्रा संग्रामपुर पहुंचते ही बजरंगदल के कार्यकताओं ने बजरंगदल के प्रांतीय अध्यक्ष का जय श्री राम का नारा लगाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।बजरंगदल का शौर्य जागरण यात्रा के प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया की बजरंग दल सदैव हिंदुत्व के लिये संघर्षरत है, देश और धर्म पर आने वाले संकटों से सामना करने मे सर्व प्रथम तैयार है,उन्होने कहा रामसेतु को बचाना है, गौ रक्षा करना हो या हिंदु बहन बेटीयों को लव जिहाद के षडयंत्र से बचना हो या हिंदू नवयुवकों को संस्कारी बनाना या फिर अखंड भारत बनाना है ।इसी को लेकर बजरंग दल द्वारा संपूर्ण देश मे शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।आज संग्रामपुर बजरंगबली चौक के समीप आरती के बाद रात्रि विश्राम करेगें एवं सुबह संग्रामपुर नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए लखीसराय जायेगें।

प्राथमिक विद्यालय का पुराना भवन भरभरा कर गिरा

संग्रामपुर (मुंगेर) ।प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय झिट्टी का पुराना जर्जर भवन मंगलवार की रात्रि 02 बजे करीब भरभरा कर जमींदोज हो गया। भवन गिरने से कोई अप्रिय घटना घटने की सूचना नहीं है। सुबह विद्यालय की ओर घुमने गये ग्रामीणों ने वर्षों से जर्जर पड़े विद्यालय भवन को गिरा हुआ पाया। ग्रामीणों की मानें तो हादसा का शिकार भवन काफी पूराना था। विद्यालय का संचालन विद्यालय परिसर में बने नये भवन में होने से इस पुराने जर्जर भवन को पूरी तरह लवारिस अवस्था में छोड़ दिया गया था।कई बार विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक चंदन कुमार सिंह से जर्जर पड़े भवन को जमींदोज करवाने के लिए विभाग को लिखने का आग्रह किया गया था। लिखा भी लेकिन कोई विभागीय पदाधिकारी इस और ध्यान नही दिए।जबकि प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने नये भवन के बारे में भी लिखा है कि नया भवन का उपरी ढलाई का चट्टान गिर रहा है।कभी भी हादसा हो सकता है।लेकिन विभागीय पदाधिकारी इस पर कोई रूचि नहीं ले रहे है। विद्यालय संचालन के क्रम में बच्चे इस भवन परिसर में खेला करते हैं। यदि हादसा विद्यालय संचालन के वक्त होती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। ग्रामीणों ने इस संबंध में शिक्षा विभाग को शिथिलता बरते जाने का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया।ग्रामीणों ने कहा कि नये भवन की भी स्थिति चिंताजनक है।कभी भी हादसा को आमंत्रण दे सकता है।

सड़कों पर जलजमाव की समस्या को ले लोगों में दिखा आक्रोश

जलजमाव को लेकर लोगों का फूटा गुस्सा, सड़कों पर जमाव नाले के पानी में बैठ किया विरोध प्रदर्शन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। शहरी क्षेत्र के दक्षिण क्षेत्र स्थित वार्ड नं. 49, 50 व 51 में वर्षों से जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है, लेकिन इस पर सुधी लेने वाला कोई नहीं चाहे वह जिला प्रशासन हो या नगर निगम प्रशासन क्षेत्र इलाके की स्थिति को लेकर राजनेता सिर्फ राजनीतिक रोटी को सेंकने के उद्देश्य से मतदाता के बीच ताना-बाना बुनने का काम करते रहे हैं।

आलम यह है कि क्षेत्र इलाके के रहने वाले लोगों को स्कूल, कॉलेज, बाजार, दफ्तर आदि जगहों पर जाने आने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसकी शिकायत यहां के लोग बरसों से जिलाधिकारी से लेकर कई पदाधिकारी को आवेदन के रूप में दे चुके हैं, लेकिन यह समस्या जस के तस यूं ही जलमग्न स्थिति में बनी हुई चल रही है। इलाके में जलजमाव होने के चलते मच्छर के प्रकोप से जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, हैजा रोग बीमारी

क्षेत्र इलाके के लोगों में काफी तेजी से फैलते दिख रहा है। जलजमाव व कूड़े कचड़े व विषैले तत्व कीड़े के चलते शहरी क्षेत्र के इलाके में काफी तबाही मचा हुआ है। आलम यह है कि आसपास के घरों में डेंगू रोग का प्रकोप तेजी से फैलाव के साथ एक विकराल रूप धारण कर रहा है। इस जलजमाव संकट से मुक्ति की मांग को ले वार्ड नंबर 49, 50 व 51 के लोग काफी आक्रोशित दिख रहे हैं, और वही सड़क पर जमाव नाले के पानी में बैठकर स्थानीय जिला प्रशासन व नगर निगम प्रशासन के कार्यशैली के विरोध में उनके विरुद्ध जमकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया है। वही लोगों ने जलजमाव के बीच बैठ कर जल सत्याग्रह कर रहे है। इस दौरान लोगों ने जिला व निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ना तो नगर निगम के पदाधिकारी इस पर संज्ञान ले रहे हैं और ना ही मेयर और उपमेयर, शहर को साफ रखने का जिम्मा नगर निगम ने प्राइवेट कंपनी को दे रखा है, और वह अड़ियलपन रवैया अपनाने के साथ क्षेत्र में लोगों से पेशाते है। शहर के साफ सफाई करने वाली प्राइवेट कंपनी भागलपुर जैसे रेशमी शहर को नर्क बनाकर छोड़ दिया है यह कहीं से सही नहीं है। वही भारतीय जनता पार्टी के भागलपुर जिलाध्यक्ष संतोष साह ने कहा कि जब तक यह जल जमाव की समस्या समाप्त नहीं हो जाती तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। वही जानकारों ने बताया कि आपको ज्ञात हो कि विगत कुछ साल पूर्व भाजपा के विधायक ने सदन में जलजमाव की समस्या को लेकर सवाल उठाया था तो वही भोलानाथ पुलिस पर जलजमाव से निपटने के लिए क्षेत्र के लोगों के लिए फ्लाई ओवर ब्रिज का मुद्दा कांग्रेस के नेता सह विधायक अजित शर्मा ने उठाया था। वही क्षेत्र की जनता का भरोसा हासिल करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने एक प्रेसवार्ता के दौरान फ्लाई ओवर ब्रिज के प्रस्ताव को पास करने व जल्द कार्य शुरू करने की बात से अवगत कराया था। वही सरकार के बदलाव के आपाधापी में उक्त कार्य की शुरूआत अधर में लटकी हुई चल रही हैं। अब सवाल यह उठता दिख रहा है कि क्षेत्र के इस जलजमाव को लेकर पुनः एक बार फिर भाजपा दल के लोगों ने मुद्दा उठा कर अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन करने की शुरूआत कर दी है, ये माजरा क्या है अबतक शहर के लोगों के समझ में नही आता दिख रहा है।

53 दिवसीय माली प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ : प्राचार्य

प्रात : किरण ब्यूरो

सबौर (भागलपुर)। कृषि विज्ञान केन्द्र सबौर के सभागार में 53 दिवसीय माली प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण की शुरूआत अधिष्ठाता कृषि डॉ. अजय कुमार साह एवं प्राचार्य सह अधिष्ठाता डॉ. एसएन राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान अनिता कुमारी ने कहा कि हमारा यह प्रयास होगा की प्रशिक्षण सुचारू व सुदृढ़ तरीके से कार्यक्रम का सम्पन्न हो साथ ही प्रशिक्षु मालियों को प्रयोग के द्वारा सही जानकारी देने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य ने प्रशिक्षु मालियों से कहा है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से पूरी लगन व तन्मयता के साथ सीखे, इसके साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र सबौर के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डालते हुए विस्तृत चर्चा की। वही अधिष्ठाता कृषि डॉ. अजय कुमार साह ने माली प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मलित हुए प्रशिक्षणार्थियों को 53 दिनों तक कृषि विज्ञान केन्द्र सबौर को अपना घर समझ उद्यान के कार्यों में मनोयोग से संलग्न होने की सलाह दी, साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर धन्यवाद ज्ञापन ई. पंकज कुमार ने किया और कौशल विकास प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर डॉ. ममता कुमारी, डॉ. एम. जेड होद, सक्षम कुमार सिन्हा, रावे के छात्र-छात्रा के अलावा छपरा से आये हुए अतिथि छात्र-छात्राऐं मौजूद थी।

शादी का झांसा दे युवती का हुआ यौन शोषण

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में युवतियों को झांसा दे उसके यौन शोषण का मामला सामने आता रहा है। इसी कड़ी में एक और मामला सामने आया है जहां एक ऐसा परिवार है जो शादी का झांसा दे युवती के साथ यौन शोषण करता रहा था। यह मामला शहरी क्षेत्र इलाके के ततारपुर थाना क्षेत्र के जब्बारचक मोहल्ले इलाके की बतायी जा रही हैं।

घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक नवगाछिया पुलिस जिले के परबत्ता थाना परिक्षेत्र के जमुनिया गाँव के रहनेवाली एक युवती ने शादी का झांसा दे यौन शोषण करने का मामला भागलपुर महिला थाना पुलिस के समक्ष उजागर किया है। वही पीड़िता के मामले को महिला थाना पुलिस द्वारा गम्भीरता से नहीं लेने पर न्याय की गुहार ले पीड़िता युवती ने भागलपुर एसएसपी कार्यालय पहुंची है। जहां उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई और एसएसपी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही इस मामले को

लेकर जमुनिया इलाके की रहनेवाली युवती ने भागलपुर एसएसपी को लिखित आवेदन देकर कहा है कि तीन माह पुर्व भागलपुर जिले के ततारपुर थाना क्षेत्र के जब्बारचक के रहनेवाले आमिर उसमानी के साथ मेरी शादी की बातचीत परिजन के बीच में लडके जीजा जीया खान, लडका बहन अफसा उसमानी, के द्वारा विगत नौ सितम्बर को निकाह का तारिख तय होने पर सगुन के तौर पर हमारे पिता 51 हजार रुपये आमिर उसमानी को दी थी। तभी से लड़का आमिर उसमानी के द्वारा मोबाईल से बातचीत होने लगी इसी क्रम में लड़का आमिर उसमानी अपने पते पर बुलाकर शादी के समान की खरिदारी की बात कहते हुए हमारे साथ यौन शोषण किया, और शादी का समान कि खरिदारी होने पर शादी की बात कहते हुए कुछ दिन तक शादी रुकने को कहा गया था।

वही मुझे बार बार मोबाईल से बातचीत में मुझे घुमाने के लिए कलकत्ता लेकर चले गए वहाँ भी हमारे साथ यौन शोषण किया। वही जब शादी का तारिख नजदीक आने पर हमारे पिता को बुलाकर लड़का आमिर उसमानी एंव इनके परिजनों के द्वारा सात लाख रुपये दहेज देने की मांग करने पर शादी होने की बात कह रहे हैं, वही मांग की रकम नहीं देने पर शादी नहीं होने की बात कही जा रही है। साथ ही लड़का आमिर उसमानी के विरुद्ध जब पुलिस के समक्ष जाने की बात मालूम हुई तो वो धमकी दे रहा है कि थाना पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा, उक्त धमकी से बार बार मेरे घर परिवार आहत हो परेशान चल रहे हैं। वही पिडिता युवती ने कहा कि मामले को लेकर परबत्ता थाना, ततारपुर थाना, व महिला थाना में आवेदन देने के बावजूद दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई करने की दिशा में संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। तभी जिला एसएसपी को लिखित आवेदन दे न्याय किये जाने की गुहार लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कानुनी कार्रवाई की मांग कर रहे है।

अब देखने वाली बात है कि जहां एक तरफ जिला के वरीय अधिकारियों ने जनसंवाद अभियान कार्यक्रम के दौरान आम लोगों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात कर रहे हैं तो वही उनकी पुलिस टीम उनकी बातों को झुठलाने का कार्य करते नजर आ रही है। अब सवाल खड़े हो रहे कि क्या यू ही युवती अपनी व अपने घर परिवार के सम्मान में दहेज के लोभियों द्वारा पैसे मांग की आग में आखिर अपने आबरू सम्मान खो कर युवती कबतक पिसती रहेगी, ये सवालों के बांध रूपी घेरे में पूरा पुलिस महकमा घिरता दिख रहा है।

छोटी रेलवे लाइन पर मिला युवक का छत विछिप्त शव

भागलपुर। बबरगंज थाना परिक्षेत्र अंतर्गत वारिसलीगंज इलाके में छोटी रेलवे लाइन के समीप स्थानीय विनोद यादव के 17 वर्षीय पुत्र राहुल यादव की तेज रफ्तार से आ रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वही मृतक युवक के शव को देख आसपास इलाके के लोगों की भीड़ जमा हो गई। वही मौजूद लोगों के मुताबिक बताया जा रहा है कि शव को देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ जाने से मृत्यु हुई है। वही घटना को लेकर स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को छत-विछत अवस्था में रेल पटरी से उठाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवलाखा भेज दिया है।

गंगा नदी में स्नान करने पहुंचे दो बच्चे की डूबने से हुई मौत

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। तातारपुर थाना परिक्षेत्र के सराय किला स्थित बालू घाट पर गंगा स्नान करने के दौरान दो बच्चे के डूबने की सूचना सामने आई है। इलाके के रहनेवाले लोगों के मुताबिक बच्चे के डूबने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और डूबे हुए बच्चों की तलाश शुरू कर दी। वही घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे स्नान करने के दौरान नाव पर चढ़कर गंगा नदी के पानी में छलांग लगा दी थी, वही गंगा के जलस्तर में तेज बहाव होने के कारण दोनों बच्चे की डूब कर मौत

हो गई है। जिसके शव की बरामदगी के लिए इलाके के तैराक युवकों व आपदा मित्रों के सदस्यों द्वारा तलाश की जा रही है। वही दोनों बच्चे की पहचान साहिबगंज झारखंड के रहने वाले मुन्ना मंडल के 15 वर्षीय पुत्र सुमन कुमार और पार्वती इलाके के रहने वाले शंभू गोस्वामी के 16 बर्षीय पुत्र गोल्डी कुमार के रूप में हुई है। वही मास्टर ट्रेनर के रूप में आए आपदा मित्र सदस्यों ने डूबे हुए बच्चे की काफी खोजबीन की, लेकिन गंगा के पानी में तेज बहाव होने के कारण बच्चे का कोई पता नहीं लगा पायी है। वही मास्टर ट्रेनर ने कहा कि दोनों बच्चों के डूबने की सूचना, संबंधित स्थानीय थाना पुलिस, सीईओ और एसडीएम को दी गई है, लेकिन उनके तरफ से अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है और ना ही मौके पर एसडीआरएफ की टीम बोट लेकर पहुंची है। वही घटना से आहत हुए परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही काफी समय बाद तातारपुर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंच मामले की जानकारी प्राप्त करने में जुट गई है।

टापू में हुआ तब्दील, नीचे भरा है पानी चौकी पर पड़ा है सामान : आयुक्त

विश्वविद्यालय स्थित भैरवा तालाब का लिया जायजा स्थिति भयावह देख सहमे पदाधिकारी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। टीएमबीयू प्रांगण के पांच हॉस्टलों में रह रहे करीब 800 छात्र बीमारी के खतरे के बीच चल रहे हैं। वही व्यवस्था के आगे नंदमस्तक हो कर छात्रावास में नजरबंद हो दिन रात रहने को मजबूर चल रहे है। वही क्षेत्र में मॉनसून सत्र में बदलाव के साथ लगातार बारिश हो रही है। वही दूसरी तरफ पूरे शहर में गंदगी व जलजमाव का आलम बना हुआ दिख रहा है। इसी कड़ी में शहर के अलावे टीएमबीयू के करीब पांच छात्रावास प्रांगण में

भी नाले का पानी घुसकर लबालब हो तालाब रूपी दृश्य में तब्दील होता दिख रहा है। जिससे छात्रावास में रहने वाले छात्रों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह जलजमाव की समस्या क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के पानी व पास से गुजर रही गंगा के जलस्तर बढ़ने के कारण हुआ है। छात्रावास में विगत कई दिनों से यह दृश्य देखने को मिल रही है। वही पानी के सड़न और गंदगी के बीच छात्र काफी परेशानीयों के दौर से गुजर रहे हैं। छात्रावास की स्थिति नारकीय हालत में पहुंच छात्रों को डेंगू रोग के मच्छर का प्रकोप में आ रहे हैं, स्थिति काफी डरावनी हो गई है। उक्त मामले को लेकर छात्रों ने संबंधित पदाधिकारी को आवेदन देकर सूचित भी किया था। उक्त जलजमाव की समस्या को लेकर नगर आयुक्त डॉ. योगेश सागर, एसडीएम धनंजय कुमार व कल्याण पदाधिकारी के अलावे विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी ने छात्रावास में रह रहे छात्रों की परेशानी को मौके पर पहुंचकर जायजा लिया है। वही दूसरी तरफ भैरव तालाब की स्थिति का जायजा लिया है। वहीं इस भयावह जलजमाव दृश्य को देखकर नगर आयुक्त डॉ. योगेश सागर ने कहा कि जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अभी मॉनसून की बारिश हो रही है, इस बारिश में काम करने में कुछ परेशानियां सामने आयेगी, लेकिन जैसे ही मौसम ठीक होता है, इसका उचित समाधान कर लिया जाएगा।

पंच सरपंच संघ ने भवानीपुर में किया बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया/ केनगर । भवानीपुर प्रखंड के कपूर्री भवन के सभागार में एक बैठक पंच सरपंच संघ द्वारा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता भवानीपुर प्रखंड के प्रखंड पंच सरपंच संघ अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने की। इस बैठक में विशेष अतिथि के रूप में पंच सरपंच संघ पूर्णिया के जिला अध्यक्ष अजाउर रहमान उर्फ पप्पू भाई जिला पंच सरपंच संघ के उपाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने शिरकत की। सबसे पहले भवानीपुर प्रखंड के पंच सरपंच संघ के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने भवानीपुर प्रखंड के सभी पंच सरपंच को संबोधित करते

हुए कहा कि अगामी 30 अक्टूबर को पंच सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्णिया आ रहे है जिसको लेकर हम सभी पंच सरपंच पूरी तरह से तैयार है और ज्यादा से ज्यादा तादाद में पूर्णिया के कला भवन पहुंचेंगे। वहीं इस बैठक में आये हुए सभी पंच सरपंच को संबोधित करते हुए पंच सरपंच संघ जिला अध्यक्ष अजाउर रहमान उर्फ पप्पू भाई ने कहा कि 30 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष हमारे जिला में ग्यारह सुत्री मांगो को लेकर न्याय यात्रा लेकर आ रहे है और इस न्याय यात्रा को हम सभी पूर्णिया जिले के पंच सरपंच मिलकर भारी तादाद में कला भवन पहुंच कर इस न्याय यात्रा को सफल बनाऐंगे ताकि सरकार को लगे कि वाकई में पंच सरपंच संघ में एकजुटता है। हमारी इसी एकजुटता को देखकर सरकार के नुमाइंदे को एहसास हो जाए कि अगर पंच सरपंच संघ की बातों को सरकार तक नहीं पहुंचाये और उनकी मांगो को पूरा नहीं किए तो पंच सरपंच संघ सरकार को बदल देगी। इसलिए हम आप सभी लोगों से आग्रह करने आये है कि यह लडाई एक पंच या सरपंच की नहीं है बल्कि पूरे बिहार के पंच सरपंच की है। इसलिए आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा तादाद में 30 अक्टूबर को पूर्णिया के कला भवन पहुंचे। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष पंच सरपंच संघ के विश्वजीत कुमार ने सम्बोधित करते हुए पंच सरपंच को एकता के साथ लड़ाई लड़ने का मंत्र देते हुए आग्रह किया कि पूर्व पंच एवं सरपंच भी हमारे साथ मिलकर इस लड़ाई में कदम दर कदम साथ दे। पंच सरपंच संघ के बनमनखी प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार अमन ने बैठक को सम्बोधित करते हुए इस अधिकार की लड़ाई में हर तरह से जिला कमिटी के साथ प्रदेश कमिटी तक को पंच सरपंच से सहयोग करने का अपील किया।

परिचित मरीज से मिलने हांथो में हथियार ले पहुंचे : विधायक

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिलेभर में गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल अपने विवादित बयानों और दबंगई कारनामों से लगातार चर्चा में बने नजर आते हैं। एक बार फिर विधायक गोपाल मंडल अपने हांथो में लाइसेंसी हथियार का प्रदर्शन करते हुए नजर आये है। विधायक अपने किसी परिचित के एक मरीज से मुलाकात कर उसकी हाल चाल जानने को लेकर जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। जहां विधायक ने अपने आप में कुछ अलग ही अंदाज में देखने को दिखाई

दिये है। वही अस्पताल प्रांगण में विधायक ने अपने हाथ में लाइसेंसी पिस्तौल लेकर अस्पताल के अंदर पहुंच गए और फिर ऑपरेशन थिएटर में जाकर संबंधित मरीज से मुलाकात की। इस दौरान अपने सुरक्षा गार्ड के साथ हाथ में पिस्टल ले अपने गंतव्य स्थान पर वापस लौट गये। इस दौरान कैमरे पर तो उन्होंने इस मामले पर कुछ भी कहने से इनकार कर किया। वही बिहार में जहां सुशासन की सरकार चल रही है। वही उनके विधायक जी को सुरक्षा व अंग रक्षक रहने के बावजूद अपने हांथ में इस तरह पिस्तौल लेकर चलना पड़ रहा है, ये सवाल लोगों के गले नही उतर रही, आखिर विधायक जी क्या व्यक्त करना चाह रहे हैं अस्पताल में इस तरह प्रवेश करना लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है।

टेलीमेडिसीन से चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने में चिकित्सकों की भूमिका सराहनीय

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया । ग्रामीणों तक आसानी से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ई-संजीवनी टेलीकंसल्टेंसी कार्यक्रम संचालित किया जाता है। इसके द्वारा आमलोगों को टेलीमेडिसीन के माध्यम से चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में पूर्णिया जिले को हमेशा ही टॉप टेन में स्थान मिलता है। कभी कभी तो जिले के चिकित्सकों को राज्य में पहला स्थान भी मिलते रहता है। जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन के साथ ही आवश्यक रूप से दिशा-निर्देश भी मिलता है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में पूर्णिया जिला को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नए नए आयाम हासिल हो रहा है। संचार माध्यम से ई - संजीवनी कार्यक्रम के तहत राज्य मुख्यालय द्वारा पूर्णिया जिले को 2360 टेलीकंसल्टेंसी कराने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें 04:25 अपराह्न तक

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और कर्मियों द्वारा 2582 टेलीकंसल्टेंसी पूरा कर राज्य में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। विगत 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी- 20 के बैठक में दुनियाभर से आए तमाम देशों के राष्ट्र प्रमुख, प्रतिनिधि और शिष्टमंडल के सदस्यों को सभा कक्ष में प्रवेश करते हीं भारत सरकार के जिन 7 प्रमुख डिजिटल कार्यक्रमों को विशालकाय एलईडी के स्क्रीन पर दिखाया गया उसमें ई - संजीवनी (टेलीकंसल्टेंसी) को भी शामिल किया गया था। जो स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित होना स्वास्थ्य विभाग के लिए गौरव की बात है। पूर्णिया पूर्व प्रखंड के रज्जीगंज स्थित हेल्थ सब सेंटर सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत एएनएम सोनी कुमारी और हेल्थ सब सेंटर चांदी पर प्रतिनियुक्त एएनएम प्रेरणा सुमन ने कहा कि जिला मुख्यालय से दूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को शत प्रतिशत उपलब्ध कराने के लिए टेलीमेडिसिन की भूमिका काफी सराहनीय है। गांव के लोग मुख्यतः छोटी - छोटी बीमारी या संक्रमित होने की स्थिति में एचएससी या एचडब्ल्यूसी पर इलाज कराने के लिए आते हैं। लेकिन जब उनसे बातचीत या पूछताछ की जाती तो बीमारी कुछ और निकल जाती है। जिस कारण टेलीमेडिसीन के माध्यम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन माध्यम से मरीजों का चिकित्सक से संपर्क कराया जाता है। इसके बाद मरीजों की बीमारियों के आधार पर हमलोगों के द्वारा जांच कर चिकित्सकों को सूचित किया जाता है। इसके बाद चिकित्सकों द्वारा आवश्यक दवा उपलब्ध कराने के लिए पर्ची जारी की जाती है। जिला योजना समन्वयक डॉ सुधांशु शेखर ने कहा कि टेलीमेडिसीन के द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे और बुजुर्गो सहित गर्भवती महिलाओं की जांच आसानी से उपलब्ध कराई जा सकती है। इसके लिए जिले के सभी प्रखंडों में कुल 472 स्पोक्स सेंटर बनाए गए हैं। वहीं उपस्थित मरीजों की जांच के लिए 34 हब बनाया गया हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा डिजीटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया । मिथिलेश कुमार, मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, जिला अग्रणी बैंक के देखरेख मे अजय कांत झा, वित्तीय साक्षरता सलाहकार, ने पूर्णिया जिला में कैम्प कर सभी तरह के समूह ग्रुप को वित्तीय सह डिजिटल साक्षरता पर कार्यक्रम कर इसके मूल मंत्र को बता रहे हैं। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए दुर्गा उच्च विद्यालय मोगलिया पुरंदाहा पूर्णिया में आयोजित किया गया। वसीम अहमद प्रधानाध्यापक के देखरेख में मुख्य

प्रबंधक (सेवानिवृत्त) अजय कांत झा, वित्तीय साक्षरता सलाहकार ने बताया कि अपने परिवार का जीवन स्तर कैसे अच्छा बनाये रखा जा सके पर जानकारी दिया। अपने भुगतानों को डिजिटल बनाकर अपना सुरक्षित सुविधाजनक और तेज लेन-देन करे। डिजिटल बने साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इस काम के लिए प्रेरित करे। भारतीय रिजर्व बैंक कहता है कि डिजिटल ट्रांसैक्शन करो साथ ही अन्य को भी जोड़े। जागरूक भी किया गया कि किसी से पैसे प्राप्त करने के लिए आपको क्यूआर कोड स्कैन करने की आवश्यकता नहीं है। कभी कोई ऐसा करने को कहे या मेसेज भेजे, तो सावधानी बरतें। वित्तीय सह डिजिटल साक्षरता पर प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमें ज्योति कुमारी प्रथम, पूजा कुमारी द्वितीय और विशाल कुमार झा तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें मेडल और ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया गया और हौसला भी बढ़ाया गया।

विपरीत मौसम के बावजूद आंगनबाड़ी सेविकाओं- सहायिकाओं ने जारी रखा धरना

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर । अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर सदर प्रखंड में विपरीत मौसम के बावजूद धरना- प्रदर्शन का कार्यक्रम जारी रखा। सभी सेविका एवं सहायिका पूरी एकजुटता के साथ सीडीपीओ, सदर ग्रामीण के कार्यालय के पास ही धरना पर बैठी हुई हैं। ज्ञात हो कि, राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति, पटना, बिहार के आह्वान पर पांच सूत्री मांगों को लेकर राज्य भर की सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका पिछले शुक्रवार से ही

हड़ताल पर हैं। उनका यह हड़ताल अनिश्चितकालीन है। अर्थात जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक हड़ताल चलता रहेगा।

कहती हैं संघ की प्रखंड अध्यक्षा: मुंगेर सदर प्रखंड के आंगनवाड़ी संघ की अध्यक्षा अंजुम आरा ने हड़ताल के संबंध में बात करते हुए कहा कि, हड़ताल के शुरू हुए 7 दि

संक्षिप्त खबरें

क्लीन इंडिया के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

भभुआ कैमूर। नेहरू युवा केंद्र-कैमूर द्वारा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवको के सहयोग से जिले में क्लीन इंडिया 3.0 कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्वच्छता, स्वच्छता शपथ ,जागरूकता आदि गतिविधियां करायी गयी। प्रखंड स्वयंसेवक विपिन सिंह के द्वारा रामगढ़ प्रखंड में,स्वयंसेवक सोनल राय के द्वारा नुआव प्रखंड में स्वच्छता कार्यक्रम युवा मंडलों के सहयोग से चलाया गयो यह क्लीन इंडिया 3.0 कार्यक्रम देश भर में चलाया जा रहा है जिसका उद्घाटन माननीय मंत्री युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा 1 अक्टूबर 2023 को हमीरपुर,हिमाचल प्रदेश से किया गया थो इस कार्यक्रम अंतर्गत देशभर में विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधि जैसे कचरा इकट्ठा एवं निस्तारण, गांव का सौंदर्यकरण ,जल स्रोतों की सफाई तथा स्वच्छता जागरूकता कराई जा रही है।

मिलिट्री अस्पताल के कमांडिंग ऑफिसर ने किया पिंडदान

गया । पूर्वजों की मुक्ति की कामना को लेकर गयाजी पहुंचे सिलीगुड़ी मिलिट्री अस्पताल कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनय कुमार ने मोक्ष नगरी विष्णुपद फल्गु अक्षयवट में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया।कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनय कुमार ने कहा कि अपने भाई एवं बहनोई के साथ पिंडदान किया और मन को बहुत शांति मिली है।इस दौरान गयापाल पंडा ने कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनय कुमार के पूरे कर्मकांड को संपन्न करवाया।

हादसे को आमंत्रण दे रहा चाँदी नोनाडीह पथ

गड़हनी। सैकडो गांवो को जोडने वाली बागर गडहनी पथ स्थित चाँदी नोनाडीह सडक की बदहाली पर चांदी सहित आसपास के ग्रामीणो मे भय का माहौल कायम है।जदयू कार्यकर्ता मनोज कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस मार्ग पर सडक का नाम पर कुछ नही रह गया है।सडक गढे मे तब्दील हो गया है।गढे मे पानी का जमाव बना रहता है।पता ही नही चलता कि कहां से होकर गुजरे।इस मार्ग से हजारो लोगो का पैदल से लेकर सवारियों से आना जाना लगा रहता है।कब क्या हो जाए कोई नही जानता।वहीं मौके पर उपस्थित भाकपा माले नेता बासुदेव, अख्तर हुसैन, प्रिंस कुमार, राम जी साह, विजय कुमार, राम जी शर्मा, कुन्दन साह सहित कई लोगो ने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए पथ निर्माण कराने की मांग की है।ग्रामीणो ने स्थानीय विधायक से जनहित मे इस पर पहल करने का अनुनय विनय किया है।

चोरी के आरोपित दो लोगों पर केस दर्ज

शामपुर (मुंगेर) । थाना क्षेत्र का लक्ष्मीपुर गांव में घर में घुसकर चोरी किए जाने मामले में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि लक्ष्मीपुर गांव के रोहित कुमार के आवेदन पर मामले की छानबीन करने के बाद दो लोगों पर केस दर्ज किया गया है ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी रोहित कुमार के घर से नगदी समेत लगभग 90 हजार रुपया की संपत्ति चोरी हुई थी।

आरा में करंट की चपेट में आने से पटना निवासी पेंटर की मौत

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में गुरुवार की सुबह करंट की चपेट में आने से पटना निवासी एक पेंटर की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक का पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के कुंजवा गांव निवासी स्व.मिश्री लाल यादव के 37 वर्षीय पुत्र हरखेन यादव है। वह पेशे से पेंटर था एवं अपने गांव से दूसरे जिला जाकर भी पेट का काम करता था। इधर मृतक के साथ काम कर रहे उसके के चाचा बिरेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव के छह लोग प्रतिदिन पैसेंजर ट्रेन से आरा पेंटिंग व पुट्टी का काम करने आते हैं और शाम में चले जाते हैं। गुरुवार की सुबह भी वे लोग ट्रेन से नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में गांव से छह लोग पेंट व पुट्टी का काम करने आये थे। जहां गुरुवार की सुबह व पुट्टी का काम कर रहा था। उसी बीच वह लगुशंका करने के लिए बाहर गया था। वहां पर एक बिजली का पॉल था और उसमें करंट आ रहा था। लघुशंका करने के बाद जब वापस लौट रहा था।

छूटे हुए लाभुकों के लिए सात अक्टूबर से शुरू होगा एमडीए का फॉलो अप राउंड

सात अक्टूबर से जिले में एमडीए अभियान से वंचित लाभुकों को खिलाई जाएगी दवाएं

प्रात : किरण संवाददाता

आरा ।जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान का आज समापन है। जिसके बाद राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर सभी प्रखंडों में सात अक्टूबर से फॉलो अप राउंड चलाया जाएगा। जिसमें एमडीए के दौरान छूटे हुए लाभुकों को विशेष अभियान के तहत दवाओं का सेवन कराया जाएगा। ताकि, हर हाल में सभी लाभुकों को दवाओं का सेवन सुनिश्चित किया जाएगा। जिसको लेकर जिले के सभी प्रखंडों में अनुश्रवण और निगरानी तेज कर दी गई है। इस क्रम में बिहिया प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी एमडीए अभियान को सफल बनाने का कार्य जोरों पर है। जिसके तहत प्रतिदिन

प्रखंड के सभी पंचायतों में फ्रंट लाइन वर्कर्स द्वारा लोगों को दवाओं का सेवन कराने और छूटे हुए लाभुकों की संख्या का अनुश्रवण किया जा रहा है। ताकि, सात अक्टूबर से छुटे हुए लाभुकों, घरों और संस्थानों में अभियान चलाकर दवाओं का सेवन कराया जा सके।

अभियान में नहीं छूटेगा कोई भी घर : बीसीएम राजू सिन्हा ने बताया कि प्रखंड में एमडीए के पूर्व सभी आशा फैसिलिटेटर व आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिसके कारण एमडीए अभियान के दौरान किसी प्रकार की समस्या सामने नहीं आई। जैसा की उन्हें बताया गया था कि किसी भी लाभुक को खाली पेट दवाओं का सेवन नहीं कराना है, इस कारण अभियान के दौरान एडवर्स एफेक्ट के मामले भी कम रहे। जो अपने आप में बड़ी बात है। साथ ही, यह लोगों के जागरूक होने का संकेत भी है। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के बाद प्रखंड के सभी पंचायतों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसमें छूटे हुए लाभुकों को चिह्नित किया जाएगा। उसी आधार पर फॉलोअप राउंड में लोगों को दवाओं का सेवन करा कर लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन सबके लिए जरूरी : अप मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. के.एन. सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए फाइलेरिया एक अभिशाप है। जिसे खत्म करने में स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है। फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन सबके लिए जरूरी है। लेकिन यह तब तक संभव नहीं है, जब तक जिले के लोगों का पूरा सहयोग नहीं मिलेगा। फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए अभी लोग आगे आएं और दवाओं का सेवन कर अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान में अब फाइलेरिया पेशेंट प्लेटफार्म के सदस्य भी आगे आ रहे हैं। जो लोगों को इस बीमारी के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर लोगों को दवाओं का सेवन करने के लिए जागरूक कर रहे हैं, जो अच्छी बात है। इससे लोग अभियान की महत्ता को बखूबी समझेंगे।

वीरों के बंदन कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय में जवनो को दिया गया मिट्टी

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी।आजादी के 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव,मेरा माटी मेरा देश,मिट्टी को नमन वीरों को बंदन कार्यक्रम के तहत शेरघाटी प्रखंड के सभी पंचायतों के घर घर से आया सभी पंचायत के मुखिया एवम् वार्ड सदस्यों द्वारा घर घर गाँव गाँव से मिट्टी प्रखंड मुख्यालय में लाया गया।

जहां से प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, अंचला अधिकारी सुधीर तिवारी,प्रमुख नरेश कुमार,अलावा एसएसबी के कमांडेड भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम के दौरान पंचायत से मुखिया द्वारा एक एक घड़ा में मिट्टी लाया गया जिससे अपने बीरो के बंदन के लिए काम आ सके।

उक्त दौरान चेरकी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जावेद खां,चिताब पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव,बेला सतीश भारती,बार मुखिया मुखिया राजेश कुमार यादव,चिलिम पंचायत मुखिया मो मुमताज अंसारी,श्रीरामपुर मुखिया संजय सिंह एवम् अन्य गन्य मान्य लोगों ने सेना के जवानों को मिट्टी देकर सम्मान के साथ बिदा किया।

बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ का महावारी बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ का महावारी बैठक मेजर राणा प्रताप सिंह रिटायर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण ऑफिस के आरामगाह में संपन्न हुआ। सबसे पहले 2 मिनट की मोहन धारण कर हमारे वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई जिसमें कल आपदा के समय सिक्किम में हमारे जवान पानी में बह गए थे उनको भी श्रद्धांजलि दी गई।

उसके बाद सभी पूर्व सैनिक ने अपना अपना विचार अपना अपना पॉइंट रख जिसमें ज्यादा कर ईसीएचएस के बारे में पॉइंट था जिसमें डॉक्टरों की कमी और दवा की कमी की बारे में सभी ने बताया अध्यक्ष महोदय ने सभी पूर्व

सैनिकों का बिंदु को बारी-बारी से जवाब दिया अध्यक्ष महोदय ने बताया कि डॉक्टरों की कमी है आरा में डॉक्टर आना नहीं जा रहे हैं इसलिए परेशानी बढ़ रही है दवा भी 10 अक्टूबर को पटना से आएगा उसके बाद 15 अक्टूबर के बाद दवा मिलेगा अध्यक्ष महोदय ने यह भी बताया कि विगत 30 सितंबर को माननीय ऊर्जा मंत्री श्री आर के सिंह द्वारा वार्ड मेमोरियल का शिल्यानाश किया गया है ए 26 जनवरी के पहले बनकर तैयार हो जाएगा और 26 जनवरी 15 अगस्त को झंडा फहराने से पहले मंत्री या दम वर मेमोरियल पर पहले आया करेंगे हम लोग सभी पूर्व सैनिक श्री आरके सिंह माननीय ऊर्जा मंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं। सभा का संचालन सार्जेंट एसके पांडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सूबेदार मेजर जगनारायण सिंह ने किया भक्ताओं में जगन्नाथ सिंह रामदयालु सिंह जगनारायण सिंह श्रीनिवास सिंह आदि में अपना-अपना विचार रखा।

वैश्य स्वाभिमान महारैली के लिए संदेश मे सभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर संपूर्ण वैश्य समाज के एक बैठक संदेश के शहीद भवन में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार आज दिन वृहस्पतवार को सम्पूर्ण वैश्य समाज का बैठक हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला के अध्यक्ष सोनू कुमार गुप्ता ने किया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रविरंजन गुप्ता, प्रदेश महासचिव संजय कानू, जिला सचिव अक्षय कुमार गुप्ता शामिल हुए।

वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष माननीय रविरंजन गुप्ता ने कहा कि 29 अक्टूबर 2023 को समय 10:00 बजे पटना के मिलर हाई स्कूल के मैदान में वैश्य स्वाभिमान महारैली आयोजित किया गया है। इसमें आप सभी जिले के तमाम वैश्य बंधु सादर

आमंत्रित हैं। वही प्रदेश अध्यक्ष ने जिले कई प्रमुख वैश्य प्रेमियों से मिल बातचीत कर महारैली को सफल बनाने की अपील किया। जिसमे प्रमुख रूप से राजेश कुमार शाह,राजेश्वर गुप्ता, गोपाल प्रसाद गणपत शाह,चंदन कुमार, रंजीत कुमार, शाहपुर समिति संजय गुप्ता, उपमुखिया दीपक कुमार एवं प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सहार पंचायत समिति और रणधीर शाह शामिल हुए। सैकड़ो की तादाद में संदेश प्रखंड के भिन्न-भिन्न गांव से वैश्य समाज के कार्यकर्ता आए।

समारोह पूर्वक मनाई गई पूर्व प्रधानाध्यापक की पहली पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। उदवंतनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय कोहड़ा के पूर्व प्रधानाध्यापक स्व अयोध्या उपाध्याय की पहली पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई,ईश मौके पर आरा के बैंक कॉलोनी मोड़ स्थित उपाध्याय भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तोताद्द मठ के विद्वान आचार्यगण के द्वारा विधिवत रूप से पूजा पाठ के बाद उनके तैलचित्र पर गण्यमान लोगो ने माल्यार्पण कर उनको नमन किया, तत्पश्चात गरीब और जरूरतमंद लोगों के

बीच वस्त्र वितरण के बाद दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया जिसमें की सैकड़ो लोगो को भोजन कराया गया इसके उपरांत श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि जीवनपर्यंत उपाध्याय जी शिक्षा का अलख जगाते रहे और बच्चों के पढ़ा लिखाकर उनको आगे बढ़ाने के प्रति उनकी उत्सुकता देखते बनती थी तभी तो आज उनके पढ़ाये हुए बच्चे देश और विदेश में अपना नाम रौशन कर रहे है आज उनकी पहली पुण्यतिथि पर जिले के कोने कोने से आये हुए सैकड़ो लोगो ने उनको नमन करते हुए एक सच्चा और कर्तव्यपरायण शिक्षक बताया वही पूरे नौकरी काल में स्व उपाध्याय शिक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित रहे आज उनके पुण्यतिथि पर आये लोगो ने उनको याद किया और उनके कृत्यों पर प्रकाश डालाउपस्थित लोगों में गुड्डू सिंह बबुआन चितरंजन सर बिपिन उपाध्याय सनु ओझा बबलू ओझा मुना ओझा , प्रमोद उपाध्याय, सिरिराम उपाध्याय, चन्दन कुमार नेहरू युया के डायरेक्टर कृष्णकांत सिंह निर्भय कुमार सिंह पिन्टू सिंह के के सिंह , अमरेश सिंह पूर्व वार्ड पार्षद शशि सक्सेना बैजनाथ उपाध्याय डॉक्टर कुमार जितेन्द्र , डॉक्टर मदन मोहन द्विवेदी बिनकटेश उपाध्याय अनिल उपाध्याय अमरेंद्र कुमार समेत कई लोग शामिल थे

रामविलास पासवान के तीसरी पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा :सत्येन्द्र रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक , भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान के तीसरी पुण्यतिथि समारोह को सफल बनाने के लिए जिला मुख्यालय के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वाचनालय में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पदाधिकारियों एवं सम्मानित कार्यकताओं के साथ बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास के तीसरी पुण्यतिथि समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए उनके सम्मान में जिला के सभी

चौक चौराहें पर होडिंग , तोरणद्वार एवं बैनर लगायें जायेंगे । पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रद्धेय रामविलास पासवान के तीसरी पुण्यतिथि समारोह हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा ।

स्वर्गीय रामविलास पासवान के संसदीय जीवन मे राष्ट्र के लिए किये गये कार्यो को जिला सहित प्रदेश के नामचीन लोक गायक एवं भोजपुरी गायक उनके ब्यक्तित्व एवं कृतियों को पुण्यतिथि समारोह में संगीत के माध्यम से लोगों को अवगत करायेंगे । पुण्यतिथि समारोह में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ साथ आमलोग बड़ी से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें । बैठक में, जिला उपाध्यक्ष रामबचन पासवान , जिला संगठन मंत्री रमेश रजक , जिला प्रवक्ता रविन्द्र कनौजिया , अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार , करपी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध यादव , प्रखंड उपाध्यक्ष मिथुन कुमार , अंकुश कुमार व अन्य गोल शामिल रहे ।

प्रमाण पत्र वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। महादेवा रोड स्थित बिहार सरकार के सात निश्चय के अंतर्गत स्थापित कुशल युवा कार्यक्रम मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान डॉ पीसी निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रमाण पत्र वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाउन +2 विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री किस्मत राय, अमीर चंद प्लस टू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय सौरभ ,जिला कौशल प्रबंधन राकेश कुमार, संस्था की एमडी मालती गुप्ता, सचिव सत्य प्रकाश ने कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रजलित कर किया। टाउन +2 विद्यालय के प्राचार्य किस्मत राय ने कहा कि आप सभी का भविष्य का रास्ता यही से खुलता है। आजकल स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया का दौर चल रहा है जिसमें यह कोर्स

आप सभी के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

अमीरचंद प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य संजय सौरभ ने कहा कि अभी तक हम केवल सुनते आ रहे थे कि कुशल युवा कार्यक्रम जैसी कोई योजना चल रही है, लेकिन आज मुझे पता चला की डॉक्टर पीसी जैसे संस्थान में यह योजना धरातल पर उतरी है और यहां के बच्चे इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित हैं। डीएसएम राकेश कुमार ने बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था के सचिव सह साइबर क्राइम विशेषज्ञ सत्य प्रकाश ने सभी छात्र-छात्राओं को संस्था की तरफ से छात्रवृत्ति योजना का लाभ बताते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वह आगे आए और संस्था के द्वारा चलाए जा रहे हैं किसी भी कोर्स में नामांकन लेकर छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाएं।

इस कार्यक्रम में 200 छात्र छात्रों का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। छात्र-छात्राओं में अव्वल आने वाली छात्रा कोमल कुमारी, छात्र अभय कुमार शर्मा एवं आकाश कुमार गुप्ता को प्रमाण पत्र, शील्ड, मोमेंटो, मेडल एवं छात्रवृत्ति देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र कुमार ,वैभव कुमार,आकाश कुमार सिंह, अर्पिता , दुर्गावती, मृगांशी,शिवांशु , प्रकाश तिवारी,प्रत्युष, गोलू , प्रीति,प्रिया, रिमांशी,प्रियंका, बिट्टू,अदिति, आर्या, अनुराग, रूपेश, मनीष, मुकेश, रितु, नीतू, निशा, प्रतिमा, प्रिंस, राज लक्ष्मी, रिमझिम, रूपाली ,संगीता ,शुभांगी, सौम्या, सृष्टि इत्यादि का सहयोग रहा।

शिव के डमरू से उत्पन्न नाद की अनुगूंज से ताल का सृजन : जया जैन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। लीजेंड बक्शी कुलदीप नारायण सिन्हा मेमोरियल कल्चरल सोसायटी के द्वारा स्थानीय महाजन टोली स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम संगीत सभा का उद्घाटन संगीत विदुषी डॉ. जया जैन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर संगीत विदुषी डॉ. जया जैन ने कहा शिव के डमरू से उत्पन्न नाद की अनुगूंज से ताल का सृजन हुआ। संगीत से लगन एक बार लग जाए तो छूटता नहीं है। कार्यक्रम के मुख्य कलाकार श्री देवेश दुबे जी ने स्वतंत्र तबला वादन में पेशकार, कायदा, टुकड़ा, परन व रेला प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंगुलीयों की तैयारी व मुलायम निकास ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया। विभिन्न लयकारी व पलतो के माध्यम से देवेश दुबे जी ने अद्भुत समां बांधा। मंच संचालन आदित्या श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन गुरु बक्शी विकास ने किया। इस अवसर पर उस्ताद निजामुद्दीन खां, कलामुद्दिन खां, श्री कृष्णकांत मानस संरक्षक सुशील कुमार 'देहाती', प्रोफेसर विश्वनाथ राय, श्रेया पाण्डेय, अभय तूफानी समेत कई संगीत रसिक उपस्थित थे।

मगध विश्वविद्यालय बोधगया के अंतर्गत क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।मगध विश्वविद्यालय बोधगया के अंतर्गत क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन एसबीएन कॉलेज लारी में आयोजित किया गया था जिसमें एस सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद, एसबीएन कॉलेज लारी, जगजीवन कॉलेज गया, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया, की टीमों ने भाग लिया था जिसमें गया कॉलेज गया ने 45 अंक लाकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है।

खिलाड़ी इस प्रकार विकास कुमार, राशिद खान, चंद्रगुप्त मौर्य, अंकुश कुमार, पवन कुमार, मानव कुमार ,आशुतोष देव, अमरजीत कुमार, कुंदन कुमार, विशाल कुमार राहुल कुमार ,मनीष कुमार ,एवं

टीम प्रबंधक डॉ अभिषेक कुमार खेल कूद प्रभारी अंजनि कुमार को प्रधानाचार्य डॉक्टर दीपक कुमार ने इस जीत के लिए बधाई दी है और खिलाडियों को हर संभव सहायता और सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है। उप प्राचार्य सह प्रेसिडेंट अथेलेटिक सोसाइटी गया कॉलेज डाक्टर विनोद सिंह ने कहा की हमारे खिलड़ियो का प्रदर्शन उत्तम रहा है। आगे भी ये खिलाडि मेडल लाने मे सफल होंगे। शिक्षक संघ की ओर से रविंद्र पाठक शिक्षिकेतर कर्मचारी संघ की ओर से संतोष सिंह एवं निरंजन प्रसाद ने खिलाडियों को शुभकामनाए दी है। गया कॉलेज के जनसंपर्क पधाधिकारी डाक्टर धनंजय धीरज ने कहा की ये विजेता खिलाडि हमारे महाविद्यालय के गौरव हैं और आशा करता हूँ की इस महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे भी कायम रखेंगे।

भाजपा के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।टिकारी नगर के जैन मैरेज हांल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की बैठक आयोजित किया गया है इस बैठक में औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने कार्यकताओं के द्वारा उठाए गए स्थानीय मुद्दों से अवगत होते हुए सभी समस्याएं की समाधान का आश्वासन दिए! उन्होंने केन्द्र सरकार की उपलब्धि पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं से केन्द्र में फिर से सरकार बनाने के लिए लग जाने का आग्रह किए हैं! लधु उधोग प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी ई. शम्भु नाथ केशरी ने केन्द्र सरकार के द्वारा धारा ३७० की समाप्ति, नागरिक संशोधन बिल, राम मंदिर निर्माण, गरीबों का मुक्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदी योजना की चर्चा करते हुए लाभान्वित लोगों से

सम्पर्क करने का आग्रह किया है !इस बैठक की अध्यक्षता पुष्पा चौरसिया ने किए एवं संचालन पूर्व अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने किए! इस मौके पर वरिष्ठ नेता महावीर प्रसाद जैन, लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा,विधानसभा प्रभारी रमेश कुमार, जिला मंत्री भुवन मोहनी, माया सिंह, सिन्धु जैन,उतरी अध्यक्ष कुंदन शर्मा, दक्षिणी अध्यक्ष अनिल पासवान, नगर महामंत्री सुधीर टूट,प्रभाष आनंद, राजू ठाकुर, पंकज कुमार,सिदनाथ कसेरा आदि शामिल थे!

अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश द्वारा दिवंगत कैलाशपति मिश्र के 100वी जयंती शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में पटना के बापू सभागार में उपस्थित हुए पटना एयरपोर्ट से बापू सभागार पहुंचने के क्रम में प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक लखेंद्र पासवान के नेतृत्व में सचिवालय पुनाईचक के पास फूलो का पंखुड़ी उड़ाकर स्वागत किया गया है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, महामंत्री

संजय राम,प्रदेश प्रभारी प्रवीण तांती, निवर्तमान मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती,भोला भास्कर,नरेश तुरी,भारती सुमन पासवान,हीरामन पासवान,मिलन रजक,सुनील दास, आनन्द राम ,राहुल कुमार,प्रेमशंकर पासवान,राणा राजेंद्र प्रसाद,,अरुण नटराजन, संजय पासी,सुनीता पासवान, गजेंद्र पासवान,आनंद राणा,राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, युगेश कुमार,संतोष ठाकुर,दीपक पाण्डेय,रामप्रवेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर स्वागत किया है।

फ्यूचर लाइन कोचिंग सेंटर में ओपन प्रतियोगिता परीक्षा हुई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

गया । शहर के मानपुर प्रखण्ड अलीपुर में स्थित फ्यूचर लाइन कोचिंग सेंटर में गुरुवार को फ्यूचर लाइन ओपन प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में छः सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। जिसमें 16 छात्र चयनित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति सम्मानित मैक्स अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि फ्यूचर लाइन कोचिंग सेंटर के निर्देशक मो. दाऊद ने सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है। वर्ग दशम के तुलसी कुमारी प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान बवली कुमारी, तृतीय स्थान गुनगुन कुमारी एवं चतुर्थ स्थान पर

दिव्या कुमारी रहे। वर्ग नवम् से प्रथम स्थान फलक निशा, द्वितीय स्थान मो. अल्तमश, तृतीय स्थान फलक प्रवीण एवं चतुर्थ स्थान पर रौशन कुमार, वर्ग अष्टम से प्रथम सानिया भारती, द्वितीय स्थान रणवीर कुमार, तृतीय स्थान अंश कुमार एवं चतुर्थ स्थान पर संध्या कुमारी अन्य मो. फैजुल, सम्राट कुमार और गौरभ कुमार को सम्मानित किया गया। मैक्स अवस्थी ने बताया कि ओपेन प्रतियोगिता परीक्षा हुआ है जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ऐसे प्रतियोगिता परीक्षा होने से छात्र-छात्रओं को एक नया उमंग जागता है।

प्रतियोगिता परीक्षा होने से छात्रों में एक नया ऊर्जा का संचार होता है जिससे छात्रों को अपना लक्ष्य हासिल करने में काफी मददगार साबित होता है। सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हैं और ऐसे ही अपना जलवा दिखाएं और कोचिंग सेंटर नाम रोशन करें। वहीं कोचिंग सेंटर के निर्देशक मो. दाऊद ने बताया कि ओपेन प्रतियोगिता परीक्षा विगत कई वर्षो से होते आ रहा है, और सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते है। प्रतियोगिता परीक्षा होने से भी छात्रों में नया उमंग, नई ऊर्जा और छात्रों को आपना लक्ष्य प्राप्त करने में काफी मददगार साबित हुआ है। हम सभी सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और जिस भी क्षेत्र में जाएं अपना गुरु और माता-पिता का नाम रोशन करें, फ्यूचर लाइन ओपेन प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के प्रतियोगिता निर्देशक मो. इरफान, प्रतियोगिता प्रबंधक अभिजीत मौर्या, साहिल राज एवं नीरज कुमार इत्यादि ने सफल बनाया।

पीएम की अपील के बाद लोगों ने जमकर खरीदे खादी उत्पाद, एक दिन की बिक्री डेढ़ करोड़ रुपये के पार पहुंची

नईदिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में 1.52 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री पर खुशी जताई और कहा कि देश भर में हाथ से बुने कपड़े की खरीद दिखाती है कि यह किस तरह जनभावना का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, देश भर में हमारे परिवार के सदस्यों द्वारा खादी की खरीद का नया रिकॉर्ड दिखाता है कि यह किस तरह जनभावना का सशक्त प्रतीक बन गया है। मुझे विश्वास है कि खादी के प्रति यह प्रेम हर दिन नए कीर्तिमान रचता रहेगा, जो आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को नई ताकत देगा। प्रधानमंत्री ने 24 सितंबर को अपने मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोगों से गांधी जयंती पर खादी खरीदने का आग्रह किया था।

इसी का नतीजा है कि कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में एक ही दिन में 1.52 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई।

वहीं खादी इंडिया ने एक्स पर लिखा, पूज्य बापू की विरासत खादी के संरक्षक और नए भारत के आधुनिक खादी के निर्माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 सितंबर को मन की बात कार्यक्रम में गांधी जयंती पर लोगों से खादी खरीदने की अपील की थी। नतीजतन, खादी के इतिहास में पहली बार, दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में एक दिन में 1.52 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की खरीद में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। बयान में कहा गया है, गांधी जयंती के अवसर पर नयी दिल्ली के मध्य में स्थित कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में अब तक के सर्वाधिक 1,52,45,000 रुपये मूल्य के खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री हुई। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार ने गांधी जयंती पर गांधी जी की विरासत खादी की अभूतपूर्व बिक्री का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड पावर और जनता के बीच उनकी अभूतपूर्व लोकप्रियता को दिया। बयान में कहा गया है कि बिक्री के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में गांधी जयंती के दिन दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में 1,33,95,000 रुपये की बिक्री हुई थी, इस बार यह 1,52,45,000 रुपये के आंकड़े पर पहुंच गई है। गांधी जयंती के अवसर पर पहले ग्राहक के रूप में केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने दो अक्टूबर की सुबह कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में खादी के कपड़े खरीदे और यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान किया। केवीआईसी के चेयरमैन के मुताबिक, पीएम मोदी कई मौकों पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खादी के उत्पाद खरीदने की अपील कर चुके हैं।

टिकटॉक ने इंडोनेशिया में ऑनलाइन खुदरा कारोबार बंद किया

नईदिल्ली, एजेंसी। वीडियो स्ट्रीमिंग मंच टिकटॉक ने इंडोनेशिया में अपना ऑनलाइन खुदरा परिचालन बंद करने की घोषणा करते हुए कहा है कि वह सोशल मीडिया मंचों पर ई-कॉमर्स लेनदेन पर रोक लगाने वाले नए कानून का अनुपालन कर रही है। इंडोनेशिया सरकार ने पिछले सप्ताह एक नए कानून की घोषणा की है जिसमें सोशल मीडिया कंपनियों को अपने मंचों पर उत्पादों की बिक्री से रोक दिया गया है। सरकार ने यह कदम ई-कॉमर्स कंपनियों से छोटे दुकानदारों को संरक्षण देने के इरादे से उठाया है। टिकटॉक ने बुधवार को अपनी वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा कि वह इंडोनेशिया सरकार के इस फैसले को ध्यान में रखते हुए ई-कॉमर्स बिक्री को रोकने जा रही है। चीनी स्वामित्व वाली कंपनी ने कहा, ''हमारी प्राथमिकता स्थानीय कानून एवं नियमों का पालन करने की है। इस घोषणा के बाद बुधवार शाम से टिकटॉक शॉप इंडोनेशिया पर ई-कॉमर्स बिक्री बंद हो जाएगी। इंडोनेशिया के सहकारिता और लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री टेटेन मसदुकी ने कहा कि टिकटॉक के मंच पर उत्पादों के दाम बहुत कम रखे जाते थे जिससे छोटे एवं मझोले दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ता था। ऐसे में नया कानून निष्पक्ष कारोबार के संचालन में मदद करेगा।

सरकार ने हल्दी बोर्ड का गठन किया, 2030 तक एक अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य

नईदिल्ली, एजेंसी। सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को मंजूरी दे दी। बोर्ड देश में हल्दी और इसके उत्पादों के विकास के साथ निर्यात बढ़ाने पर ध्यान देगा। हल्दी के स्वास्थ्य से जुड़े लाभ को को लेकर दुनियाभर में इसको लेकर काफी संभावनाएं और रुचि है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2030 तक हल्दी निर्यात को मौजूदा के 1,600 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 8,400 करोड़ रुपए (एक अरब अमेरिकी डॉलर) करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तेलंगाना में एक समारोह में बोर्ड की स्थापना की घोषणा की थी और केंद्र ने बुधवार को प्रस्ताव को अधिसूचित कर दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि हल्दी के लिए बोर्ड स्थापित करने का फैसला तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक के किसानों की लंबे समय से जारी मांग को पूरा करता है। बोर्ड अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने, मूल्य संवर्धन से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिये हल्दी उत्पादकों के क्षमता निर्माण और कौशल विकास में मदद करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि बोर्ड हल्दी की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों तथा ऐसे मानकों के अनुपालन को भी बढ़ावा देगा। बयान के अनुसार, बोर्ड में केंद्र सरकार की तरफ से नियुक्त अध्यक्ष के अलावा आयुष मंत्रालय, औषधि विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग विभाग के साथ तीन राज्यों से प्रतिनिधि (बारी-बारी के आधार पर) होंगे। अनुसंधान में शामिल राष्ट्रीय/राज्य संस्थानों, चुनिंदा हल्दी किसानों और निर्यातकों के प्रतिनिधि भी बोर्ड में शामिल होंगे। बोर्ड के सचिव की नियुक्ति वाणिज्य विभाग करेगा।

दिसंबर तक घटेगी महंगाई, वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा- मौसम अनुकूल होने से पड़ेगा प्रभाव

नईदिल्ली, एजेंसी। देश में बढ़ती महंगाई से जल्द राहत मिलने की संभावना है। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि मौसमी कारकों के अनुकूल होने से दिसंबर तक खुदरा महंगाईघट सकती है। उन्होंने कहा, खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी महंगाईका मुख्य कारण रही है। अचानक मौसम में बदलाव से सब्जियों, दूध व अनाज जैसे मुख्य खाद्य पदार्थों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। हालांकि, अब मौसमी कारक अनुकूल होने लगे हैं।इसलिए, दिसंबर तक खुदरा महंगाईके मोर्चे पर राहत मिलने की संभावना है। आरबीआई ने दिसंबर तिमाही में

खुदरा महंगाई 5.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

वित्त सचिव ने कहा, भारत 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 फीसदी से नीचे लाने को प्रतिबद्ध है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए 5.9 फीसदी के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रख रहा है।

सऊदी अरब ने कहा कि वह इस साल के अंत तक कच्चे तेल के उत्पादन में प्रतिदिन 10 लाख बैरल की कटौती जारी रखेगा। इस घोषणा से क्रूड की कीमतें और बढ़ सकती हैं, जो अभी 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं। सऊदी अरब और रूस ने इस साल जुलाई में पहली बार क्रूड उत्पादन में कटौती की घोषणा की थी। इससे कई देशों में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं। शेल इंडिया ने 20 रुपये लीटर बढ़ाए डीजल के दाम शेल इंडिया ने डीजल की कीमत 20 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है।इससे मुंबई में कीमत 130 रुपये और चेन्नई में 129 रुपये लीटर हो गई है। कंपनी के देश में कुल 346 पेट्रोल पंप हैं।

10 टुकड़ों में बंटेगा बीसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड का स्टॉक

नईदिल्ली, एजेंसी। बीसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने बुधवार को अपनी बैठक के बाद स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया है। कंपनी के बोर्ड ने 27 अक्टूबर 2023 को स्टॉक स्प्लिट रिकॉर्ड डेट तय की है। स्मॉल-कैप शेयर में आज गुरुवार को जोरदार खरीदारी देखी गई। आज शेयर बाजार खुलने की घंटी बजने के कुछ ही मिनटों के भीतर स्मॉल-कैप स्टॉक तेजी के साथ खुला और एनएसई पर 523 प्रति शेयर के इंट्राडे हाई पर पहुंच गया था।

बीसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने कंपनी के शेयरों को 1=10 के अनुपात में विभाजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, प्रत्येक शेयर को 10 अलग-अलग शेयरों में विभाजित करने के लिए 27 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। बयान के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रत्येक एक इक्विटी शेयर को 10 इक्विटी शेयर में उप-विभाजन के मकसद से 27 अक्टूबर (शुक्रवार) की तारीख तय करने के आवश्यक प्रस्ताव को पारित कर दिया है। प्रत्येक शेयर का वर्तमान अंकित मूल्य 10 रुपये है और विभाजन के बाद प्रत्येक शेयर का नया मूल्य एक रुपये होगा।

देश में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में 13 साल के उच्चतम स्तर पर पीएमआई के आंकड़ों में खुलासा

नईदिल्ली, एजेंसी। मजबूत मांग के बीच नए कारोबार में तेज वृद्धि से सितंबर में देश में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 13 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त में 60.1 से बढ़कर सितंबर में 61 हो गया, जो उत्पादन में तेज वृद्धि का संकेत है। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का सूचकांक विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। यह सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों के पैनल को भेजी गई प्रश्नावली के जवाब से तैयार किया गया है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय सेवा प्रदाताओं के साथ नए व्यवसाय में काफी वृद्धि हुई है, जो जून 2010 के बाद से दूसरा सबसे तेज था।

कुल बिक्री में वृद्धि के अलावा, फर्मों ने विदेशों से मांग में वृद्धि देखी, विशेष रूप से एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में स्थित ग्राहकों से। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की सहायक निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, पीएमआई के नवीनतम परिणाम भारत की सेवा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए अधिक सकारात्मक खबर लेकर आए हैं, सितंबर में व्यावसायिक गतिविधि और नए काम की संख्या 13 वर्षों में सबसे बड़ी सीमा तक बढ़ी है।

कंपनी सचिवों को कॉरपोरेट संचालन पर नए सिरे से प्रतिबद्ध होने की जरूरतः सीतारमण

नईदिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कंपनी सचिवों से कंपनियों के बेहतर संचालन पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में यह अहम होगा। सीतारमण ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 55वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह बेहतर कॉरपोरेट संचालन के लिए खुद को नए सिरे से प्रतिबद्ध करने का वक्त है।

उन्होंने कहा, हम अपनी मूल्य प्रणालियों को शिथिल पड़ते हुए नहीं देख सकते हैं। कॉरपोरेट संचालन एक ऐसा मसला है जिस पर हम सभी प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर उन्होंने अग्निवीर, रक्षा कर्मियों और शहीद जवानों के परिजनों को कंपनी सचिव पाठ्यक्रम में पंजीकरण के समय शुल्क माफ करने के आईसीएसआई के फैसले की सराहना भी की। उन्होंने शहीदों की बेटियों की शिक्षा के लिए 11 लाख रुपये का चंदा देने को भी प्रशंसनीय बताया।

सीतारमण ने कहा कि सरकार ने छोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता लागू करने और नियामकीय एवं कर सुधारों को लागू कर कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। 1,500 पुराने कानूनों के साथ 39,000 गैर-जरूरी नियमों के अनुपालन को भी खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए किए गए प्रयासों से भारत में पिछले तीन वित्त वर्षों में करीब 230 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है।

उन्होंने कहा, ऐसे समय में कॉरपोरेट क्षेत्र में बढ़िया संचालन सुनिश्चित कर कंपनी सचिव बड़ा फर्क पैदा कर सकते हैं। कार्यक्रम में कंपनी मामलों के मंत्रालय में सचिव मनोज गोविल ने कहा कि इस साल गठित कंपनियों एवं एलएलपी की संख्या पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक रही है।

सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीफ फसलों की खरीदारी शुरू की

नईदिल्ली, एजेंसी। खाद्य मंत्रालय के अनुसार, सरकार ने धान की खरीद शुरू कर दी है और अब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से लगभग 12.21 लाख टन अनाज खरीदा गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि तमिलनाडु, पंजाब और हरियाणा में 99,675 किसानों से एमएसपी पर 2,689.77 करोड़ रुपये का धान खरीदा गया है। इस साल 411.96 लाख हेक्टेयर के थोड़े अधिक क्षेत्र में बोए गए खरीफ धान की कटाई पिछले सप्ताह शुरू हुई है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियों ने बफर स्टॉक बनाने के साथ-साथ किसानों के हितों की रक्षा के लिए एमएसपी पर खरीदारी शुरू की है। मंत्रालय ने चालू सत्र में 521.27 लाख टन गेहूं की खरीद का लक्ष्य रखा है जबकि एक साल पहले 496 लाख टन की वास्तविक खरीद हुई थी।

97 करोड़ गिरवी शेयर सुजलॉन के मालिक ने छुड़ाए

नईदिल्ली, एजेंसी। विंड एनर्जी कंपनी सुजलॉन एनर्जी के शेयर रॉकेट से भाग रहे हैं। सुजलॉन एनर्जी के शेयर बुधवार को 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 28.28 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयर गुरुवार को 4 पर्सेंट की तेजी के साथ 29.41 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने गुरुवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में यह तेजी एक बड़ी खबर की वजह से आ रही है। दरअसल, कंपनी के प्रमोटर्स ने गिरवी रखे गए अपने कुछ शेयर छुड़ाए हैं। सुजलॉन एनर्जी के प्रमोटर्स ने 97.1 करोड़ गिरवी शेयरों को छुड़ाया है। कंपनी ने ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड से यह गिरवी शेयर छुड़ाए हैं। प्रमोटर्स की तरफ से छुड़ाए गए शेयर टोटल इक्विटी का 7.1 पर्सेंट है। गिरवी शेयर 28 सितंबर 2023 को रिलीज किए गए हैं। कंपनी की तरफ से 14 अगस्त को साझा किए गए शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, प्रमोटर्स की कंपनी में 13.3 पर्सेंट हिस्सेदारी है, जो कि करीब 180 करोड़ शेयरों के बराबर है। इस हिस्सेदारी में से करीब 81 पर्सेंट या 146 करोड़ शेयर गिरवी रखे हुए थे। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में पिछले 6 महीने में 259 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 5 अप्रैल 2023 को 8.12 रुपये पर थे, जो कि 5 अक्टूबर 2023 को 29.41 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, पिछले एक महीने में सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में 25 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। 5 दिन में विंड एनर्जी कंपनी के शेयर करीब 14 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 29.41 रुपये है। वहीं, सुजलॉन एनर्जी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 6.60 रुपये है।

धनतेरस पर सोना खरीदने वालों के लिए सुनहरा मौका

नईदिल्ली, एजेंसी। सोना खरीदने वालों के लिए गुड न्यूज है। भारतीय सर्राफा बाजार में आज, 4 अक्टूबर 2023 को सोना काफी नीचे स्तर पर आकर गिरा। ताजा भाव के अनुसार, सोने की कीमत 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे है। वहीं, चांदी का भाव 67 हजार रुपये प्रति किलो से अधिक है।

गुडरिटर्न्स वेबसाइट के अनुसार, गुरुवार के शुरुआती कारोबार के दौरान 24 कैरेट सोने की कीमत में 10 रुपये की गिरावट आई, जबकि दस ग्राम कीमती धातु 57,370 रुपये पर बिकी। चांदी की कीमत 300 रुपये गिरकर 70,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। बुधवार के शुरुआती कारोबार के दौरान 24 कैरेट सोने की कीमत में 660 रुपये की गिरावट आई, जबकि दस ग्राम कीमती धातु 57,380 रुपये पर बिकी। चांदी की कीमत 2,000 रुपये की भारी गिरावट के साथ 71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। मुंबई में दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत कोलकाता और हैदराबाद की कीमतों के बराबर 57,370 रुपये है। दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई में दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत क्रमशः 57,530 रुपये, 57,370 रुपये और 57,650 रुपये है। मुंबई में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत कोलकाता और हैदराबाद में सोने के बराबर 52,590 रुपये है। दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत क्रमशः 52,750 रुपये, 52,590 रुपये और 52,850 रुपये है। पिछले लगातार आठ सत्रों में गिरावट के बाद गुरुवार को अमेरिकी सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई, क्योंकि इस सप्ताह उत्सुकता से प्रतीक्षित गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट से पहले अमेरिकी बांड पैदावार और डॉलर उच्च स्तर से वापस आ गए। प्लैटिनम की बात करें तो प्लैटिनम 0.1 प्रतिशत बढ़कर 867.20 पर पहुंच गया, जो बुधवार को एक साल में सबसे निचले स्तर पर आ गया। पैलेडियम 0.4 प्रतिशत बढ़कर 1,171.68 डॉलर हो गया, जो पिछले सत्र में 5 साल के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था।

दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में चांदी का भाव

दिल्ली और मुंबई में एक किलो चांदी फिलहाल 70,700 पर कारोबार कर रही है. वहीं, चेन्नई में एक किलो चांदी फिलहाल 73,100 रुपये पर कारोबार कर रही है।

अपनी ही कंपनी की हिस्सेदारी खरीद रहा टाटा समूह, फाइनल स्टेज में डील!

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा समूह अपनी कंपनी टाटा प्ले में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सेदारी वापस खरीदने के लिए सिंगापुर की टेमासेक होल्डिंग्स पीटीई के साथ बातचीत कर रहा है। इस डील की वजह से टाटा प्ले की वैल्यू 1 बिलियन डॉलर से अधिक की हो सकती है। इस डील की खबर ऐसे समय में आई है जब टाटा प्ले अपना आईपीओ लॉन्च करने पर विचार कर रही है। इसके लिए काफी पहले ही सेबी की मंजूरी मिल गई थी लेकिन कंपनी अभी देरी कर रही है। इससे पहले, टाटा समूह की ही एक अन्य कंपनी के आईपीओ की लॉन्चिंग होने वाली है। हालांकि, अब तक इस आईपीओ की लॉन्चिंग डेट और इश्यू प्राइस समेत अन्य डिटेल सामने नहीं आई है। यह करीब 18 साल बाद होगा जब टाटा समूह की किसी कंपनी का आईपीओ आएगा। साल 2004 में टाटा समूह की कंपनी टीसीएस का आईपीओ लॉन्च हुआ था। इसके बाद अब तक लंबा गैप है। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि टाटा समूह और सिंगापुर के टेमासेक इस डील की चर्चा के अंतिम चरण में हैं।

भारत के सर्विस सेक्टर में बूम, 13 वर्षों में पीएमआई सितंबर में सबसे मजबूत

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के लिए गुड न्यूज है। पिछले 13 साल में भारत का सेवा क्षेत्र सबसे मजबूत स्थित में पहुंच गया है। भारत का सेवा क्षेत्र 13 वर्षों में सितंबर में सबसे मजबूत उत्पादन देखा गया। भारत की एसएंडपी ग्लोबल की सेवा पीएमआई सितंबर में 61 पर रही, जो अगस्त में 60.1 थी। यह लगातार 26वें महीने 50-अंक से ऊपर थी। एसएंडपी ग्लोबल में इकोनॉमिक्स एसोसिएट डायरेक्टर पोलियाना डी लीमा ने कहा, लेटेस्ट पीएमआई नतीजे भारत की सेवा अर्थव्यवस्था के लिए और अधिक सकारात्मक खबरें लेकर आए हैं। सितंबर में व्यावसायिक गतिविधि और नए काम की संख्या 13 वर्षों में सबसे बड़ी सीमा तक बढ़ी है। घरेलू स्तर पर मांग में मजबूती के अलावा, कंपनियों ने एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में उच्च अंतरराष्ट्रीय बिक्री देखी। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स सितंबर में 60.9 से थोड़ा बढ़कर 61.0 पर पहुंच गया। बुधवार को जारी आंकड़ों से पता चला कि भारत की विनिर्माण गतिविधि पांच महीनों में सबसे धीमी गति से बढ़ी, लेकिन सेवा उद्योग की वृद्धि मजबूत रही। भारत की निर्यात वृद्धि जून के बाद सबसे धीमी गति पर आ गई, लेकिन लगातार आठवें महीने विस्तार क्षेत्र में रही। अगले 12 महीनों के लिए कारोबारी धारणा जून 2014 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जबकि कंपनियों ने लगातार 16वें महीने नियुक्तियां जारी रखीं। डी लीमा ने कहा, कीमतों पर खबरें भी उत्साहजनक थीं। सेवा शुल्क नरम दर से बढ़े, क्योंकि लागत का दबाव ढाई साल में सबसे कम में से एक पर पहुंच गया। उन्होंने यह भी कहा, हालांकि बाद वाला संकेत देता है कि निकट अवधि में उत्पादन मूल्य मुद्रास्फीति कम हो सकती है, अल नीनो के कारण खाद्य कीमतों में संभावित उतार-चढ़ाव के बारे में चिंताओं का मतलब है कि आरबीआई अगले साल की शुरुआत तक दरों में कटौती की संभावना नहीं है।



विश्व कप के आगमन पर युवराज सिंह ने टीम इंडिया के प्लेयरों के नाम लिखा संदेश

नईदिल्ली (एजेंसी)। 2011 क्रिकेट विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनकर टीम इंडिया को खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले युवराज सिंह ने घरेलू धरती पर क्रिकेट विश्व कप 2023 शुरू होने से पहले टीम इंडिया के प्लेयर्स के लिए एक संदेश लिखा है। युवराज ने सोशल मीडिया साइट्स एक्स पर संदेश लिखा है जिसमें उन्होंने 2011 विश्व कप का अनुभव याद करते हुए मौजूदा टीम से विश्व कप घर लाने की उम्मीदें जताई हैं।

युवराज ने एक्स पर लिखा- जैसा कि मैं विश्व कप 2011 के दौरान हमारी अविश्वसनीय यात्रा के बारे में सोचता हूं तो मैं पुरानी यादों को महसूस करने लगता हूं। घरेलू धरती पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने और विश्व कप को घर लाने की खुशी एक ऐसा क्षण था जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा। अब, हमारे क्रिकेट के दीवाने देश में विश्व कप की वापसी का माहौल है। वही प्यार, वही जुनून और करोड़ों दिलों से वही उम्मीदें हैं। मैंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि उस ट्रॉफी को उठाने का एहसास कैसा होता है, और मैं चाहता हूं कि आप में से हर कोई उस उत्साह का अनुभव करे।

यह कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क की यात्रा है और मुझे अपनी अविश्वसनीय भारतीय टीम पर पूरा भरोसा है। याद रखें, विश्व कप केवल एक खिताब जीतने के बारे में नहीं है; यह ऐसी यादें बनाने के बारे में है जो जीवन भर बनी रहती हैं। यह क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के बारे में है, जैसे हम अपने से पहले के दिग्गजों से प्रेरित थे। पूरा देश आपके साथ मजबूती से खड़ा है जो आपके हर रन, हर विकेट और हर जीत पर जयकार करेगा। आप वहां जाओ और अपना सब कुछ झोंक दो। उस ट्रॉफी को एक बार फिर घर वापस ले आओ। हमें आप पर विश्वास है, और हम जानते हैं कि आप यह कर सकते हैं !2023 विश्व कप में टीम इंडिया की सफलता और गौरव के लिए शुभकामनाएं। आइए फिर से इतिहास रचें ! जय हिन्द !

विश्व कप 2023 के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव ।

विश्व कप 2023 में भारत का शैड्यूल

भारत अपने 9 लीग मैच 9 अलग-अलग स्थानों पर खेलेगा।
8 अक्टूबर ⁻ भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, चेन्नई, दोपहर 2 बजे
11 अक्टूबर ⁻ भारत बनाम अफगानिस्तान, नई दिल्ली, दोपहर 2 बजे
14 अक्टूबर ⁻ भारत बनाम पाकिस्तान, अहमदाबाद, दोपहर 2 बजे
19 अक्टूबर ⁻ भारत बनाम बांग्लादेश, पुणे, दोपहर 2 बजे
22 अक्टूबर ⁻ भारत बनाम न्यूजीलैंड, धर्मशाला, दोपहर 2 बजे
29 अक्टूबर ⁻ भारत बनाम इंग्लैंड, लखनऊ, दोपहर 2 बजे
2 नवंबर ⁻ भारत बनाम श्रीलंका, मुंबई, दोपहर 2 बजे
5 नवंबर ⁻ भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, कोलकाता, दोपहर 2 बजे
11 नवंबर ⁻ भारत बनाम नीदरलैंड, बेंगलुरु, दोपहर 2 बजे
(सभी मैच डे-नाइट होंगे)

सीडब्ल्यूसी 23

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने की पुष्टि, मैच के दौरान फैंस को फ्री में मिलेगा पीने का पानी

नईदिल्ली (एजेंसी)। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि फैंस को विश्व कप के दौरान सभी स्थानों पर मुफ्त में मिनरल और पैकेज्ड पानी उपलब्ध कराया जाएगा। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का 13वां संस्करण भारत में आज से शुरू हो गया है और पहला मैच गत चैम्पियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है।

गुरुवार को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले शाह ने ट्वीट किया, आने वाला समय रोमांचक है क्योंकि हम आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 की पहली गेंद का इंतजार कर रहे हैं ! उन्होंने लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हम भारत भर के स्टेडियमों में दर्शकों के लिए मुफ्त मिनरल और पैकेज्ड पीने का पानी उपलब्ध करा रहे हैं। हाइड्रेटेड रहें और खेलों का आनंद लें ! आइए सीडब्ल्यूसी 2023 के दौरान अविस्मरणीय यादें बनाएं !

टूर्नामेंट भारत में 10 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम, बेंगलुरु में एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, चेन्नई में एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम, दिल्ली में अरुण जेटली स्टेडियम, धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, हैदराबाद में राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम, कोलकाता में ईडन गार्डन, लखनऊ में एकाना क्रिकेट स्टेडियम, मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम और पुणे में एमसीए इंटरनेशनल स्टेडियम शामिल हैं।

एशियन गेम्स में 12वें दिन

तीन गोल्ड एक सिल्वर के साथ भारत के 85 पदक हुए

● आर्चरी में विमेंस और मेंस टीम ने दिलाया सोना ● स्क्वॉश में मिक्स्ड टीम नंबर-1, सौरव को चांदी

● दीपिका-हरिंदर ने स्क्वाश में मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता गोल्ड

हांगझोउ (एजेंसी)। होंगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स का 12वां दिन था। ओजस प्रवीण, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश समाधान की तिकड़ी ने आर्चरी के मेंस कंपाउंड इवेंट में भारत को दिन का तीसरा गोल्ड दिलाया। वहीं, भारत को स्क्वॉश के मेंस सिंगल्स इवेंट में सिल्वर मिला। सौरव को फाइनल मुकाबले में मलेशिया के एनजी इयान यो ने 3-1 से हराया। 19वें एशियन गेम्स में भारत के 85 मेडल हो गए हैं। जिसमें 21 गोल्ड शामिल है। भारत पहले ही अपने ऑल टाइम बेस्ट परफॉर्मेंस को पीछे छोड़ चुका है। 2018 एशियन गेम्स में भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 70 मेडल जीते थे, जिसमें 16 गोल्ड शामिल थे।

भारत की दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू ने गुरुवार को यहां फाइनल में मलेशिया की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर एशियाई खेलों का स्क्वाश मिश्रित युगल का खिताब जीता। दीपिका और हरिंदर ने फाइनल में आइफा बिंटी अजमन और मोहम्मद सयाफिक बिन मोहम्मद कमल को 35 मिनट में 11-10 11-10 से हराया। दूसरे गेम में

एक समय भारतीय जोड़ी आसान जीत की ओर से बढ़ रही थी लेकिन इसके बाद उनकी एकाग्रता टूटी जिससे मलेशिया की जोड़ी मुकाबले को करीबी बनाने में सफल रही। मलेशिया की जोड़ी ने 3-9 के स्कोर पर लगातार सात अंक से 10-9 की बढ़त बनाई लेकिन दीपिका और हरिंदर ने धैर्य बरकरार रखते हुए लगातार दो अंक के साथ जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों में संभवतः अंतिम बार खेल रही दीपिका ने अपने अभियान का अंत दो पदक के साथ किया। वह कांस्य पदक जीतने वाली महिला टीम का भी हिस्सा थीं। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी चार एशियाई खेलों में छह पदक जीत चुकी है जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

तीरंदाजी में महिला टीम के बाद पुरुष टीम ने भी जीता स्वर्ण पदक

भारत के ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में गुरुवार को दक्षिण कोरिया को 235-230 के अंतर से हराकर इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया है। इससे भारत की महिला टीम ने चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

आज यहां खेले गए मुकाबले में दक्षिण कोरिया के पांच नौ-पॉइंटर्स की मदद से 58-55 की बढ़त के साथ भारत आगे बढ़ने वाला पहला खिलाड़ी था। कोरियाई लोग फिर से एंड 2 के शुरुआती शॉट्स में 10 से चूक गए और एक और अंक पीछे रह गए। दूसरे छोर से भारतीय टीम ने अंदरूनी घेरे पर प्रहार करना जारी रखा।

इससे पहले दिन में भारतीय तीरंदाजी महिला कंपाउंड टीम ने फाइनल में मुकाबले में चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया था। अदिति, ज्योति और परनीत की भारतीय जोड़ी शुरुआत में दो अंकों से पीछे चल रही थी, लेकिन दूसरे छोर के छठे तीर में चीनी ताइपे के 7-प्वाइंटर ने भारत को बढ़त दिला दी।



अंतिम छोर तक स्कोर 171-171 रहा और भारत ने अंत मे चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर स्वर्ण पदक मैच जीत लिया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की महिला टीम ने यी सुआन चेन, आई जु हुआंग और लु यून वांड की चीनी ताइपे टीम को कड़े मुक़ाबले में 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीता स्वर्ण पदक

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए गुरुवार को यहां रोमांचक फाइनल में चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीय गत विश्व चैंपियन टीम ने फाइनल में अंतिम चरण में 60 में से 60 अंक के परफेक्ट स्कोर के साथ चीनी ताइपे की तीसरी वरीय जोड़ी को

230-229 से हराया। भारत का मौजूदा खेलों का तीरंदाजी में यह दूसरा स्वर्ण और कुल पांचवां पदक है। बुधवार को ज्योति और ओजस देवताले ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

भारत का एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। देश ने पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इंचियोन में 2014 में किया था जब उसने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था। देवताले और अभिषेक वर्मा पुरुष कंपाउंड वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए दो और पदक पक्के कर चुके हैं। ज्योति ने भी महिला कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का किया है। भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में चौथे वरीय इंडोनेशिया को 233-219 से हराया जबकि क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के खिलाफ 231-220 की आसान जीत दर्ज की।

10 देशों के झंडे से सजेगा धर्मशाला स्टेडियम

वनडे वर्ल्ड कप के 5 मैचों की मेजबानी के लिए तैयार मैदान, पहला मुकाबला कल

धर्मशाला (एजेंसी)। इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में क्रिकेट के महाकुंभ यानी आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के मैचों से पहले दस देशों के झंडे बड़े पर्दों पर स्टेडियम में लगाए जा रहे हैं। स्टेडियम में मेजबान टीम भारत, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और नीदरलैंड्स को मिलाकर कुल 10 टीमों के देशों के झंडे लगाए जा रहे हैं।

धर्मशाला स्टेडियम वनडे वर्ल्ड कप के 5 मैचों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। पहला मैच 7 अक्टूबर को होगा। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि सभी तैयारियां तय कार्यक्रम के अनुसार चल रही हैं। स्टेडियम में सुविधाएं बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को निमंत्रण- एचपीसीए ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को धर्मशाला में होने वाले मैच देखने के लिए निमंत्रण दिया है। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल की ओर से एचपीसीए के पदाधिकारी सुरेंद्र ठाकुर व अमिताभ शर्मा ने यह न्योता राज्यपाल को दिया। राज्यपाल 22 अक्टूबर को भारत व न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला देखने के लिए धर्मशाला जा सकते हैं। बांगलादेश व अफगानिस्तान के बीच मुकाबला 7 अक्टूबर को होना है, जबकि इंग्लैंड व बांगलादेश के बीच मुकाबला 10 अक्टूबर, दक्षिण अफ्रीका व नीदरलैंड्स के बीच मैच 17 अक्टूबर, भारत व न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला 22 अक्टूबर को और ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड के बीच मैच 28 अक्टूबर को होना है।

सबसे सुंदर क्रिकेट मैदानों में से एक- हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में पहाड़ों के बीच बना यह स्टेडियम दुनिया के सबसे सुंदर क्रिकेट मैदानों में से एक है। यह स्टेडियम पहाड़ियों पर भारत में सबसे ऊंची जगह में स्थित है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 1457 मीटर है। यहां से क्रिकेट के साथ प्राकृतिक दृश्य भी बहुत मनमोहक होता है।

2003 में यह स्टेडियम बनकर तैयार हुआ था। 2013 में भारत और इंग्लैंड के बीच इस मैदान पर पहला वनडे इंटरनेशनल मैच हुआ। 2017 में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पहला टेस्ट मैच खेला गया। 2017 में ही यहां खेले गए अंतिम वनडे मुकाबले के बाद, यह मैदान अब सीधे वर्ल्ड 2023 कप की मेजबानी करेगा।

23 हजार दर्शकों की उपस्थिति में होंगे मैच- स्टेडियम में दर्शकों के बैठने की क्षमता 23 हजार है। इस मैदान पर कुल 4 इंटरनेशनल वनडे मैच खेले गए हैं। जिसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम एक बार जीती है। जबकि दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम 3 बार जीती है। यहां उच्चतम स्कोर 330 (2014 में भारत बनाम वेस्टइंडीज) है। सबसे कम स्कोर 112/10 (2017 में भारत बनाम श्रीलंका) है। यहां की पिच तेज गेंदबाजी के अनुकूल है।

प्रणय ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का किया, सिंधू हारी

हांगझोउ (एजेंसी)। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां मलेशिया के ली झी जिया को तीन गेम तक चले रोमांचक क्वार्टर फाइनल में हराकर भारत के लिए 41 साल बाद बैडमिंटन का पुरुष एकल का पदक सुनिश्चित किया लेकिन महिला एकल में पीवी सिंधू को हार का सामना करना पड़ा। कमर की चोट कारण पट्टी (टेप) बांधकर खेल रहे दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी जिया को 78 मिनट चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 21-16 21-23 22-20 से हराया और मौजूदा खेलों में बैडमिंटन में भारत का दूसरा पदक सुनिश्चित किया। भारत ने पिछले रविवार को पुरुष टीम चैंपियनशिप का रजत पदक जीता था।

प्रणय ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि मुकाबला काफी कड़ा था। ली हमेशा एक कड़ा प्रतिद्वंद्वी रहा है। आज मेरे लिए यह बहुत ही थकाने वाला मुकाबला था। उन्होंने कहा, 'मैं बिल्कुल भी ऐसी स्थिति में नहीं हूं जहां मैं कह सकूं कि मैं 80 प्रतिशत ठीक हूं। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा कुछ करने के लिए मैं खुद को काफी श्रेय दूंगा। मुझे लगता है कि लड़ने की इच्छा हमेशा से थी और इसका फायदा मिला।

प्रणय का पदक नई दिल्ली 1982 खेलों में सैयद मोदी के कांस्य के बाद एशियाई खेलों की पुरुष एकल स्पर्धा में भारत का पहला पदक है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणय चीन के खिलाफ टीम चैंपियनशिप फाइनल में पीठ की चोट के कारण नहीं खेले थे। इस मुकाबले में 2-3 की हार के साथ भारत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

प्रणय ने कहा, 'इसका मुझ पर असर हो रहा था। लेकिन खेल ऐसा ही

है। आप रोजाना अपना शत प्रतिशत नहीं दे सकते। लेकिन आपको 60 या 70 प्रतिशत देने की स्थिति में भी मैच जीतना सीखना होगा। मुझे लगता है कि आज ऐसा दिन था जब मुझे ऐसा करना पड़ा।% थकान से जूझते हुए प्रणय ने निर्णायक गेम में दो मैच प्वाइंट बचाए और लगातार चार अंक के साथ गेम और मैच जीत लिया।

इससे पहले दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू क्वार्टर फाइनल में चीन की ही बिंगजियाओ के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त के साथ एशियाई खेलों से बाहर हो गईं। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी बिंगजियाओ के खिलाफ 47 मिनट में 16-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने मैच के दौरान गजब की जुझारू क्षमता दिखाई। पहले गेम में 5-11 से पिछड़ने के बावजूद प्रणय ने वापसी करते हुए पहला गेम जीता।

प्रणय को दूसरे गेम में दो मैच प्वाइंट मिले लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और मलेशिया के खिलाड़ी ने गेम जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींच दिया। तीसरे गेम में प्रणय शुरुआत में 2-4 से पिछड़ गए। भारतीय खिलाड़ी ने मलेशिया के खिलाड़ी को रैली में उलझाने की कोशिश की लेकिन उनकी फिनिशिंग अच्छी नहीं रही जिसका ली ने फायदा उठाया। ली ने 7-4 की बढ़त बनाई।

ली ने इसके बाद कुछ गलतियां की जिसका फायदा उठाकर प्रणय ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई। प्रणय ने लंबी रैली के बाद शानदार नेट शॉट से बढ़त 13-10 की जिसे उन्होंने 15-13 तक पहुंचाया। ली ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 किया। कमर के दर्द से जूझ रहे प्रणय ने इसके बाद मेडिकल टाइम आउट लिया। ली ने इसके बाद दमदार स्मैश से दो मैच प्वाइंट हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी ने दो क्रॉस शॉट के साथ स्कोर 20-20 किया। उन्होंने इसके बाद एक मैच प्वाइंट हासिल किया और सटीक स्मैश के साथ गेम और मैच जीत लिया।

भारतीय महिला हॉकी टीम चीन से हारी, स्वर्ण जीतने का सपना टूटा

हांगझोउ (एजेंसी)। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने का भारतीय महिला हॉकी टीम का सपना तीन बार की चैम्पियन चीन के हाथों सेमीफाइनल में 0.4 से मिली हार के साथ टूट गया।

पिछली बार की रजत पदक विजेता भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है और एशियाई खेलों में सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम थी। दुनिया की 12वें नंबर की टीम और पिछली बार की कांस्य पदक विजेता चीन ने हालांकि उसे खुलकर खेलने ही नहीं दिया। चीन के लिए जियाकी झोंग (25वां मिनट), मेरोंग झोउ (40वां), मेयु लियांग (55वां) और बिंगफेंग गु (60वां) ने गोल दागे। मेजबान चीन ने शुरू ही से आक्रामक खेलना शुरू किया और भारतीय गोल पर बार बार हमले बोले। इसके परिणामस्वरूप उसने छठे मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन भारतीय कप्तान सविता पूनिया ने गोल नहीं होने दिया। भारतीय टीम ने भी कुछ हमले बोले लेकिन नतीजे नहीं मिले। चीन को 11वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर गोल नहीं हुआ। दूसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में चीन को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन बिंगफेंग की फ्लिक को सविता ने बचा लिया। भारतीय टीम चीन के सामने कहीं नहीं टिक सकी। मिडफील्ड और फॉरवर्ड पंक्ति में कहीं तालमेल नजर नहीं आया और गोल करने के मौके नहीं बन सके। चीन ने 25वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और झोंग ने इस बार टीम को बढ़त दिला दी। भारतीय टीम रक्षात्मक हॉकी खेलती रही जिसका नुकसान यह हुआ कि चीन ने दूसरे हाफ में दस मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर बनाये और जोउ ने गोल करके मेजबान की बढत दुगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम जागी और चीनी डिफेंस को तोड़ने की कोशिश की।

भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और पहले पर दीप ग्रेस इक्का ने गोल भी कर दिया लेकिन ऊंचा शॉट होने के कारण उसे अमान्य करार दिया गया ।

संक्षिप्त समाचार

मेरठ में प्रेमी-प्रेमिका ने होटल में फंदा लगाकर जीवन लीला खत्म की

मेरठ, एजेंसी। यूपी के मेरठ जिले के कंकरखेडा थाना इलाके में बुधवार शाम को 20 वर्षीय एक युवक और उसकी 19 वर्षीय प्रेमिका ने जेपी होटल एक कमरे में छत से लटके पाए गए। मृतकों की पहचान आमिर (20) और साजिदा (19) के रूप में हुई। दोनों उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि युवक दूध बेचने का काम करता था और दोनों पड़ोसी थे। बताया जा रहा है कि आमिर और साजिदा एक-दूसरे से प्रेम करते थे और शादी करना चाहते थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि उन्होंने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। युवती अपनी प्रेमी के साथ मंगलवार को लापता हो गई थी। परिजनों ने इस संबंध में बुधवार को मुजफ्फरनगर जिले के थाना रतनपुरी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश शुरू की तो इनकी मोबाइल की आखिरी लोकेशन मेरठ के जेपी होटल में मिली। आखिरकार देर शाम पुलिस कंकरखेड़ा थाना अंतर्गत स्थित जेपी होटल में पहुंची। यहां का एंट्री रजिस्टर चेक किया तो आमिर और साजिदा के नाम दर्ज पाए गए। पुलिस कमरे में पहुंची तो वो लॉक मिला। दरवाजा तोड़कर खुलवाया गया तो अंदर दोनों की लाश बरामद हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। फोरेंसिक टीम ने भी कमरे की छानबीन की है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

क्रिकेटर शिखर धवन को आयशा मुखर्जी से तलाक मिला, कोर्ट ने मानसिक क्रूरता का आरोप बरकरार रखा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को क्रिकेटर शिखर धवन को मानसिक क्रूरता के आधार पर उनकी पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक दे दिया।पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायाधीश हरीश कुमार ने तलाक याचिका में धवन द्वारा किए गए सभी दावों को स्वीकार कर लिया, क्योंकि उनकी पत्नी ने आरोपों का विरोध नहीं किया या अपना बचाव नहीं किया।अदालत ने धवन को हुई मानसिक पीड़ा को स्वीकार किया, जो लंबे समय तक अपने इकलौते बेटे से अलग रहने के लिए मजबूर थे।बच्चे की स्थायी हिरासत पर कोई आदेश जारी नहीं करते हुए, अदालत ने धवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों में अपने बेटे के साथ समय बिताने का अधिकार दिया और उनके बीच वीडियो कॉल की अनुमति दी।इसके अलावा, अदालत ने मुखर्जी को शैक्षणिक कैलेंडर के भीतर स्कूल की छुट्टियों की कम से कम आधी अवधि के दौरान बच्चे की भारत यात्रा की सुविधा प्रदान करने का आदेश दिया, जिसमें धवन और उसके परिवार के साथ रात भर रहना भी शामिल है।एक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में धवन के कद को पहचानते हुए, अदालत ने उनसे अपने बेटे के साथ मुलाक़ात या हिरासत के मामलों, विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया में अपने समकक्ष से जुड़े मामलों को हल करने में सहायता के लिए केंद्र सरकार से संपर्क करने का आग्रह किया।इससे पहले, अदालतों ने माना था कि अकेले मां के पास बच्चे पर विशेष अधिकार नहीं होता। दोनों ने तलाक और बच्चे की कस्टडी को लेकर भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों में कानूनी कार्यवाही शुरू की थी।कोर्ट ने बच्चे को भारत लाने पर आपत्ति जताने पर आयशा मुखर्जी को फटकार भी लगाई थी.

राजस्थान में 5 करोड़ 26 लाख से अधिक वोटर, 22 लाख युवा पहली बार वोट देंगे, हार-जीत करेंगे तय

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में मतदाता सूचियों के इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 6 लाख 96 हजार 424 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि अन्तिम प्रकाशन की तिथि तक राज्य में कुल 5 करोड़ 26 लाख 80 हजार 545 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 2 करोड़ 73 लाख 58 हजार 627 पुरूष एवं 2 करोड़ 51 लाख 79 हजार 422 महिला मतदाता सम्मिलित हैं। निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को राज्य के सभी 200 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान निर्धारित अवधि में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रारूप-6 में कुल 10 लाख 92 हजार 358 आवेदन पत्र एवं प्रारूप-7 में विलोपन के लिए 3 लाख 95 हजार 934 आवेदन पत्र स्वीकार हुए। इस क्रम में राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6 लाख 96 हजार 424 मतदाताओं की वृद्धि हुई है जो कि 1.27 प्रतिशत है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में 80 वर्ष से अधिक आयु के कुल 11.78 लाख मतदाता, 100 वर्ष से अधिक आयु के कुल 17241 मतदाता पंजीकृत हैं। इसी प्रकार से कुल 5.61 लाख विशेष योग्यजन मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में पंजीकृत इन मतदाताओं को निर्वाचन के समय होम वोटिंग के रूप में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा का विकल्प प्रदान किया गया है। 32 हजार 247 नवविवाहित महिलाओं उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, ट्रांसजेंडरों, पीवीटीजी (विषेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों) आदि वर्गों के पंजीकरण को बढ़ाने के लिये विषेष शिविरों का आयोजन कर इन्हें मतदाता सूची में जोड़ा गया। इस क्रम में 20 सितम्बर 2023 को विषेष रूप से नवविवाहित महिलाओं के पंजीकरण हेतु सभी जिलों में विषेष षिविर आयोजित किये गये, जिसके अन्तर्गत कुल 32 हजार 247 नवविवाहित महिलाओं का पंजीकरण किया गया। अंतिम प्रकाशन की तिथि को राज्य में कुल 606 ट्रांसजेंडर है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में 27 अगस्त, 2023 एवं 10 सितम्बर, 2023 को सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर विशेष शिविर आयोजित कर दावे एवं आपत्तियों के आवेदन पत्र प्राप्त किए गए। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिक ध्यान ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की ओर दिया गया। इसके लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया तथा मतदाता साक्षरता क्लबों आदि के माध्यम से आम नागरिकों को जानकारी दी गई। मुख्य निवार्चन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूचियों में मृत/स्थानान्तरित मतदाताओं के नाम विलोपित कर मतदाता सूचियों का शुद्धीकरण किया गया।

सूर्य के अध्ययन पर निकला आदित्य एल-1 पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से निकला बाहर

आदित्य एल-1 का यह क्रूज फेज जनवरी 2024 के पहले हफ़्ते तक यान के एल-1 कक्षा में पहुंचने पर पूरा होगा



बेंगलुरु, एजेंसी। सूर्य के अध्ययन पर निकला भारत का पहला अंतरिक्ष आधारित मिशन आदित्य एल-1, पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित एल-1 बिंदु की परिक्रमा करेगा। यान ने अबतक पृथ्वी से 9.2 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर ली है। यान अब पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर निकल गया है।

यानि यान ने एल-1 बिंदु में पहुंचने के लिए आधे से अधिक दूरी तय कर ली है। यह जानकारी हल्द्वानी निवासी इसरो के आदित्य एल-1 साइंस वर्किंग ग्रुप के सदस्य डॉ. भुवन जोशी ने 'हिन्दुस्तान' से साझा की है। उन्होंने बताया कि 2 सितम्बर को सफल लांच के बाद आदित्य एल-1 इस वक्त पृथ्वी की कक्षा को छोड़कर एल-1 बिंदु की ओर तेजी से बढ़ रहा है। जिसने अबतक केन्द्र में पहुंचने के लिए आधे से अधिक दूरी तय कर ली है। आदित्य एल-1 का यह क्रूज फेज जनवरी 2024 के पहले हफ़्ते तक यान के एल-1 कक्षा में पहुंचने पर पूरा होगा। इस बीच आदित्य-एल 1 में लगे आस्पेक्स पेलोड की एक यूनिट स्टेप्स को सफलतापूर्वक चालू कर लिया गया है। जिसने पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर और उसके बाहर अंतरिक्ष में स्थित ऊर्जावान कणों के बारे में जानकारियां जुटाई हैं। डॉ. जोशी ने बताया कि आदित्य एल-1 के 7 पेलोड यानि अंतरिक्ष उपकरणों में से एक आस्पेक्स है। जिसे अहमदाबाद स्थित फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल) ने स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (सैक) के साथ मिलकर विकसित किया है। पीआरएल के प्रोफेसर दिब्येंदु चक्रवर्ती इस पेलोड के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर हैं। आस्पेक्स सौर वायु और अंतरिक्ष के मौसम में होने वाले बदलावों की पल-पल, यथा-स्थान पड़ताल करेगा। आस्पेक्स पेलोड में दो सबसिस्टम स्टेप्स और स्विस लगे हैं जो सौर वायु में मौजूद उच्च और कम ऊर्जा के पार्टिकल्स की जांच करेंगे। स्टेप्स यूनिट को 10 सितम्बर को चालू किया गया जब हमारा आदित्य एल-1 यान पृथ्वी से लगभग 50 हज़ार किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर था। आस्पेक्स की स्टेप्स यूनिट एल-1 बिंदु तक सफर के पूरे क्रूज फेज के दौरान हमें अंतरिक्ष मौसम से जुड़ी अहम जानकारियां प्रदान करेंगी।

पीआरएल की उदयपुर स्थित सोलर ऑब्जर्वेटरी के प्रोफेसर व उपप्रमुख डॉ. भुवन जोशी ने बताया कि आदित्य एल-1 में लगे उपकरण सूर्य व सूर्य के अंतरिक्ष पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करेंगे। यह मिशन खतरनाक सौर विस्फोटों, सौर कोरोना के 10 लाख डिग्री सेल्सियस ताप और उसके अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले प्रभावों की व्यापक पड़ताल करेगा।

एल-1 कक्षा में पहुंचने के बाद यान में लगे 4 रिमोट-सेंसिंग यानि सुदूर-संवेदी पेलोड जहां सूर्य में होने वाले महाशक्तिशाली विस्फोटों के मल्टी-वेवलेंथ चित्र और स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराएंगे।

शिंदे अगले विधानसभा चुनाव तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे- देवेंद्र फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता अजित पवार फिलहाल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह दावा किया है। हाल ही में एक टीवी कार्यक्रम में उन्होंने साफ कर दिया है कि एकनाथ शिंदे के हाथों में ही महाराष्ट्र की कमान रहेगी। बैठक के दौरान अजित के गायब रहने और फडणवीस-शिंदे की दिल्ली यात्रा ने राज्य में फिर सियासी चर्चाएं तेज कर दी थीं।

फडणवीस का कहना है कि शिंदे अगले विधानसभा चुनाव तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी नेता का कहना है कि जब भी अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा, तो पूरे 5 सालों के लिए बनाया जाएगा। उनका कहना है कि शिंदे की अगुवाई में ही आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा।

फडणवीस का कहना है कि भाजपा में फैसला प्रधानमंत्री की तरफ से लिए जाते हैं। ऐसे ममें संसदीय बोर्ड ही भूमिका तय करेगा। उन्होंने बताया कि अगर पार्टी दिल्ली जाने, मुंबई में रहने या नागपुर जाने के लिए कहेगी तो भी वह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में भाजपा की बड़ी जीत का दावा किया है। अजित पवार ने 2 जुलाई को भाजपा-शिवसेना सरकार का हिस्सा बनकर उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मंगलवार रात को ही शिंदे और फडणवीस ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। पीटीआई भाषा के अनुसार, गठबंधन सरकार में कथित असहजता के बीच हुई है, जिसमें उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी शामिल हैं। अजित पवार अपने चाचा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार की इच्छा के विरुद्ध शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हुए थे।

राइस मिलर्स साल 2014 से 2021 के बीच 200 करोड़ का चावल हजम कर चुके, अब 38 करोड़ का और डकारा : सैलजा

चंडीगढ़, एजेंसी।
पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की नाक के तले अफसर व राइस मिलर्स हर साल करोड़ों रुपए के चावल घोटाले को अंजाम दे रहे हैं। साल 2014 में भाजपा की सरकार बनने से साल 2021 तक 200 करोड़ का चावल घोटाला सामने आ चुका है, अब इस साल 38 करोड़ रुपए का चावल और डकार लिया गया है। सिर्फ कागजी खानापूर्ति कंप्लीट करने के लिए पुलिस में शिकायत देने की बात कही जा रही है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले करनाल के मिलर्स ने धान खरीद का एक साल बीतने के बाद भी 38 करोड़ रुपए से अधिक का चावल अभी तक वापस सरकार को जमा नहीं करवाया है। नियमों को ताक पर रखते हुए अफसर भी बार-बार इसे जमा कराने का समय बढ़ाने का खेल खेलते रहे। मिलर्स का प्रयास था कि वे धान की तैयार हो रही फसल को खरीद कर ही सरकार को चावल दें। क्योंकि, सरकार से लिए धान से निकाला गया चावल वे पहले ही महंगे दामों पर ओपन मार्केट में बेच चुके हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से साल 2021 के बीच 200 करोड़ रुपये का चावल मिलर्स जमा कराने में विफल रहे। यह चावल भी अफसरों व मिलर्स की मिलीभगत और सरकार में बैठे लोगों के आशीर्वाद के चलते घोटाले की भेंट चढ़ गया। सरकार ने सिर्फ एफआईआर दर्ज करने की खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं किया। अब फिर इसी पैटर्न पर 38 करोड़ से अधिक के घोटाले को अंजाम दे दिया गया है।

उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों विभिन्न योजनाओं के तहत आंगनबाड़ी, स्कूल आदि में बांटे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल के 111 सैंपल फेल हो गए थे।

संजय गांधी अस्पताल के निलंबन पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

लखनऊ, एजेंसी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अमेठी के संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस निलंबन पर बुधवार को रोक लगा दी। इससे अस्पताल के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने कहा कि अस्पताल के खिलाफ जांच जारी रहेगी। पीठ ने राज्य सरकार को अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को भी कहा। यह आदेश अस्पताल प्रबंधन की ओर से मुख्य संचालन अधिकारी अवधेश शर्मा द्वारा दायर याचिका पर दिया। इसमें लाइसेंस निलंबन को चुनौती दी गई थी। वकील जयदीप नारायण माथुर ने बताया कि एक महिला की मौत के मामले में अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। ऐसे में 40 साल से चल रहे अस्पताल का संचालन रुक गया, जिससे दूरदराज इलाके के लोगों को इलाज की समस्या हो रही थी।

चुनाव से पहले 10 करोड़ परिवारों पर नजर, चुपचाप बड़ा लाभार्थी वर्ग तैयार कर रही मोदी सरकार

नईदिल्ली, एजेंसी।
केंद्र की भाजपा सरकार 2024 के चुनाव से पहले चुपचाप एक बड़ा लाभार्थी वर्ग तैयार करने में जुटी है। एक तरफ मोदी सरकार ने उज्ज्वला स्कीम के तहत एलपीजी सिलेंडर लेने वाले लोगों के लिए 300 रुपये की अतिरिक्त छूट का ऐलान कर दिया है तो वहीं 1 करोड़ स्ट्रीट वेंडर्स को लोन भी बांट रही है। मोदी सरकार की ओर से 3 अक्टूबर को शेयर किए गए डेटा के मुताबिक अब तक पीएम स्वनिधि स्कीम के तहत 50 स्ट्रीट वेंडर्स को लोन बांटे जा चुके हैं। इसके तहत सरकार अधिकतम 50 हजार रुपये तक का लोन बिना किसी गारंटर के दे रही है।

माना जा रहा है कि इस योजना से सरकार जाति और धर्म से परे एक बड़े तबके को लुभाने की तैयारी में है। इस स्कीम को मोदी सरकार ने कोरोना काल में शुरू किया था और इसके तहत 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता लोन के तौर पर दी गई थी। अब इसी स्कीम में लोन की रकम को 50 हजार रुपये तक करने का फैसला हुआ है। एक तरफ पीएम स्वनिधि स्कीम के 1 करोड़ लाभार्थी तैयार करने का टारगेट और दूसरी तरफ उज्ज्वला स्कीम के 9.60 करोड़ लोगों को 300 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलना एक बड़ा कदम है।

दो ही स्कीमों से 10 करोड़ परिवारों पर है नजर: दरअसल इन्हीं दो स्कीमों के जरिए भाजपा कमजोर तबके में जमीन तैयार करने की कोशिश में है। इन दो स्कीमों से लगभग 10 करोड़ परिवारों को टारगेट करने की कोशिश है। 10 करोड़ परिवार का मतलब हुआ कि सरकार लगभग 50 करोड़ लोगों तक पहुंच बना रही है। वहीं पीएम किसान सम्मान निधि योजना के जरिए वह पहले से ही किसानों को लुभाने की कोशिश में है। यही नहीं चर्चा है कि उस स्कीम के तहत भी किसानों को मिलने वाली रकम को बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल इस योजना के तहत साल में 3 बार 2,000 रुपये की रकम किसानों को मिलती है।

जेलेंस्की पर बरसे रामास्वामी, यूक्रेन में चुनाव कराने के लिए अमेरिका से फंड मांगने पर लगाई लताड़

वॉशिंगटन, एजेंसी।
रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर यूक्रेन में आम चुनाव कराने के लिए अमेरिका से ज्यादा फंड मांगने पर निशाना साधा है। एक मीडिया इंटरव्यू में विवेक रामास्वामी ने अपने उस बयान का भी बचाव किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर वह अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वह यूक्रेन को दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर देंगे।

यूक्रेनी राष्ट्रपति की आलोचना की: भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने कहा कि तुष्टीकरण से मुझे दिक्कत है। मैं इस बारे में साफ रहना चाहता हूं कि हमें अमेरिकी लोगों से सच बोलना चाहिए। अगर पुतिन एक दुष्ट तानाशाह है, जो कि वो है, इसका मतलब ये नहीं है कि यूक्रेन अच्छा है। यूक्रेन वो देश है, जहां 11 विपक्षी पार्टियों पर प्रतिबंध लगाया गया। साथ ही सारे मीडिया को एक सरकारी मीडिया के साथ मिला दिया गया। वहां के राष्ट्रपति ने बीते एक हफ्ते पहले ही एक नाजी की तारीफ की और अमेरिका को धमकी दी है कि अगर अमेरिका ने उन्हें और फंड नहीं दिया तो वह यूक्रेन में आम चुनाव नहीं करा सकेंगे।

विवेक रामास्वामी ने अपने चुनाव अभियान में विश्वास जताते हुए कहा कि वह अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। रामास्वामी ने कहा कि छह महीने पहले देश के अधिकतर लोग मेरे बारे में नहीं जानते थे लेकिन अब मैं कई मामलों में तीसरे-चौथे नंबर पर हूं। मुझे लगता है कि हम अपने अभियान में आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन यह मेरे या ट्रंप के बारे में नहीं है बल्कि यह अमेरिका के बारे में है। रामास्वामी ने कहा कि मैं देश के युवा लोगों तक पहुंचना चाहता हूं ताकि हम 16 साल तक के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की नीतियां बना सकें। हमें ऐसी चर्चा करनी पड़ेगी, जिससे हम चीन से आर्थिक आजादी हासिल कर सकें। रामास्वामी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि जब व्हाइट हाउस में एक सीईओ की तैनाती की जाए। रामास्वामी ने जो बाइडन सरकार की आर्थिक नीतियों की भी आलोचना की।

जो बाइडेन का खूंखार कमांडर व्हाइट हाउस से हटाया गया, सीक्रेट एजेंटों का कर रहा था शिकार

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के खूंखार कुत्ते कमांडर को व्हाइट हाउस से हटा दिया गया है। एक प्रवक्ता ने कहा, यह कार्रवाई उसके कई कई सीक्रेट एजेंटों को काटने के बाद की गई है। बाइडेन ने दो साल के जर्मन शेफर्ड को एक अज्ञात स्थान पर भेज दिया है। यह घोषणा सीएनएन और एक्सियोस की रिपोर्ट के बाद आई कि कमांडर, जो 2021 में व्हाइट हाउस पहुंचा था। सीक्रेट सर्विस ने स्वीकार किया है कि उसके 11 एजेंटों को कमांडर ने अपना शिकार बनाया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं ज्यादा है। सीएनएन ने कहा कि वास्तविक संख्या अधिक थी और कुत्ते ने सिर्फ सीक्रेट एजेंट ही नहीं व्हाइट हाउस के अन्य कर्मचारियों को भी काटा है।

पाकिस्तान ने अफगानी लोगों पर लगाया आत्मघाती बम विस्फोट में शामिल होने का आरोप, काबुल ने दावे को किया खारिज

काबुल एजेंसी। पाकिस्तान में इस साल में अब तक 24 आत्मघाती बम विस्फोट हुए हैं। जिसे लेकर पाकिस्तान का कहना है कि इन 24 हमलों में से 14 हमलों में अफगान शरणार्थी शामिल रहे हैं। पाकिस्तान के इस आरोप के बाद तालिबान ने पाकिस्तानी अधिकारियों के इस दावे को खारिज कर दिया है। बता दें कि पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि देश में हाल ही में हुए आत्मघाती बम विस्फोटों में अफगान शरणार्थी शामिल थे। इसकी जानकारी टोलो न्यूज की एक रिपोर्ट के माध्यम से दी गई है। तालिबान प्रशासन के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि इन हमलों में अफगान शरणार्थी शामिल नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस्लामाबाद अफगान शरणार्थियों को परेशान करना चाहता है।

उन्होंने कहा, हम इस बात से इनकार करते हैं कि अगर शरणार्थी पाकिस्तान में बस गए होते तो उन्होंने उस देश में किसी भी हमले और घटना को अंजाम दिया होता।हालांकि, टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि इस साल देश में हुए 24 आत्मघाती बम विस्फोटों में से 14 में अफगान शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा कि तालिबान के नेता द्वारा जारी फतवा (इस्लामी कानून के एक बिंदु पर औपचारिक फैसला या व्याख्या) इस संबंध में प्रेक्टिकल होना चाहिए।

बुगती ने कहा, फरवरी से अब तक कुल 24 हमले हुए हैं। अफगान नागरिकों ने उनमें से 14 को अंजाम दिया है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा की गई ऐसी टिप्पणियों से तालिबान के साथ उनके संबंधों पर असर पड़ेगा। एक सैन्य अनुभवी यूसुफ अमीन जजई ने कहा, लोग सुरक्षा के मुद्दे को हल कर सकते हैं और वे अपनी सुरक्षा ले सकते हैं। [डूरंड रेखा] के दोनों ओर के लोग सुरक्षा ले सकते हैं। उन्हें अवसर दिया जाना चाहिए और क्षेत्रीय और विश्व देशों को उनका समर्थन करना चाहिए, मुझे लगता है कि आतंकवाद का मुद्दा खत्म हो जाएगा। एक अन्य राजनीतिक विश्लेषक सादिक अमीनज़ॉय ने कहा, जब आप 40 मिलियन लोगों के प्रति शत्रुता दर्शाते हैं, तो मुझे लगता है कि यह गैर-जिम्मेदाराना है और पड़ोसी और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के विपरीत है।

तुर्की सेना का इराक में पीकेके के खिलाफ तीसरा हवाई अभियान

अंकारा, एजेंसी। राजधानी अंकारा में आत्मघाती बम हमले के बाद तुर्की की सेना ने इराक में तीसरा सीमा पार हवाई अभियान चलाया। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फ़िदान ने बुधवार को एक सुरक्षा बैठक में चेतावनी दी कि सीरिया और इराक में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) और सीरियाई कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स (वाईपीजी) के बुनियादी ढांचे और ऊर्जा सुविधाएं अब तुर्की सेना के निशाने पर हैं। फ़िदान ने खुलासा किया कि अंकारा में रविवार को हुए आत्मघाती बम हमले के लिए ज़िम्मेदार दो हमलावर सीरिया से आए थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की के आंतरिक मंत्रालय ने दोनों हमलावरों की पहचान पीकेके सदस्यों के रूप में की है। तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहा है। रविवार को तुर्की के आंतरिक मंत्रालय की इमारत के सामने हुए हमले में दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। हमले के दौरान एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, जबकि दूसरे को पुलिस ने गोली मार दी. तुर्की रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तुर्की सशस्त्र बलों ने पीकेके के खिलाफ रविवार और मंगलवार को दो बड़े हवाई अभियान चलाए और उत्तरी इराक में गुफाओं, बंकरों, आश्रयों व गोदामों सहित 22 ठिकानों को नष्ट कर दिया।

पुरुष सिर्फ पुरुष होता है वाले ऋषि सुनक के बयान पर ब्रिटेन में छिड़ी बहस

लंदन, एजेंसी।
ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने ट्रांसजेंडर लोगों पर अपनी हालिया टिप्पणियों से सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कंजर्वेटिव पार्टी सम्मेलन में अपने समापन भाषण के दौरान उन्होंने लिंग बहस पर अपना रुख साझा किया और कहा, एक पुरुष एक पुरुष है और एक महिला एक महिला है। सुनक का यह बयान इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि अप्रैल महीने में सुनक ने कहा था कि 99.9 प्रतिशत महिलाओं के पास लिंग नहीं होता।

4 अक्टूबर को कंजर्वेटिव पार्टी सम्मेलन को संबोधित करते हुए यूके के पीएम ऋषि सुनक ने कहा, हमें इस बात पर विश्वास नहीं करना चाहिए कि लोग किसी भी लिंग के हो सकते हैं जो वे चाहते हैं - वे नहीं हो सकते।

एक पुरुष एक पुरुष है और एक महिला एक महिला है। यह सामान्य सी बात है।

सुनक ने कहा, हम इस देश को बदलने जा रहे हैं और इसका मतलब है, जीवन का मतलब जीवन है। यह कोई विवादास्पद स्थिति नहीं होनी चाहिए। अधिकांश लोग इससे सहमत हैं। माता-पिता के लिए यह जानना भी विवादास्पद नहीं होना चाहिए कि उनके बच्चे रिश्तों के बारे में स्कूल में क्या सीख रहे हैं?

ऋषि सुनक की यह टिप्पणी स्वास्थ्य सचिव स्टीव बार्कले द्वारा 3 अक्टूबर को इंग्लैंड में महिला अस्पताल वार्डों में ट्रांसजेंडर महिलाओं के इलाज पर प्रतिबंध लगाने की योजना के प्रस्ताव के बाद आई है। स्काई न्यूज के अनुसार, स्वास्थ्य सचिव ने कहा था कि महिलाओं के स्वास्थ्य से निपटने के दौरान लिंग-विशिष्ट भाषा का उपयोग किया जाएगा। इस प्रस्ताव पर टोरी सांसदों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी क्योंकि उन्हें डर है कि एलजीबीटीक्यू+ लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस: सुनक के इस बयान ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कुछ लोगों ने उनके विचारों का समर्थन किया, लेकिन कई लोग ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां करने से नाराज़ थे। कुछ लोगों ने यह कहकर उनका मज़ाक उड़ाया कि उनकी टिप्पणियाँ सामान्य ज्ञान से बहुत दूर हैं। एक यूजर ने कहा, न केवल सबसे छोटे बल्कि सबसे अधिक जोखिम वाले समुदायों में से एक पर लगातार हमले घृणित हैं।

एक अन्य ने टिप्पणी की, मैं सुनक द्वारा गणित के महत्व के बारे में बात करने से बहुत तंग आ गया हूं, फिर भी उनका जीव विज्ञान का ज्ञान इतना खराब है। एक ने कहा, सुनक समझ नहीं पा रहे हैं। टोरी पार्टी हर मिनट अधिक से अधिक कट्टरपंथी होती जा रही है, यह डरावना है।

99.9 फीसदी महिलाओं में लिंग नहीं-सुनक= ट्रांसजेंडर अधिकारों पर सुनक अपना रुख पहले भी स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने अप्रैल में कहा था कि 99.9 फीसदी महिलाओं के पास लिंग नहीं होते हैं। कंजर्वेटिवहोम के साथ एक साक्षात्कार में सुनक से एक बयान पर उनके विचारों के बारे में पूछा गया था जिसमें उन्होंने ऐसा दावा किया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129